RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 52
नई दिल्ली, शनिवार, 24 दिसंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



ऋषभ पंत शतक से चूके

स्पोर्ट्स-12

# सेना का ट्रक खाई में गिरा, 16 जवान शहीद

## उत्तरी सिक्किम के जेमा में हुआ हादसा, जान गंवाने वालों में तीन जेसीओ शामिल

- चार घायल सैनिकों को इलाज के लिए किया गया एयरलिफ्ट
- राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री रक्षा मंत्री, गृह मंत्री और राहुल गांधी समेत कई नेताओं ने शोक संवेदना व्यक्त की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**उत्तर** सिक्किम के जेमा में शुक्रवार को सेना का एक ट्रक तीव्र मोड़ पर मुड़ते समय खाई में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और इस हादसे में तीन जूनियर कमीशन्ड अधिकारी (जेसीओ) समेत 16 सैन्य कर्मी शहीद हो गए। सेना के अनुसार, चार घायल जवानों को हेलीकॉप्टर की मदद से निकाला गया है।

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह तथा कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शोक संवेदना जाहिर की है। सेना ने एक बयान में कहा, उत्तर सिक्किम के जेमा में 23 दिसंबर को सेना के ट्रक के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से भारतीय सेना के 16 बहादुर कर्मियों की जान चली गई। बयान में कहा गया है कि यह वाहन तीन वाहनों के काफिल में शामिल था और सुबह थांगू की ओर चला था। रास्ते में जेमा में एक मोड़ को मुड़ते समय तीखे ढलान पर फिसल गया। सेना ने कहा कि राहत और बचाव कार्य के लिए टीम को तुरंत वहां भेजा गया तथा चार घायल सैनिकों को इलाज के लिए एयरलिफ्ट करके ले जाया गया। बयान में कहा गया है कि दुर्भाग्य से तीन जूनियर कमीशंड ऑफिसर और 13 सैनिकों को हादसे में मौत हो गई।

दुख की इस घड़ी में सेना उनके परिवारों के साथ खड़ी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हादसे में हुई मौतों पर दुख प्रकट किया तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। राष्ट्रपति भवन ने मुर्मू के हवाले से ट्वीट किया, सिक्किम में सड़क दुर्घटना में भारतीय सेना के वीर जवानों की मौत के बारे में जानकर दुखी हूं। पीड़ित परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदना। उन्होंने कहा, मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सैन्यकर्मियों की मौत पर दुख प्रकट किया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से किए गए एक ट्वीट के मुताबिक मोदी ने कहा, सिक्किम में एक सड़क दुर्घटना के कारण हमारे बहादुर सैन्यकर्मियों की जान जाने से दुखी हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वह सैनिकों की मृत्यु से बहुत दुखी हैं। उन्होंने कहा, राष्ट्र उनकी सेवा और प्रतिबद्धता के लिए अत्यंत कृतज्ञ है।

शोक-संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं। घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी दुख जताते हुए कहा कि घायलों को इलाज के लिए हरसंभव सहायता मुहैया कराई गई है। शाह ने ट्वीट किया, सिक्किम में हुई सड़क दुर्घटना में हमारी सेना के बहादुर जवानों की मौत के बारे में जानकर दुख हुआ। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं। घायलों को हर संभव सहायता प्रदान की गई है। उनके जल्द से जल्द ठीक होने की कामना करता हूं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी दुख जताते हुए कहा कि सिक्किम में दुखद सड़क हादसे की खबर सुनकर सदमे में हूं। पीड़ितों के परिवार के प्रति मैं हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं। घायलों के जल्द ठीक होने की कामना करता हूं।

# चीन में एक दिन में रिकॉर्ड 3.7 करोड़ केस आए

- समाचार एजेंसी ब्लूमबर्ग का दावा, मध्य दिसंबर से जनवरी अंत तक चरम पर होगी कोरोना की लहर
- दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाले देश में बेकाबू हालात शहरों से गांवों की तरफ बढ़ रहा संक्रमण



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पड़ोसी** देश चीन में कोरोना का नया वैरिएं बीएफ-7 कहर बरपा रहा है। नए मरीजों के मामले में रोज बढ़ोतरी होती जा रही है। दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश चीन में इस सप्ताह 20 दिसंबर को एक दिन में कोरोना के सबसे अधिक 37 मिलियन (3.7 करोड़) केस आने का अनुमान है।

इसके विपरीत, विश्व की दूसरी सबसे अधिक आबादी वाले भारत में कोरोना के मामले लगातार घट रहे हैं। यहां पिछले 24 घंटों में 163 नए केस दर्ज किए गए और सक्रिय मामले घटकर अब केवल 3,380 रह गए हैं। समाचार एजेंसी ब्लूमबर्ग ने कहा है कि चीनी सरकार के शीर्ष स्वास्थ्य प्राधिकरण के अनुमान से पता चला है कि यह दुनिया में कोरोना का यह चीन पर अब तक का सबसे बड़ा प्रहार है। संभवत: इस वर्ष दिसंबर के पहले 20 दिनों में बीएफ-7 वायरस से चीन की 248 मिलियन या 18 प्रतिशत आबादी संक्रमित हो सकती है। बीएफ-7 ओमिक्रॉन वैरिएंट बीए-5 का एक सब-वैरिएंट है और यह अब तक का सबसे अधिक खतरनाक वैरिएंट बताया जा रहा है।

यह बहुत तेजी से फैलता है। इसमें पुन: संक्रमण, यहां तक कि टीका लगाए गए लोगों को भी संक्रमित करने की उच्च क्षमता होती है। समाचार एजेंसी ने बुधवार को आयोजित चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग (एनएचसी) की आंतरिक बैठक से मिली जानकारी का हवाला देते हुए अपने दावे की पुष्टि की। एजेंसी ने कहा कि यदि बैठक में चर्चा किए गए मुद्दे सही हैं तो चीन में यह नया रिकॉर्ड होगा। इससे पहले इसी साल बीते जनवरी में 40 लाख लोग एक दिन में संक्रमित हुए थे। बीजिंग द्वारा कोविड शून्य प्रतिबंधों को तेजी से खत्म करने के कारण प्राकृतिक प्रतिरक्षा के निम्न स्तर वाली आबादी में अत्यधिक संक्रामक ओमिक्रॉन वैरिएंट फैला है।

एजेंसी ने अनुमान जताया है किचीन के दक्षिण-पश्चिम में सिचुआन प्रांत और राजधानी बीजिंग की आधी से अधिक आबादी कोविड की चपेट में आ चुकी है। चीनी स्वास्थ्य नियामक ने यह अनुमान कैसे लगाया, यह स्पष्ट नहीं है, क्योंकि देश में इस महीने की शुरुआत में पीसीआर टेस्ट केंद्रों को बंद कर दिया गया ( शेष पेज 8 )

# भारत बायोटेक के इंट्रानेजल कोविड टीके को मिली मंजूरी

- बूस्टर डोज के रूप में किया जा सकता इस्तेमाल, टीकाकरण पंजीकरण मंच को-विन पर भी हो सकता है जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** बायोटेक के इंट्रानेजल कोविड टीके को 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए बूस्टर खुराक के रूप में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंजूरी दे दी है और इसे टीकाकरण पंजीकरण मंच को-विन पर भी जारी किया जा सकता है। अधिकारियों के अनुसार, इस टीके में किसी तरह की सूई का इस्तेमाल नहीं होगा और इसे नाक से दिया जाएगा। यह निजी अस्पतालों में उपलब्ध होगा और इसे शुक्रवार की शाम को टीकाकरण पंजीकरण मंच को-विन पर भी जारी किया जा सकता है।

इसे एहतियाती खुराक के रूप में उन वयस्कों को दिया जा सकता है जो कोविशील्ड या कोवैक्सीन की दो खुराक लगवा चुके हैं। चीन और कुछ अन्य देशों में कोरोना वायरस के संक्रमण के बढ़ते मामलों के बीच इस टीके को मंजूरी मिली है। इस बीबीवी154 टीके का 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए बूस्टर खुराक के तौर पर इस्तेमाल करने के वास्ते भारत के औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) ने नंवबर में मंजूरी दे दी थी। इस संबंध में एक आधिकारिक सूत्र ने कहा, इन्कोवैक (आईएनसीओवीएसीसी) नामक टीके को शुक्रवार शाम को को-विन मंच पर जारी किया जा सकता है।

अभी के लिए यह निजी अस्पतालों में उपलब्ध होगा। टीकाकरण पर राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समूह के अध्यक्ष डॉक्टर एनके अरोड़ा ने कहा, इंट्रानेजल टीका भारत के अनुसंधान एवं विकास कौशल का टीका विकास के क्षेत्र में एक और उदाहरण है। इसे लगाना और श्वसन वाहिका में इससे प्रतिरक्षा अवरोध निर्माण करना आसान है, जिसके माध्यम से वायरस शरीर में प्रवेश करते हैं। उन्होंने कहा, एहतियाती खुराक के विकल्पों में से एक के रूप में इंट्रानेजल वैक्सीन को अब मंजूरी दे दी गई है और इसकी अनुशंसा की जाती है। हैदराबाद स्थित टीका निर्माता कंपनी ने एक बयान में कहा था कि इन्कोवैक एडेनोवायरस वेक्टरेड टीका है जिसके तीन चरण में परीक्षण किए गए, जिसके सफल परिणाम रहे। टीके को वाशिंगटन विश्वविद्यालय, सेंट लुइस के साथ साझेदारी में विकसित किया गया है।

जैव प्रौद्योगिकी विभाग के कोविड सुरक्षा कार्यक्रम के माध्यम से उत्पाद विकास और नैदानिक परीक्षणों को भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को संक्रमण को लेकर लापरवाही बरतने के प्रति आगाह करते हुए कहा था कि महामारी अभी खत्म नहीं हुई है। उन्होंने लोगों से भीड़भाड़ वाले स्थानों पर मास्क लगाने का आग्रह किया, ( शेष पेज 8 )

# आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व सीईओ-एमडी चंदा कोचर गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सीबीआई** ने आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर को 2012 में वीडियोकॉन समूह को बैंक द्वारा स्वीकृत ऋण में कथित धोखाधड़ी और अनियमितताओं के सिलसिले में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने चंदा कोचर, उनके पति और वीडियोकॉन समूह के वेणुगोपाल धूत के साथ-साथ नूपावर रिन्यूएबल्स, सुप्रीम एनर्जी, वीडियोकॉन इंटरनेशनल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज लिमिटेड को आपराधिक साजिश और भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम से संबंधित आईपीसी की धाराओं के तहत दर्ज प्राथमिकी में आरोपी के रूप में दर्ज किया था। उन्होंने बताया, ऐसा आरोप है कि वीडियोकॉन के प्रवर्तक वेणुगोपाल धूत ने 2012 में आईसीआईसीआई बैंक से वीडियोकॉन ( शेष पेज 8 )

# सरकार 81.35 करोड़ लोगों को एक साल तक देगी मुफ्त राशन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत 81.35 करोड़ गरीबों को एक साल तक मुफ्त अनाज वितरित करने का शुक्रवार को फैसला किया। इस पर करीब दो लाख करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में गरीबों को मुफ्त अनाज बांटने का फैसला किया गया।

इसमें यह तय किया गया कि 81.35 करोड़ गरीबों को एक साल तक खाद्यान्न उपलब्ध कराने पर पड़ने वाले करीब दो लाख करोड़ रुपए के आर्थिक बोझ को केंद्र सरकार खुद उठाएगी। खाद्य मंत्री पीयूष गोयल ने मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए इस फैसले की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एनएफएसए के तहत गरीबों को मुफ्त में अनाज मुहैया कराया जाएगा। फिलहाल इस कानून के तहत लाभ पाने वाले लोगों को अनाज के लिए एक से तीन रुपए प्रति किलो का भुगतान करना पड़ता है। सरकार का यह फैसला उस समय आया है जब प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) की अवधि 31 दिसंबर को खत्म होने वाली है। कोविड-19 महामारी के दौरान गरीबों ( शेष पेज 8 )



## मंत्रिमंडल ने रक्षा कर्मियों के लिए वन रैंक वन पेंशन में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने रक्षा बलों के कर्मियों एवं परिवार पेंशनधारकों के लिए वन रैंक, वन पेंशन (ओआरओपी) के प्रावधानों में संशोधन के प्रस्ताव को शुक्रवार को मंजूरी दे दी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने यह जानकारी दी।

ठाकुर ने संवाददाताओं को बताया कि इसका लाभ परिवार पेंशनधारकों के साथ युद्ध में शहीद होने वाले जवानों की विधवाओं एवं दिव्यांग ( शेष पेज 8 )

# पत्रकार सिद्दीक कप्पन को जमानत मिली

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने केरल के पत्रकार सिद्दीक कप्पन को धन शोधन के एक मामले में शुक्रवार को जमानत दे दी। कप्पन की जमानत याचिका पर यह आदेश न्यायमूर्ति दिनेश कुमार सिंह ने पारित किया। कप्पन वर्तमान में लखनऊ की जिला जेल में निरुद्ध हैं। कप्पन को तीन अन्य लोगों- अतिकुर रहमान, आलम और मसूद के साथ पीएफआई के साथ कथित तौर पर संबंध रखने और हिंसा भड़काने के षड़यंत्र का हिस्सा होने के लिए मथुरा में गिरफ्तार किया गया था। कप्पन के खिलाफ भारतीय दंड विधान की विभिन्न धाराओं के अलावा गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम और आईटी कानून के तहत मामला दर्ज किया गया था। उच्चतम न्यायालय ने एक अन्य मामले में नौ सितंबर को कप्पन को जमानत दे दी थी। उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार की दलीलें ध्यान में रखते हुए जमानत के लिए कई शर्तें लगाई थीं जैसे जेल से रिहा होने के बाद वह अगले छह सप्ताह दिल्ली में रहेगा और हर सप्ताह सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,845 | ↓ | 980 | |
| निफ्टी | 17,800 | ↓ | 320 | |
| सोना | 54,853 | ↓ | 372 | /10g |
| चांदी | 69,273 | ↑ | 15 | /kg |

## क्विक न्यूज

### आज राजधानी में प्रवेश करेगी भारत जोड़ो यात्रा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ा यात्रा शनिवार सुबह फरीदाबाद के रास्ते होकर राजधानी दिल्ली में प्रवेश करेगी। अभिनेता से नेता बने कमल हासन, कुछ स्वतंत्रता सेनानियो के परिवारों के सदस्य और कांग्रेस के शीर्ष नेता शनिवार को यात्रा में शामिल होंगे। कुछ खिलाड़ियों के साथ डीएमके सांसद कनिमोझी शुक्रवार को फरीदाबाद में यात्रा में राहुल गांधी के साथ चलीं। कन्याकुमारी से चली राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में अब तक आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन समेत विभिन्न क्षेत्रों की हस्तियां शामिल हो चुकी हैं। दिल्ली कांग्रेस के अध्यक्ष अनिल चौधरी ने बताया कि दिल्ली में यात्रा में 40,000 से 50,000 यात्री शामिल होने की संभावना है।

# नेपाल जेल से रिहाई के बाद शोभराज फ्रांस निर्वासित

- सुप्रीम कोर्ट ने दो दिन पहले चार्ल्स को मुक्त करने और वापस उसके गृह देश भेजने का आदेश दिया था

**एजेंसी।** काठमांडू



**भारतीय** और वियतनामी मूल के कुख्यात फ्रांसीसी सीरियल किलर चार्ल्स शोभराज को यहां की एक जेल से रिहा होने के कुछ घंटे बाद शुक्रवार को फ्रांस निर्वासित कर दिया गया।

उसने 1970 के दशक में एशिया भर में की गई कई हत्याओं के लिए अधिकांश सजा नेपाल की जेल में काटी। उच्चतम न्यायालय के आदेश के दो दिन बाद शोभराज (78) को काठमांडू की केंद्रीय जेल से शुक्रवार सुबह रिहा कर किया गया। उसे पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच आव्रजन विभाग ले जाया गया।

नेपाल के उच्चतम न्यायालय ने शोभराज को रिहा करने और वापस उसके गृह देश भेजने का दो दिन पहले आदेश दिया था। नेपाल के आव्रजन विभाग और फ्रांसीसी दूतावास ने मिलकर शोभराज के यात्रा दस्तावेज तैयार किए। शोभराज के वकीलों में शामिल सुदेश सुबेदी ने कहा कि उसकी मां और बेटी उसके पेरिस पहुंचने ( शेष पेज 8 )

# नीलामी में तीन खिलाड़ियों पर धन की बरसात

- आईपीएल मिनी ऑक्शन: करेन सबसे महंगे खिलाड़ी बने, पंजाब किंग्स ने 18.5 करोड़ रुपए की बोली लगाई

**भाषा।** कोच्चि



**इंग्लैंड** के हरफनमौला खिलाड़ी सैम करेन शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) नीलामी के इतिहास में सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए जिन्हें पंजाब किंग्स ने 18.5 करोड़ रुपए में खरीदा। इस नीलामी में शीर्ष पांच खिलाड़ियों के लिए फ्रेंचाइजी टीमों ने 73.75 करोड़ रुपए खर्च किए। मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, राजस्थान रॉयल्स, चेन्नई सुपर किंग्स, लखनऊ सुपर जायंट्स और पंजाब किंग्स के बीच करेन को टीम में जोड़ने के लिए लंबी बोली प्रक्रिया चली।

हाल ही में टी20 विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने वाले करेन को पंजाब किंग्स ने रिकॉर्ड रकम के साथ खरीदा। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के हरफनमौला क्रिस मौरिस 2021 में आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी बने थे जब राजस्थान रॉयल्स ने तब उनके लिए 16.25 करोड़ रुपए की बोली लगाई थी। ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला कैमरन ग्रीन को आईपीएल नीलामी में मुंबई इंडियंस ने 17.50 करोड़ रुपए में खरीदा। वह इस लीग के इतिहास में दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए। ग्रीन ने अपनी नीलामी के बाद स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम क्रिकेट लाइव-ऑक्शन स्पेशल में कहा, मैं अपने आप को चिकोटी काट रहा हूं कि यह सब हो गया। खुद को नीलामी में देखना कितना अजीब अहसास है। मैं इतना घबराया हुआ था कि मुझे विश्वास नहीं हो रहा था। अंतिम बोली की पुष्टि होने के बाद मेरे शरीर में सिरहन सी हो गई। उन्होंने कहा, मैं हमेशा से आईपीएल का बहुत बड़ा प्रशंसक रहा हूं और इसका हिस्सा बनकर बहुत अच्छा लग रहा है।

मुंबई इंडियंस प्रतियोगिता की बड़ी और सफल टीमों में से एक है इसलिए मैं उनके साथ जुड़कर बहुत विनम्र महसूस कर रहा हूं। मैं अगले साल वहां पहुंचने का इंतजार कर रहा हूं। इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान और दिग्गज हरफनमौला बेन स्टोक्स को चेन्नई सुपर किंग्स ने 16.25 करोड़ की रकम के साथ अपनी टीम से जोड़ा। स्टोक्स के लिए चेन्नई और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच लंबे समय तक बोली चली लेकिन अंतिम बाजी महेन्द्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली टीम के नाम रही। आईपीएल की इस छोटी नीलामी में इंग्लैंड के खिलाड़ियों की धमक रही। टीम के बल्लेबाज हैरी ब्रुक के लिए सनराइजर्स हैदराबाद ने 13.25 करोड़ रुपए की बोली लगाई। हाल ही में पाकिस्तान दौरे पर लगातार तीन शतक का रिकॉर्ड बनाने वाले ब्रुक का बेस प्राइस (आधार मूल्य) डेढ़ करोड़ रुपए था। भारत के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मयंक अग्रवाल को भी सनराइजर्स हैदराबाद ने 8.25 करोड़ रुपए में खरीदा। उनका बेस प्राइस एक करोड़ रुपए था। न्यूजीलैंड के दिग्गज केन विलियमसन को गुजरात टाइटन्स ने उनके बेस प्राइस दो करोड़ रुपए में खरीदा। राष्ट्रीय टीम से बाहर चल रहे अजिंक्य रहाणे को उनके बेस प्राइस 50 लाख रुपए में चेन्नई सुपर किंग्स ने खरीदा।

रहाणे के लिए सिर्फ चेन्नई की फ्रेंचाइजी ने ही बोली लगाई। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज रिले रूसो और बांग्लादेश के हरफनमौला शाकिब-अल-हसन के लिए किसी भी फ्रेंचाइजी ने बोली नहीं लगाई। वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर जेसन होल्डर को राजस्थान रॉयल्स ने 5.75 करोड़ रुपए में खरीदा। ऑस्ट्रेलिया के टी20 कप्तान आरोन फिंच करेन, स्टोक्स और ग्रीन को बड़ी रकम मिलने से हैरान नहीं हैं। फिंच ने स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम क्रिकेट लाइव-ऑक्शन स्पेशल में कहा, हां, बिल्कुल, मुझे लगता है कि चेन्नई का अनुभवी खिलाड़ियों को टीम में शामिल करने ( शेष पेज 8 )

# नोएडा और ग्रेटर नोएडा का बनेगा थ्री डी मॉडल

## सिंगापुर की सरकारी एजेंसी के साथ होगा समझौता, डीएनजीआईआर के लिए बनेगी थर्ड पार्टी सलाहकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



ग्रेटर नोएडा का थ्री डी मॉडल तैयार किया जाएगा। ये मॉडल जमीन के अंदर और बाहर इन्फ्रास्ट्रक्चर की जानकारी देगा। स्मार्ट सिटी बनाने के लिए इस मॉडल को तैयार कराया जाएगा। ये प्रदेश के अन्य शहरों के लिए भी होगा।

ये काम सिंगापुर की सरकारी एजेंसी करेगी। इसके लिए एजेंसी यूपी सरकार के साथ जल्द एक एमओयू साइन करेगी। वहीं न्यू नोएडा के मास्टर प्लान बनाने में ये एजेंसी थर्ड पार्टी सलाहकार के रूप में काम कर सकती है।

नोएडा को 19 हजार 600 हेक्टेयर जमीन पर 1976 में बसाया गया। मास्टर प्लान 2031 तक इसकी आबादी 16 लाख के आसपास आंकी गई थी। आबादी के साथ यहां इन्फ्रास्ट्रक्चर तेजी से डेवलप हो रहा है। नोएडा ही प्रदेश में सबसे ज्यादा राजस्व और निवेश का केंद्र है। ऐसे में यहां और ज्यादा इन्फ्रास्ट्रक्चर की आवश्यकता है। जिसके लिए ये जानना जरूरी है कि जमीन के नीचे कहा कहा पाइप लाइन है। जिनको शिफ्ट किया जाना है। बता दे नोएडा में कई ऐसे प्रोजेक्ट सिर्फ इसलिए लेट हो रहे है कि सर्वे में ये जानकारी नहीं मिल सकी कि जमीन के नीचे किस गहराई में पाइप लाइन है। इसी वजह से सेक्टर-96 का अंडरपास करीब तीन महीने बंद रहा। यहां जल सीवर की मेन लाइन थी। जिसे अब शिफ्ट किया गया। थ्री डी मॉडल आपको बता देगा कि जमीन के नीचे और कितनी गहराई में कौन कौन से पाइप लाइन या रॉक चट्टान है।

ये मॉडल एक खोखले पाइप की तरह होगा। जिसमें ऊपर की ओर इन्फ्रास्ट्रक्चर दिखाई देगा और नीचे एनिमटीस। इसे अलावा सड़क, पार्क, ग्रीन बेल्ट, इंडस्ट्री आदि में दिखेगा। अधिकारियों ने बताया कि थ्री डी मॉडल पूरे शहर का होगा। जिसकी सटीकता 95 प्रतिशत तक होगी।

वर्तमान में नोएडा ने पूरे शहर को जियो ग्राफिक्स इन्फॉर्मेशन सिस्टम से जोड़ रखा है। जिसके जरिए घर बैठे किसी भी प्लाट की जानकारी मिल जाती है। इसमें प्लाट का आवंटन कब हुआ आवंटन का नाम, अंतिम ऑनर, एरिया और आसपास की लोकेशन बताया गया कि इसकी सटीकता में थोड़ा बहुत फर्क हो सकता है लेकिन थ्री मॉडल में नहीं। सिंगापुर की जो एजेंसी नोएडा ग्रेटर नोएडा थ्री डी मॉडल बनाएगी उसी एजेंसी को डीएनजीआईआर या न्यू नोएडा के मॉडल के लिए हायर किया जाएगा। अभी न्यू नोएडा का मास्टर प्लान एसपी, बना रही है। जिसे एग्रीमेंट के बाद 10 महीने का समय दिया गया था। इस दौरान बार बार मास्टर प्लान में संशोधन कराया जा रहा है।

ऐसे में सिंगापुर की इस एजेंसी को थर्ड पार्टी के रूप में हायर किया जा सकता है। एक स्मार्ट सिटी आर्गनाइजड और प्लांड होती है। जिसमें स्थानीय प्राधिकरण की महत्वपूर्ण भागीदारी होती है।

ऐसे में सिंगापुर से वापस आए डेलिगेशन प्रदेश में अन्य जिलों को स्मार्ट बनाने के लिए इस एजेंसी के साथ एग्रीमेंट कर सकती है। इसका एक प्रस्ताव प्रदेश सरकार के समक्ष रखा जाएगा। साथ ही एक प्रेजेंटेशन भी दिया जाएगा।

# बैंक ने गिरवी रखे जेवरात बेचे, दो बैंक मैनेजरों पर एफआईआर दर्ज

● पुलिस पर शिकायत नहीं सुनने का आरोप, कोर्ट आदेश पर केस दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद के जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड आर्यनगर में धोखाधड़ी का केस सामने आया है। आरोप है कि बैंक ने लोन देकर गिरवीं रखे जेवरात बिना किसी सूचना के बेच दिए। पुलिस ने इस संबंध में बैंक के मुख्य प्रबंधक और शाखा प्रबंधक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

इस्लाम नगर कैला निवासी फिरोज के अनुसार, साल.2019 में उसको कुछ रुपयों की जरूरत थी। वो न्यू आर्यनगर स्थित जना स्मॉल फाइनेंस बैंक में पहुंचा। 13 नवंबर 2019 को करीब डेढ़ लाख रुपए के जेवरात गिरवीं रखकर उसने बैंक से 82900 रुपए का लोन प्राप्त किया। फिरोज ने बताया कि कोरोना में लॉकडाउन लगने से काम धंधे बंद हो गए। इस वजह से वो समय पर किश्त नहीं चुका पाया। फ रवरी.2022 में काम धंधा पुनरू शुरू होने पर जब वो किश्त जमा करने के लिए बैंक में पहुंचा तो जानकारी हुई कि उसके जेवरात बेच दिए गए हैं।

फिरोज ने नीलामी की सार्वजनिक सूचना कॉपी, नीलामी की तारीख, खरीदने वाले व्यक्ति का नाम-पता आदि सूचना बैंक से मांगी, लेकिन बैंक ने उसे कोई सूचना नहीं दी। सूचना बैंक के बंगलुरू स्थित हैडऑफिस से मांगी, लेकिन वहां से भी कोई जवाब नहीं मिला। 23 जुलाई 2022 को उन्होंने एप्लीकेशन दी। पुलिस ने भी एक नहीं सुनी। आखिरकार फिरोज कोर्ट में गए। अब कोर्ट के आदेश पर सिहानी गेट थाना पुलिस ने मुख्य प्रबंधक और शाखा प्रबंधक के विरुद्ध सेक्शन. 418, 420, 424, 120बी, 323, 504, 506 और दफा 34 में केस दर्ज कर लिया है।

# गत्ते के गोदाम में लगी आग, कमरे में सो रहे दो लोगों की दम घुटने से मौत

● घटना ग्रेटर नोएडा के बिसरख इलाके की, आग लगने के कारण का नहीं पता चल सका है

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



ग्रेटर नोएडा बिसरख थाना क्षेत्र में देर रात एक गत्ते के गोदाम में आग लग गई। दो लोग आग की चपेट में आ गए। दोनों व्यक्ति गोदाम पर काम करते थे और वहीं पर रहते थे। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस एवं दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दोनों पीडितों को उपचार के लिए करीब के अस्पताल में भर्ती कराया गया।

उपचार के दौरान चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आग लगने के कारणों का अभी तक कोई पता नहीं लग सका है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में रहने वाले वरूणदास का बिसरख कोतवाली क्षेत्र के मिलक लच्छी गांव में एक गत्ते का गोदाम स्थित हैं। बीते बृहस्पतिवार देर रात करीब 1:30 बजे गोदाम में आग लग गई। आग ने जल्द ही कबाड़ को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचकर दमकल की दो गाड़ियों ने काफी देर बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान दो लोग आग की चपेट में आ गए। यह लोग गोदाम में ही बने हुए कमरे में सो रहे थे। दोनों को आनन-फानन में नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान बाबूराम और अनिमेष के रूप में हुई। बिसरख कोतवाली प्रभारी अनिल ने बताया कि दोनों ही एक कमरे में सो रहे थे। किसी की भी जलने से मौत नहीं हुई है ऐसा प्रतीत हो रहा है कि दोनों की मौत दम घुटने की वजह से हुई है। अचानक आग लगने की वजह से वह कमरे से बाहर नहीं निकल पाए।

## सेलीब्रेशन-2 मैरिज होम लगी भीषण आग

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत अर्थला गांव के पास स्थित सेलीब्रेशन-2 नामक मैरिज होम में भयंकर आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही एसएचओ सचिन मलिक अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर रेस्क्यू करने में जुट गए। उसी समय फायर ब्रिगेड ने भी आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिये।

सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि फायर ब्रिगेड को 9 बजकर 33 मिनट पर सूचना मिली थी कि अर्थला झील के पास स्थित सेलीब्रेशन-2 नामक मैरिज होम में आग लग गई है। उन्होंने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही कमिश्नरेट में स्थित विभिन्न फायर स्टेशनों से आधा दर्जन से अधिक फायर टेंडर मंगाकर आग बुझाने की कवायद शुरू कर दी गई। श्री पाल ने बताया कि आग बुझाने में छह दमकलों को कई घंटे लगे। साढ़े ग्यारह बजे तक आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया।

# वैदपुरा में चला ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का बुलडोजर

● आठ हजार वर्ग मीटर जमीन को खाली कराया

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने शुक्रवार को वैदपुरा में अतिक्रमण पर बुल्डोजर चलाया। करीब आठ हजार वर्ग मीटर जमीन को खाली करा लिया। कालोनाइजर अवैध कालोनी विकसित कर जमीन कब्जाने की कोशिश कर रहे थे।

खाली कराई गई जमीन कीमत करीब 16 करोड़ रुपये आंकी गई है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने परियोजना विभाग व भूलेख विभाग को अधिसूचित एरिया में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल दो के प्रभारी चरण सिंह के नेतृत्व में प्रबंधक प्रताप सिंह व सहायक प्रबंधक राजेश निम की टीम ने शुक्रवार को वैदपुरा में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। वैदपुरा के खसरा नंबर 222 की आठ हजार वर्ग मीटर जमीन पर अवैध कब्जा किया जा रहा था। कालोनाइजर यहां अवैध कालोनी काट कर रहे थे।

अवैध निर्माण हटाने के लिए प्राधिकरण की तरफ से धारा.10 की नोटिस और कालोनाइजरों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी गई, लेकिन कालोनाइजरों पर कोई असर नहीं पड़ा। अवैध निर्माण को नहीं हटाया, जिसके चलते स्थानीय पुलिस व प्राधिकरण के सुरक्षा कर्मियों मदद से शुक्रवार को खसरा नंबर 222 की जमीन पर हो रहे अतिक्रमण को ढहा दिया गया। करीब आठ वर्ग मीटर जमीन की कीमत 16 करोड़ रुपये होने का आकलन है।

सुबह करीब 8:30 बजे शुरू हुई इस कारवाई में 5 जेसीबी व दो डंफर का इस्तेमाल किया गया। करीब दो घंटे तक कार्रवाई चली। सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने अधिसूचित अथवा अधिग्रहित एरिया में अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

# गौतम बुद्ध नगर में चोरी के 18 गाड़ियां जब्त

● गिरोह का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा की बिसरख थाना पुलिस ने अन्तर्राज्यीय दुपहिया वाहन चोरी गिरोह के चार सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह चोरी के मामलों में अर्धशतक लगा चुका है। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर 17 बाइक और एक स्कूटी बरामद की है।

आरोपियों की पहचान बॉबी निवासी गाजियाबाद, सागर उर्फ टीटू और शेखर निवासी मेरठ, हाल पता गाजियाबाद एवं शेखर निवासी लखप्रीत निवासी बरेली, हाल पता बसंत विहार जिला अलीगढ़ के रूप में हुई है। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है। पुलिस ने सभी आरोपियों क खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर जेल भेज दिया है। मामला बिसरख कोतवाली क्षेत्र का है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शहर में बाइक चोर गिरोह के सक्रिय होने की सूचना मिल रही थी।

पुलिस टीम ने इस गिरोह को दबोचने के लिए प्रयास शुरू किए। ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित कैप्सूल कट के पास पुलिस ने इस गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने विभिन्न स्थानों से एक स्कूटी सहित 18 बाइक बरामद की। पुलिस के अनुसार सागर इस गिरोह का सरगना है।

यह गिरोह दिल्ली एनसीआर में पिछले एक दशक से वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा था। अनुमानत यह गिरोह 60 से 65 वाहनों को चुरा चुके हैं। सागर, बॉबी और शेखर पार्किंगों में खड़े दुपहिया वाहनों को चोरी करते थे। चोरी के वाहनों को सुनासन इमारतों, पार्किंगों और प्लाट में छिपा देते थे। मामला शांत होने पर लखप्रीत इन चोरी के वाहनों को गाजियाबाद, मेरठ और अलीगढ़ में सस्ते दामों पर बेच देत था।

## लोनी पालिका विस्तार पर हाई कोर्ट की रोक

**गाजियाबाद।** उच्च न्यायालय ने फिलहाल लोनी नगर पालिका विस्तार पर रोक लगा दी है। हाल ही में सरकार ने लोनी नगर पालिका का विस्तार करते हुए 11 गांवों को इसमें शामिल किया था।

सरकार के इस फैसले के खिलाफग्राम प्रधान कोर्ट चले गए थे। याचिकाकर्ता व सिखरानी गांव के प्रधान रजनीश मावी ने बताया कि डेढ़ साल पहले ही वह चुनाव जीत कर प्रधान बने थे। प्रधान का कार्यकाल पांच साल का होता है, लेकिन सरकार हमारा कार्यालय बीच में ही समाप्त कर इन गांवों को नगर पालिका में समायोजित कर रही थी।

## ओमैक्स और आनंदम सोसाइटी में थैला बैंक खुला

**नोएडा।** सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल रोकने के लिए सेक्टरों व सोसाइटियों में थैला बैंक खोलने का अभियान जारी है।

ओमैक्स पॉम ग्रींस व एनटीपीसी आनंदम सोसाइटी में थैला बैंक की स्थापना की गई। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जन स्वास्थ्य विभाग और स्वच्छता की मुहिम में प्राधिकरण की सहयोगी संस्था ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ गवर्नमेंट की टीम के अलावा ओमैक्स पॉम ग्रीन्स के स्टेट मैनेजर निखिल कुमार व एनटीपीसी आनंदम सोसाइटी के स्टेट मैनेजर सुशील चौधरी मौजूद रहे।



नोएडा पुलिस, एचसीएल फाउंडेशन और एनजीओ चेतना द्वारा संयुक्त रूप से नन्हे परिन्दे कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षा पाए बच्चों को पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह प्रमाण-पत्र वितरण करती हुई।

# 'यमुना एक्सप्रेसवे: वाहनों की रफ्तार कम हुई पर हादसे नहीं'

● यीडा के सीईओ बोले- दुर्घटनाएं रोकने के लिए उठाए जा रहे हैं आवश्यक कदम

**पायनियर समचार सेवा।** नोएडा



नोएडा को आगरा से जोड़ने वाला 165 किलोमीटर लंबा यमुना एक्सप्रेसवे हादसों के कारण एक बार फिर सुर्खियों में है।

दिसम्बर महीने में यहां 15 दिसंबर से 15 फरवरी तक कोहरे की आशंका के चलते यमुना एक्सप्रेसवे पर प्राधिकरण के आदेशों के बाद भारी व हल्के वाहनों की रफ्तार कम की गई है। इसके बावजूद दो बड़े हादसे में लोगों ने अपनी जान गवाई है और घायल हुए है, जो अधिकारियो के लिए चिंता का कारण बना हुआ है। यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण यीडा के सीईओ का कहना है कि हादसों को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

यमुना एक्सप्रेस वे कोहरे के कारण पुलिसकर्मी वाहन चालकों आवश्यक हिदायत देते हुए बता रहे हैं कि वाहन चलाते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, जिससे कि उनका सफर सुरक्षित रहे। यीडा के सीईओ अरुणवीर सिंह कहते हैं कि हर साल कि तरह बढ़ते ठंड और कोहरे के प्रभाव को देखते हुए 15 दिसंबर से यमुना एक्सप्रेस वे पर हल्के और भारी वाहनों के लिए नई स्पीड लिमिट तय कर दी गई है, हल्के वाहन के लिए अधिकतम 80 किलोमीटर प्रति घंटा, वहीं भारी वाहन के लिए अधिकतम 60 किलोमीटर प्रति घंटा है। उसके बाद भी शुरुआती दौर में दो दुर्घटनाएं हो गई। सीईओ अरुणवीर सिंह ने बताया कि रात के समय वाहन चालक नींद में किसी दुर्घटना का शिकार न हो इसके लिए रात 12 से सुबह पांच बजे तक टोल पर कर्मचारियों की टीम चालकों को चाय पिलाने के साथ ही ठंडे पानी से मुंह धूलवाने के लिए रोकती है। टोल प्लाजा पर स्पीड कम करने के लिए माइक से उद्घोषणा करने के अलावा साइन बोर्ड लगाए गए हैं। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए 165 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेस वे के दोनों तरफ हाई बीम लगाए गए हैं, उससे 50 फीसदी दुर्घटनाओं में कमी आई है लेकिन रोड के साइड में जो बीम लगे हैं उनको तोड़ कर दो घटनाएं हुई हैं मतलब कि उसने भी सुधार की आवश्यकता है।

सीईओ अरुणवीर सिंह ने बताया कि अभी साइड बैरियर्स की हाइट डेढ़ मीटर है, इसको बढ़ाकर ढाई से तीन मीटर करने की जरूरत है। इस संबंध में मार्च में एक बैठक करने जा रहे हैं जिसमें विशेषज्ञों से बातचीत की जाएगी कि यदि साइड बैरियर बढ़ा दे तो रोड सेफ्टी समस्या तो नहीं आएगी। उनकी अनुमति लेकर हम दोनों साइड में भी हम क्रैश बैरियर लगाएंगे, जिससे कि साइड से होने वाले दुर्घटनाओं को रोक सके।


**PUBLIC NOTICE**

**INTERNATIONAL QUALITY AND ACCREDITATION SERVICES LLP LLPIN: AAZ-6347**

**Registered Office:** House No. MPL No. XVII/ 3057, Khasra No. 307/20, 2nd Floor, Gali No. 5 A, Ranjit Nagar, Central Delhi, Delhi-110008 **Email :** himanijain1976@gmail.com **Phone No:** 9820016745

**Advertisement giving notice about registration under Part I of Chapter XXI of the Act [Pursuant to section 374(b) of the Companies Act, 2013 and rule 4(1) of the Companies (Authorised to Register) Rules, 2014]**

Notice is hereby given that in pursuance of sub-section (2) of section 366 of the Companies Act, 2013, an application is proposed to be made after fifteen days hereof but before the expiry of Thirty days hereinafter to the Registrar of Companies at New Delhi that Limited Liability Partnership **INTERNATIONAL QUALITY AND ACCREDITATION SERVICES LLP (LLPIN: AAZ-6347) having its registered office at** House No. MPL No. XVII/3057, Khasra No. 307/20, 2nd Floor, Gali No. 5 A, Ranjit Nagar, Central Delhi, Delhi -110008 may be registered under Part I of Chapter XXI of the Companies Act 2013, as a company limited by shares.

1. The Principal objects of the company are as follows:- To carry on the business of accreditation of calibration, testing and medical laboratories and undertake and set up all kinds of projects related to national and international quality accreditations and for this purpose do all such activities as may be necessary such as training, coaching, recruitment, staffing, project execution and management etc.
2. A copy of the draft memorandum and articles of association of the proposed company may be inspected at the office at House No. MPL No. XVII/3057, Khasra No. 307/20, 2nd Floor, Gali No. 5 A, Ranjit Nagar, Central Delhi, Delhi -110008.
3. Notice is hereby given that any person objecting to this application may communicate their objection in writing to the Registrar at Central Registration Centre (CRC), Indian Institute of Corporate Affairs (IICA), Plot No. 6,7, 8, Sector 5, IMT Manesar, District Gurgaon (Haryana), Pin Code-122050, within twenty one days from the date of publication of this notice, with a copy to the company at its registered office.

Dated this 23rd day of December, 2022
**By the Order of Partners**
**INTERNATIONAL QUALITY AND ACCREDITATION SERVICES LLP LLPIN: AAZ-6347**
**Ratan Singh Rana**
**Designated Partner**
**DPIN: 07290842**

**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने का कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ओम प्रकाश/ मीरा देवी/ LBGUR00004807039 | शॉप नंबर-119, पहली मंज़िल, आईएलडी ट्रेड सेंटर, गाँव टिकरी, सेक्टर-47, सोहना रोड, गुड़गाँव, हरियाणा/ दिसंबर 21, 2022 | जनवरी 18,2022 रु. 22,59,871/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | राजेश पांडे/ सुशीला पांडे/ LBDEL00001466900 | फ्लैट नंबर- जे ए सी ओ 4/12, (नोवा) दूसरी मंज़िल, शिप्रा सन सिटी वैभव खंड इंदिरापुरम, गाजियाबाद- 201010/ दिसंबर 20, 2022 | अगस्त 30, 2022 रु. 4,79,724/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।
**दिनांक : दिसंबर 23, 2022**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर**
**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General public that **by Mrs. Aruna** are the owner of Residential Property Plot No. 92, area measuring 43 sq. Yds., Khasra no. 194, Khewat No. 11, Situated at Village Gondli Colony, Shankar Nagar Extension, Gali no. 5, Shahdara, New Delhi-110051, vide registered sale deed dated 29.10.2021 **(Document No 9647)**. All persons are hereby informed that **Mr. Vimlesh Kumar S/o Mr. Awadhesh Kumar is purchasing entire property of the above-mentioned 43sq. Yds. property from MRS ARUNA.**
General public hereby informed that if anybody has any charge/interest/title in the said property or any kind of dispute kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address **within 07 days** of the present.

Place : Delhi
Date : 24.12.22
Sd/- Advocate Amarendra Kr. Dubey, (Enr. No. D-200/2013) 501A, 5th Floor, Usha Kiran Bldg, Comm. Complex, Azadpur, Delhi-33 M. 9599801188.

**प्रपत्र क**
**सार्वजनिक घोषणा**
[भारतीय दिवाला और ऋण शोध अक्षमता बोर्ड (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 6 के अधीन]
**फोर्टिस हेल्थकेयर होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड के लेनदारों के ध्यानार्थ**

| | संबंधित विवरण | |
|---|---|---|
| 1. | कार्पोरेट देनदार का नाम | फोर्टिस हेल्थकेयर होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 2. | कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि | 27-12-2001 |
| 3. | प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है | आरओसी - दिल्ली |
| 4. | कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या | U65993DL2001PTC152641 |
| 5. | कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता | जी-16, मरीना आर्केड, कनॉट सर्कस, नई दिल्ली-110001 |
| 6. | कार्पोरेट देनदार के संबंध में ऋण शोध अक्षमता आरंभन तिथि | 16-12-2022 (प्रमाणित सत्य प्रति 22-12-2022 को प्राप्त हुई) |
| 7. | ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया के समापन की पूर्वानुमानित तिथि | 14-06-2023 |
| 8. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल के रूप में कार्यरत ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल का नाम और रजिस्ट्रेशन नम्बर | श्री आशीष सिंह IBBI/IPA-002/IP-N00416/2017-2018/11230 |
| 9. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल का पता और ई-मेल, जैसाकि बोर्ड में पंजीबद्ध है। | फ्लैट नंबर 901, टावर ए-3, क्लिओ काउंटी, सेक्टर-121 नोएडा-201301 ashishsinghcs@gmail.com |
| 10. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल का, पत्राचार हेतु प्रयुक्त, पता और ई-मेल | यूनिट नंबर 153ए, 5वां तल, टावर-ए, ए-41, दि कोरेन्थम सेक्टर-62, नोएडा-201301 ई-मेल : fortishealthcareholdings.cirp@gmail.com |
| 11. | दावा प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि | 07-01-2023 |
| 12 | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल द्वारा धारा 21 की उप-धारा (6क) के क्लॉज (ख) के तहत अभिनिश्चित लेनदारों की श्रेणियां, यदि कोई | लागू नहीं |
| 13. | किसी श्रेणी में लेनदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने हेतु चिह्नित ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल के नाम (प्रत्येक श्रेणी के लिए तीन नाम) | लागू नहीं |
| 14. | (क) संबंधित प्रपत्र और (ख) अधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण पर उपलब्ध है : | क) www.ibbi.gov.in ख) लागू नहीं |

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि राष्ट्रीय कम्पनी विधि न्यायाधिकरण, नई दिल्ली पीठ ने दिनांक 16-12-2022 को फोर्टिस हेल्थकेयर होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड के विरुद्ध कार्पोरेट ऋण शोध अक्षमता प्रक्रिया आरंभ करने का आदेश दिया है।
फोर्टिस हेल्थकेयर होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड के लेनदारों से एतद्द्वारा अपने दावों का प्रमाण 07-01-2023 को अथवा पूर्व अंतरिम समाधान प्रोफेशनल के समक्ष ऊपर आइटम 10 के समक्ष वर्णित पते पर प्रस्तुत करने की मांग की जाती है।
वित्तीय लेनदारों को अपने दावे उनके प्रमाण सहित केवल इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा प्रस्तुत करने होंगें। अन्य सभी लेनदार अपने दावे उनके प्रमाण सहित दस्ती (व्यक्तिगत रूप से), डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं।
दावे के फर्जी अथवा भ्रामक प्रमाण की प्रस्तुति दंडनीय होगी।
तिथि : 24-12-2022
स्थान : नोएडा
आशीष सिंह
अंतरिम समाधान प्रोफेशनल
रजिस्ट्रेशन नंबर : IBBI/IPA-002/IP-N00416/2017-2018/11230

**परिशिष्ट IV-A**
**नियम 8(6) का नियम देखे**
**अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

सिक्युरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) के नियमों को पढते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रशन ऑफ फायनांशियल एसेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई- निलामी बिक्री सूचना।

सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गॅरेन्टर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड [CIN: L65922DL2005PLC136029] (सुरक्षित लेनदार द्वारा )** द्वारा **रचनात्मक कब्जा** लिया जा चुका है, को **30.01.2023** को दोपहर 02.00 से 04.00 बजे तक **''जहां है'', ''जैसा है'', और ''जो कुछ भी है''**, की वसूली के लिए **ऋण खाता नं. HLAPNOI00161643** के लिए **रू. 87,29,524/- (रुपए सत्तासी लाख उनतीस हजार पाँच सौ चौबीस मात्र)** के लिए **12.12.2022** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंब शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य सम्बन्धित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागू भावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **13.12.2022** से प्रभावी जो **विशाल (प्रोपराइटर, अगस्त कंसल्टेंट्स) और दीन दयाल** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा।

अचल संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य **रू. 1,22,00,000/- (रुपए एक करोड़ बाईस लाख मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट **(ईएमडी) रू. 12,20,000/- (रुपए बारह लाख बीस हजार मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य के 10% के बराबर होगा।

**अचल संपत्ति का वर्णन**

**ग्राउंड फ्लोर डीडीए एमआईजी फ्लैट नंबर 195-बी, राजौरी गार्डन में स्थित, नई दिल्ली -110027, उक्त फ्लैट के नीचे आनुपातिक भूमि अधिकारों के साथ-साथ उसके सभी साज-सामान, सुविधाएं, उक्त संपत्ति में और उसके आसपास प्रवेश और निकास के अधिकार और सभी फिक्सचर और फिटिंग, जो दिल्ली के एनसीटी के पश्चिमी जिले में पड़ता है।**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तो के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानि www.indiabullshomeloans.com पर दिए गए लिंक को देखे और बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें।

सही/-
**दिनांक : 16.12.2022**
**स्थान : नई दिल्ली**
**प्राधिकृत अधिकारी**
**इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड**


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# आप से शैली महापौर, आले इकबाल उप महापौर पद के प्रत्याशी

## स्टैंडिंग कमेटी सदस्यों के लिए आमिल मलिक, रमिंदर कौर, मोहिनी जीनवाल और सारिका चौधरी के नाम





डॉ. शैली ओबरॉय



आले मोहम्मद



मोहिनी जीनवाल



रमिंदर कौर



सारिका चौधरी



आमिल मलिक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी ने महापौर के लिए शैली ऑबेराय को उम्मीदवार बनाया गया है। उपमहापौर पद के लिए आले मोहम्मद इकबाल के नाम पर मुहर लगी है।

स्टैंडिंग कमेटी सदस्यों के लिए आमिल मलिक, रमिंदर कौर, मोहिनी जीनवाल और सारिका चौधरी को प्रत्याशी बनाया है। शैली वार्ड नंबर 86 से और इकबाल ने चांदनी महल वार्ड नंबर 76 से चुनाव जीता था। शैली ने कहा कि वह सबसे पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का धन्यवाद करना चाहती हैं जिन्होंने उन पर भरोसा रखा और इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी। सब मिलकर आने वाले समय में दिल्ली को चमकाने के लिए काम करेंगे।

पिछले 15 साल से भाजपा ने दिल्ली को कूड़ा-कूड़ा कर दिया है। उसका सफाया करेंगे। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि छह जनवरी को दिल्ली नगर निगम के मेयर का चुनाव होने वाला है। मुख्यमंत्री आवास पर आज सुबह पीएसी की बैठक में मेयर, उप मेयर और स्टैंडिंग कमेटी के उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा हुई। जिसमें छह नामों पर मोहर लगी। जिनमें चार स्टैंडिंग कमेटी सदस्य, एक डिप्टी मेयर और एक मेयर का नाम है। चार स्टैंडिंग कमेटी सदस्यों के लिए करावाल नगर विधानसभा के वार्ड 246 से आमिल मलिक, हरि नगर विधानसभा के वार्ड 100 से रमिंदर कौर, सीमापुरी विधानसभा के वार्ड 218 से मोहिनी जीनवाल और जंगपुरा विधानसभा के वार्ड 142 से सारिका चौधरी का नाम तय किया गया है।

उपमहापौर के लिए पार्टी ने मटिया महल विधानसभा के वॉर्ड 76 से आले मोहम्मद इकबाल और मेयर पद की सीट महिला सुरक्षित की गई है तो मेयर पद के लिए पार्टी ने पटेल नगर विधानसभा के वॉर्ड 86 से शैली ओबरॉय के नाम को फाइल किया है।

मेयर बनने के बाद की प्राथमिकताएं बताते हुए शैली ने कहा कि पार्टी ने चुनाव के दौरान 10 गारंटी दी थीं उनको पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री की तरफ से जनता से किए गए वादों को पूरा किया जाएगा। दिल्ली की साफ-सफाई और कूड़े के पहाड़ हटाने को लेकर जल्द ब्लू प्रिंट तैयार कर काम किया जाएगा। हमारे पार्षदों ने शपथ होने से पहले ही वार्डों में काम करना शुरू कर दिया है। ज्ञात हो आप ने नगर निगम चुनाव में 134 सीटें जीती है। वहीं भाजपा को केवल 104 सीटों से संतोष करना पड़ा।

● मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने नगर निगम चुनाव के दौरान दिल्ली वालों को 10 गारंटी दी थीं, उनको पूरा किया जाएगा: शैली

### शैली ओबरॉय का परिचय

शैली ओबरॉय का जन्म दिल्ली में ही हुआ है। उन्होंने वार्ड 86 से चुनाव जीता है। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडी से इग्नू से पीएचडी किया है। वह कई यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर रह चुकी हैं। आम आदमी पार्टी की विचारधारा से प्रेरित होकर बतौर कार्यकर्ता वर्ष 2013 में जुड़ी थीं। आम आदमी पार्टी ने महिला विंग की 2 साल पहले दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष बनीं।

## भाजपा की मांग तुरंत बुलाएं विधानसभा शीतकालीन सत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

विधानसभा सत्र के मुद्दे पर भाजपा दिल्ली सरकार को घेरा है। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने विस का शीतकालीन सत्र तुरन्त बुलाने की मांग की है। साथ ही आरोप लगाया कि केजरीवाल सरकार जनता की समस्याओं पर चर्चा करने और जवाब देने से भागती रही है। इसीलिए अभी तक शीतकालीन सत्र नहीं बुलाया गया जबकि एक वर्ष में तीन बड़े सत्र-बजट सत्र, मानसून सत्र और शीतकालीन सत्र बुलाना अनिवार्य है।

रामवीर सिंह बिधूड़ी ने इस संबंध में विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल से अनुरोध किया है कि नियमानुसार विधानसभा का शीतकालीन सत्र बुलाने की प्रक्रिया शुरू करें। संसद तथा सभी राज्यों की विधानसभाओं के शीतकालीन सत्र समाप्त होने को हैं लेकिन दिल्ली विधानसभा के शीतकालीन सत्र का अता-पता ही नहीं है। केजरीवाल सरकार ने भी इस बारे में कोई प्रस्ताव अभी तक विधानसभा अध्यक्ष के पास नहीं भेजा। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार अपने राजनीतिक फायदे के लिए पिछले कई वर्षों से विधानसभा के एक-दो दिन के विशेष अधिवेशन बुलाती रही है जबकि यह संवैधानिक रूप से जरूरी है कि हर कैलेंडर वर्ष में बजट सत्र, मानसून सत्र और शीतकालीन सत्र बुलाए जाएं। सरकार सभी संवैधानिक और लोकतांत्रिक परंपराओं का उल्लंघन करती आ रही है। अगर सत्र बुलाया भी जाता है तो वह इतना छोटा होता है कि उसमें दिल्ली वालों की समस्याओं पर चर्चा ही नहीं हो पाती। सरकार प्रश्न काल तक खत्म कर देती है और विपक्ष की आवाज को दबा दिया जाता है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इस बार शीतकालीन सत्र कम से कम 15 दिन का बुलाया जाए और नियमानुसार उसे बुलाने के लिए 15 दिन की पूर्वसूचना भी दी जाए ताकि सदस्य पूरी तैयारी के साथ अपने प्रश्न भी विधानसभा अध्यक्ष को भेज सकें। कोरोना का खतरा फिर से मंडरा रहा है, जहरीली हवा में सांस लेने के लिए मजबूर है। दो महीने से गरीबों को राशन नहीं मिल रहा और मोहल्ला क्लीनिकों का पूरा ढांचा ही चरमरा गया है।

● सरकार संवैधानिक और लोकतांत्रिक परंपराओं का कर रही है उल्लंघन : बिधूड़ी

## उपराज्यपाल और सरकार में फिर बढ़ी तनातनी

### उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने मंत्रिमंडल की अनदेखी को लेकर लिखा पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और दिल्ली सरकार के बीच अधिकारों को लेकर फिर तनातनी बढ़ गई है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शुक्रवार को एलजी को पत्र लिखकर नाराजगी जताई है। उन्होंने छह पन्ने के पत्र में लिखा है कि उपराज्यपाल चुनी हुई सरकार, मंत्री और मंत्रिमंडल की सहमति के बगैर जो आदेश जारी कर रहे हैं। वह गलत है। चुनी हुई सरकार को संविधान प्रदत्त अधिकार मिले हुए हैं लेकिन सरकार के फैसलों से इतर निर्णय लेना सही नहीं है।

साथ ही उन पर दिल्ली सरकार के रोजमर्रा के कामकाज में दखल देने का आरोप भी लगाया है। मनीष सिसोदिया ने इसे उच्चतम न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कहा कि उपराज्यपाल मंत्रियों को दरकिनारे कर निर्देश जारी कर रहे हैं। निर्देशों का पालन नहीं करने पर अधिकारियों को निलंबित करने की चेतावनी दी गई। उनके द्वारा जारी आदेश व सभी जांच गैर-कानूनी और असंवैधानिक हैं।

पत्र में सिसोदिया ने लिखा है कि जमीन, पुलिस, पब्लिक ऑर्डर और सर्विसेज के अलावा अन्य किसी भी मामले में आदेश देने का उन्हें अधिकार नहीं है। यह सभी आदेश राजनीति से प्रेरित हैं। उन्होंने एलजी से अनुरोध किया है कि वह दिल्ली सरकार के कामों में गैर जरूरी हस्तक्षेप नहीं करें।

उपराज्यपाल सरकार के रोजमर्रा के कामों में हस्तक्षेप कर रहे हैं। पत्र में उनकी ओर से यह आरोप लगाया गया हैकि उपराज्यपाल दिल्ली सरकार के मंत्रियों को अनदेखा करके सीधे अधिकारियों को आदेश दे रहे हैं जो उच्चतम न्यायालय के आदेशों के खिलाफ है।

सिसोदिया ने आरोप लगाते हुए कहा है कि उपराज्यपाल गलत काम नहीं करने पर अधिकारियों को सस्पेंड करने की धमकी दे रहे हैं। गौरतलब है कि उपराज्यपाल और केजरीवाल सरकार के बीच प्रशासन और नीति संबंधी फैसलों को लेकर अक्सर टकराव होता रहा है।

## महरौली के पुरातत्व पार्क में नहीं की कोई तोड़फोड़: डीडीए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उच्च न्यायालय में दिल्ली विकास प्राधिकरण ने कहा कि दक्षिणी दिल्ली के महरौली स्थित पुरातत्व पार्क और उसके आसपास किसी भी मस्जिद या कब्रिस्तान में तोड़फोड़ की कार्रवाई नहीं कर रहा है। डीडीए ने न्यायालय को बताया कि वह सिर्फ आवासीय और वाणिज्यिक भूमि से अतिक्रमण से मुक्त कर रहा है।

मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ के समक्ष डीडीए की ओर से पेश वकील ने यह जानकारी शुक्रवार को दी। इसके बाद पीठ ने कहा कि डीडीए द्वारा मुहैया कराई गई जानकारी के मद्देनजर याचिकाकर्ता द्वारा मांगी गई अंतरिम राहत के पहलुओं पर किसी तरह का आदेश पारित करने की आवश्यकता नहीं है। दिल्ली वक्फ बोर्ड ने याचिका दाखिल कर महरौली स्थित पुरातत्व पार्क में मस्जिदों में तोड़फोड़ का आरोप लगाया है। मामले की अगली अगले साल 21 अप्रैल को होगी।

दिल्ली वक्फ बोर्ड का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ वकील संजय घोष ने अदालत से विध्वंस पर रोक लगाने का आग्रह किया क्योंकि उस क्षेत्र में बोर्ड की संपत्तियों को लेकर विवाद था जहां उनके सीमांकन की प्रक्रिया अभी तक पूरी नहीं हुई थी।

● एजेंसी ने हाई कोर्ट में कहा- केवल अतिक्रमण हटाया, कोई धार्मिक ढांचा नहीं तोड़ा

## आपात स्थिति के लिए अस्पताल तैयार

कोविड-19

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



कमला नगर में कोरोना से बेपरवाह हुई लोगों की भीड़।

राजधानी के अस्पतालों ने कुछ देशों में कोरोना वायरस के मामलों में वृद्धि पर चिंताओं के बीच अपने विभागाध्यक्षों को मास्क पहनने और सैनिटाइजर का इस्तेमाल करने सहित कोविड दिशा निर्देशों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया।

अस्पताल ने कहा कि उन्होंने किसी भी स्थिति के लिए खुद को तैयार रखा है। कोविड-19 की दो लहरें बुनियादी ढांचे में बदलाव को लेकर अस्पतालों के लिए सबक लेने वाली थी, इसीलिए अब चिकित्सा सुविधाओं की ओर से दावा किया जा रहा है कि बीएफ-7 स्वरूप के मामलों में इजाफा होने पर वे स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। राज्य द्वारा संचालित एलएनजेपी अस्पताल के चिकित्सा निदेशक सुरेश कुमार ने कहा कि अस्पताल में वर्तमान में 450 कोविड बिस्तर हैं, जिनमें 50 आईसीयू बिस्तर शामिल हैं। अस्पताल में जीनोम सीक्वेंसिंग लैब है। कोविड अभी खत्म नहीं हुआ है लेकिन साथ ही हम पूरी तरह से तैयार हैं। कोरोना महामारी के उपायों के तहत सरकार की ओर से नई गाइडलाइन भी जारी कर दी गई है। राज्य सरकार भी अलर्ट हो गई हैं लेकिन लोग बेपरवाह हैं। बाजारों, मॉल, मेट्रो, रेल-बस में बिना मास्क चल रहे लोग। साथ ही अन्य कोविड नियमों का पालन नहीं भी नहीं कर रहे हैं। इस सबके बीच लोग नए साल और क्रिसमस के जश्न की तैयारी कर रहे हैं।

इस मौके पर आमतौर पर घरों में, मॉल या फिर क्लब आदि में पार्टियां आयोजित की जाती हैं। वहीं कुछ लोग पर्यटन स्थलों का रुख करते हैं। परंतु कोरोना की स्थिति को देखते हुए सतर्कता बरतना जरूरी है।

## राजधानी में सीजन का सबसे सर्द दिन, पारा 20 डिग्री पर आया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● रात का तापमान भी अब तक सबसे कम 5.3 डिग्री दर्ज किया गया



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सर्दी अपना रंग दिखाने लगी है। शुक्रवार इस सीजन का सबसे सर्द दिन रहा और दिन का तापमान 20.1 डिग्री पर आ गया है जबकि रात का तापमान भी अब तक सबसे कम 5.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

इस दौरान दृश्यता घटकर 500 मीटर रह गई, जिससे सड़क और रेल यातायात प्रभावित हुआ। रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा कि 21 ट्रेन डेढ़ से साढ़े चार घंटे की देरी से चल रही हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी के प्रमुख मौसम केंद्र सफदरजंग वेधशाला में न्यूनतम तापमान 5.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के लिए सामान्य से तीन डिग्री कम है। यह दिल्ली में इस साल ठंड के मौसम अब तक का सबसे कम तापमान है।

## श्रद्धा हत्याकांड : पूनावाला की न्यायिक हिरासत 14 दिन और बढ़ी

**नई दिल्ली।** श्रद्धा हत्याकांड का मुख्य आरोपी आफताब पूनावाला की न्यायिक हिरासत दिल्ली की एक अदालत ने 14 दिन के लिए बढ़ा दी है। पूनावाला को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश किया गया। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट विजयश्री राठौड़ ने पूनावाला की न्यायिक हिरासत छह जनवरी तक बढ़ा दी। साथ ही पुलिस को उसकी आवाज का नमूना लेने की अनुमति प्रदान की। अदालत ने कहा कि आवाज के नमूने का परीक्षण सीबीआई मुख्यालय में किया जाएगा।

## बच्ची के अपहरण व बलात्कार मामले में पुलिस को नोटिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● महिला आयोग ने भलस्वा डेयरी इलाके में हुई वारदात के सिलसिले में पुलिस से मांगी कार्रवाई रिपोर्ट

भलस्वा डेयरी इलाके में गत दिनों पांच साल की एक बच्ची के कथित अपहरण और उसके साथ बलात्कार की घटना को लेकर दिल्ली महिला आयोग ने पुलिस को नोटिस जारी कर रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने प्राथमिकी और आरोपी की गिरफ्तारी के बारे में 26 दिसंबर तक ब्योरा देने को कहा है। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने शुक्रवार को ट्वीट कर कहा कि दिल्ली में पांच साल की बच्ची के साथ बलात्कार किया गया। उसे भलस्वा डेयरी में घर के सामने से उठाकर ले जाया गया और बाद में वह झील के पास पाई गई। अभी अस्पताल में उसकी सर्जरी हुई है। आयोग की टीम उसके साथ है। हमने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है ताकि अपराधी को तुरंत गिरफ्तार किया जाए।

## संक्षिप्त समाचार



दिल्ली के इंटर मीनिस्ट्रीयल पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में सुनीता आर्या ने 57 किलोग्राम वग में स्वर्ण पदक जीता

### एनडीएमसी चित्रकारी प्रतियोगिता आयोजित करेगी

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद अगले सप्ताह स्कूली छात्रों के लिए एक चित्रकारी प्रतियोगिता आयोजित करेगी। जिसका विषय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लिखित पुस्तक एग्जाम वॉरियर्स से सीख होगा। एनडीएमसी के सदस्य कुलजीत सिंह चहल ने बताया कि यह कार्यक्रम 26 दिसंबर को तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। एग्जाम वॉरियर्स 193 पृष्ठों की एक किताब है जो छात्रों को विभिन्न मंत्र प्रदान करती है और उन्हें परीक्षाओं के बारे में चिंता न करने के लिए प्रेरित करती है।

### दिल्ली से हटाए जाएंगे 1000 भिखारी

**नई दिल्ली।** जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले राजधानी भिखारी मुक्त हो जाएगी। इसके मद्देनजर यहां कश्मीरी गेट बस अड्डे के निकट हनुमान मंदिर इलाके में रह रहे एक हजार से अधिक भिखारियों को जनवरी में रैन बसेरों में स्थानांतरित किया जाएगा। दिल्ली सरकार ने 15 दिसंबर को दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड को क्षेत्र में रहने वाले भिखारियों को हटाने और स्थानांतरित करने के लिए कहा था। पुलिस उपायुक्त समेत सरकारी एजेंसियों के साथ समन्वय करने और इन लोगों को रैन बसेरों में स्थानांतरित करने के संबंध में एक कार्य योजना तैयार करने के लिए डीयूएसआईबी के मुख्य अभियंता के नेतृत्व में चार सदस्यीय समिति का गठन किया गया था।

एडलवेइस असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड
Edelweiss
Ideas create, values protect
सीआईएन – यू67100एमएच2007पीएलसी174759
पंजीकृत कार्यालय : एडलवेइस हाउस, ऑफ सी.एस.टी. रोड, कलीना, मुंबई – 400098
+91 22 4088 6090/6620 3149

परिशिष्ट – IV–ए [(देखें नियम 9(1) के परंतुक के साथ पठित नियम 8(6) का परंतुक]

अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के साथ पठित नियम 9(1) के परंतुक के अधीन अचल सम्पत्ति की ई–नीलामी बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना

एतदद्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदार एवं गारंटर को सूचना दी जाती है कि ईएआरसी ट्रस्ट एससी–30 के ट्रस्टी की हैसियत से कार्यरत एडलवेइस असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड ("ईएआरसी") के पास बंधक/प्रभारित रखी गई निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति ("प्रतिभूत आस्ति"), जिसका भौतिक कब्जा ईएआरसी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा 31 अक्टूबर, 2022 को लिया जा चुका है, ईएआरसी की **केएलजी सिस्टेल लिमिटेड (परिसमापन में) ("कर्जदार") और श्री कुमुद गोयल तथा सुश्री पुष्प लता गोयल ("गारंटरगण") की तरफ 26–09–2013 तक बकाया रू. 168,68,69,408.00/– (रू. एक सौ अड़सठ करोड़ अड़सठ लाख उनहत्तर हजार चार सौ आठ मात्र)** उस पर आगे संविदात्मक दरों पर ब्याज तथा अन्य खर्चों एवं लागतों सहित की वसूली के लिए "जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर ई–नीलामी एजेन्सी मैसर्स ई–प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (ऑक्शन टाइगर) के माध्यम से उनके वेबसाइट पोर्टल **https://edelweissarc.auctiontiger.net** पर **10 जनवरी, 2023 को दोपहर 12.00 बजे,** 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तारों के साथ, बेची जाएगी।

**प्रतिभूत आस्ति का वर्णन**, प्रतिभूत आस्तियों हेतु **सुरक्षित मूल्य और धरोहर राशि** जमा निम्नानुसार होंगे :

| प्रतिभूत आस्ति का वर्णन | सुरक्षित मूल्य | ईएमडी |
|---|---|---|
| सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति औद्योगिक भूखंड सं. 24, परिमाप 1000 वर्ग मीटर, सेक्टर–18, इलेक्ट्रॉनिक्स सिटी, गुरूग्राम, हरियाणा, उसके ऊपर सभी बिल्डिंग/स्ट्रक्चर्स सहित (कुल निर्मित स्ट्रक्चर – 15,750 वर्ग फीट) और चौहद्दी निम्नानुसार है : **उत्तर** : पहुंच मार्ग, **दक्षिण** : प्लॉट नंबर 22, **पूरब** : पहुंच मार्ग, **पश्चिम** : प्लॉट नंबर 23 | रू. 12,75,00,000/– | रू. 1,27,50,000/– |

अन्य महत्वपूर्ण विवरण

| | |
|---|---|
| साइट निरीक्षण | 25–12–2022 से 03–01–2023 तक, पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 04.00 बजे के बीच |
| दस्तावेज सत्यापन | 02–01–2023 से 06–01–2023 के बीच कार्यदिवसों को |
| बोली दस्तावेज क्रय | 04–01–2023 से 07–01–2023 के बीच कार्यदिवसों को |
| बोली दस्तावेज प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 09–01–2023 अप. 05.00 बजे तक |
| ई–नीलामी बिक्री का आरंभन | 10–01–2023 को दोपहर 12.00 बजे |
| बैंक विवरण | खाता सं. 0004103000054719, आईएफएससी नंबर IBKL0000004, आईडीबीआई बैंक, मित्तल कोर्ट, नरीमन प्वाइंट, मुम्बई |
| अधिकारी का सम्पर्क विवरण | 7506642534 Meghraj.deshmukh@edelweissarc.in |

नीलामी बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट में उपलब्ध कराया गया लिंक नामतः www.edelweissarc.in/Propertysale देखें।

तिथि : 24–12–2022
स्थान : मुंबई
हस्ता./–
प्राधिकृत अधिकारी
कॉन्टैक्ट नंबर : 7506642534

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General public that byMrs. Rakhi Solanki w/o Parvesh Solanki (40%) and Mrs. Jyoti Ahuja w/o Harsh Ahuja (60%) are the owner of Residential Property Plot No. 57 area measuring 200 sqyds part of Khasra No. 25/1/1 situated at Village Dabri Colony Known as Dabri Extension, Block-C, New Delhi110045 (Document No. Document No. 1804, Volume No. 11281) All persons are hereby informed that. Will (within Family) executed by Mrs. Dalip Kaur in favour of her son Mr. Manmohan Singh Gill in respect to Said Plot i.e Plot No. 57 area measuring 200 sqyds vide Document No. 330, Volume No. 44, pages 1 to 3 Book No. 3 dated 12/04/2018.

General public hereby informed that if anybody has any charge/interest/title in the said property or any kind of dispute kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address **within 07 days** of the present.

Place : Delhi
Date : 24.12.22

Sd/- Advocate Amarendra Kr. Dubey, (Enr. No. D-200/2013) 511, 5th Floor, Usha Kiran Bldg, Comm. Complex, Azadpur, Delhi-33 M. 9599801188

**सार्वजनिक सूचना**

सूचित किया जाता है कि फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल, फरीदाबाद, 1 जनवरी 2016 से 31 दिसंबर 2016, तक के मेडिकल रिकॉर्ड को जनवरी 2023 में नष्ट करने जा रहा है। इस संदर्भ में जिस भी इच्छुक व्यक्ति को संबंधित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त करने हों वह एक महीने के अंदर नीचे दिए गए मेडिकल रिकार्ड डिपार्टमेंट के पते से प्राप्त कर सकता है। आप हमसे pawan.sharma2@fortishealthcare.com ईमेल पर भी संपर्क कर सकते है।

Fortis Escorts
फोर्टिस एस्कॉर्ट्स अस्पताल
नीलम बाटा रोड़, फरीदाबाद,
हरियाणा –121001
कॉल करे 0129 7116000

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank
**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर– 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह–कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | टी धीर/ हेमा/ LBDEL00003111981 | फ्लैट संख्या–एल–1/222–बी, डीडीए फ्लैट, श्रेणी एलआईजी, पहली मंजिल, कालकाजी, दिल्ली/ दिसंबर 19, 2022 | जुलाई 02, 2022 रु. 43,89,403/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : दिसंबर 23, 2022**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर**
**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank
**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर– 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह–कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सरिता चतुर्वेदी/ शिवम चतुर्वेदी/ LBAGR00004191091 | फ्लैट नंबर जी 39, ग्राउंड फ्लोर, टावर–बी, खसरा नंबर 187, 200, 201 और 202 मिंजुमला, सिंघल ड्रीम सिटी, मौजा लरामदा, तहसील और जिला आगरा, उत्तर प्रदेश/ 19 दिसंबर, 2022 | जुलाई 30, 2022 रु. 9,74,032/- | आगरा/ नोएडा |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : दिसंबर 23, 2022**
**स्थान : नोएडा**
**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

# सड़कों को आमजन के लिए सुरक्षित बनाने के लिए करें प्रयास : डीसी

**सड़क सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक में उपायुक्त ने एजेंडावार बिंदुओं पर की समीक्षा**

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**रोड** इंजीनियरिंग से संबंधित विभागों से जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने कहा कि वे सड़क सुरक्षा को लेकर दिए जाने वाले निर्देशों की पालना को गंभीरता से लें। उन पर समयबद्ध तरीके से कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा एक महत्वपूर्ण विषय है, ऐसे में विभागीय अधिकारी तत्परता से काम करते हुए सड़कों को आमजन के लिए सुरक्षित बनाने के लिए प्रयास करें। वे शुक्रवार को यहां लघु सचिवालय के सभागार में सड़क सुरक्षा सलाहकार समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में एजेंडावार अलग-2 विभागों की सड़कों पर ब्लैक स्पॉट



सड़क सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक लेते उपायुक्त निशांत कुमार यादव।

अर्थात् सड़क दुर्घटना वाले स्थानों पर आवश्यक सुधार को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उन्होंने एनएचएआई, जीएमडीए, पीडब्ल्यूडी विभाग, नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में पड़ने वाले ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों में आवश्यक सुधार करने को लेकर समय सीमा निर्धारित की और उन्हें इसकी एक्शन टेकन रिपोर्ट जल्द से जल्द भेजने के निर्देश दिए। श्रीयादव ने बैठक में विभाग अनुसार ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों की समीक्षा की। नरसिंहपुर कट पर बनने वाले (फुट ओवर ब्रिज) एफओबी को लेकर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे जल्द ही उच्च अधिकारियों के साथ साइट विजिट करते हुए एफओबी तथा अन्य कार्य का एस्टीमेट बनवाना सुनिश्चित करें और अगली बैठक में इसकी एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) प्रस्तुत करें।

**साइट का विजिट करें अधिकारी** : उपायुक्त ने पटौदी रोड पर यात्रियों के लिए आवागमन सुगम बनाने को लेकर निर्देश देते हुए उन्हें पटौदी के एसडीएम, पीडी एनएचएआई, राहगिरी टीम को संयुक्त रूप से साइट विजिट करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि वे इसका प्रस्ताव बनाकर एक सप्ताह में उन्हें भिजवाना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार उपायुक्त ने सोहना-तावडू रोड पर सड़कों पर बने गहरे गड्ढे को जल्द से जल्द भरवाने के निर्देश पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को दिए।

# गुरुग्राम में देश का सबसे बड़ा वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट होगा स्थापित

**इकोग्रीन एनर्जी बनाएगी बंधवाड़ी में 10 एकड़ जमीन पर 25 मेगावाट क्षमता का प्लांट**

**कूड़े-कचरे से बिजली बनाने के प्लांट में लगने वाली मशीनरी जर्मनी से मंगवाई गई**

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**वेस्ट-टू**-एनर्जी (कूड़े-कचरे से बिजली) बनाने का गुरुग्राम में प्लांट लगने जा रहा है। गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड स्थित बंधवाड़ी में चाइना की कंपनी इकोग्रीन एनर्जी द्वारा 10 एकड़ जमीन पर 25 मेगावाट बिजली क्षमता वाला वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट स्थापित किया जाएगा। शुक्रवार को इसके निर्माण कार्य का शुभारंभ हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता ने किया।

इस मौके पर अपने संबोधन में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता ने कहा कि आज के समय में ठोस कचरा प्रबंधन एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है। कचरे का सही तरीके से निष्पादन करने के लिए गुरुग्राम में स्थापित किया जाने वाला देश का सबसे बड़ा वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट एक मील का पत्थर साबित होगा। इससे गुरुग्राम व फरीदाबाद दोनों शहरों से निकलने वाले कचरे को बेहतर निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कचरे से प्रतिदिन 25 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा तथा प्रतिदिन निकलने वाले कचरे का निस्तारण इस प्लांट में किया जाएगा। इससे एक ओर जहां प्रतिदिन



गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड पर बंधवाड़ी में वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट के निर्माण कार्य का शुभारंभ करते मंत्री डा. कमल गुप्ता।

उत्पादित होने वाले कचरे का सही ढंग से निस्तारण किया जाएगा, वहीं दूसरी ओर पहले से पड़े हुए कचरे का निस्तारण भी सही ढंग से किया जाएगा। यह प्लांट दो वर्ष में बनकर तैयार हो जाएगा। प्लांट में लगने वाली मशीनरी जर्मनी से मंगवाई गई है। यह प्लांट अत्याधुनिक तकनीक पर आधारित होगा। इसमें 750-750 टीपीडी क्षमता के दो बायलर, 25 मेगावाट क्षमता का एक टर्बो जनरेटर और नियंत्रण कक्ष होगा।

उल्लेखनीय है कि इकोग्रीन एनर्जी को अगस्त 2017 में गुरुग्राम और फरीदाबाद शहरों में ठोस कचरा प्रबंधन के लिए हरियाणा सरकार द्वारा बंधवाड़ी में वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट स्थापित करने के लिए नियुक्त किया गया था। औसतन दोनों शहरों में प्रतिदिन 2100 मीट्रिक टन ठोस कचरा उत्पन्न होता है, जो कि कंपनी द्वारा डोर-टू-डोर कलेक्शन के माध्यम से एकत्रित किया जाता है और बंधवाड़ी लैंडफिल साइट तक पहुंचाया जाता है।

यहां स्थापित किया जाने वाला वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट केन्द्रीय प्रदूषण व राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दिशा-निर्देशों और ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 के नियमों का पालन करेगा। निर्माण कार्य शुरू होने के 2 साल के भीतर वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट के चालू होने का अनुमान है। मंत्री ने बंधवाड़ी लैंडफिल साइट पर ट्रोमल के माध्यम से किए जा रहे लैगेसी वेस्ट ट्रीटमेंट का भी अवलोकन किया। उन्होंने बसई तथा सेक्टर-9 में हाऊसिंग फॉर ऑल परियोजना के तहत साईटों को देखा तथा गांव खेड़की-माजरा में वेस्ट साईट का भी अवलोकन किया।

इस मौके पर एचएसपीसीबी के अध्यक्ष पी. राघवेन्द्र राव, नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त मुकेश कुमार आहुजा, फरीदाबाद निगम के एडीशनल कमिशनर अभिषेक मीणा, एडीशनल म्यूनिसिपल कमिश्नर रोहताश बिश्नोई, संयुक्त आयुक्त डा. नरेश कुमार एवं विजय यादव, डीएमसी विजयपाल यादव, इकोग्रीन के एडीशनल सीईओ संजय शर्मा सहित नगर निगम गुरुग्राम के अधिकारीगण एवं इकोग्रीन एनर्जी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# हमारे खिलाड़ियों ने हर स्तर पर किया है नाम रोशन



गुरुग्राम के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में 18वीं नेशनल अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि डा. डीपी गोयल।

**गुरुग्राम।** रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डा. डीपी गोयल ने ताऊ देवीलाल स्टेडियम में 18वीं नेशनल अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का शुभारंभ किया। यह चैंपियनशिप जिला अध्यक्ष विवेक कुमार की देखरेख में हुई। इस अवसर पर अपने संबोधन में डा. डीपी गोयल ने कहा कि हमारे खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। हर स्तर पर हमारे खिलाड़ियों ने देश, प्रदेश का नाम रोशन किया है। खिलाड़ियों की बदौलत पूरी दुनिया में भारत का डंका बजा है।

हरियाणा की मिट्टी में ही सिल्वर से गोल्ड मेडल जीतने वाले खिलाड़ी पैदा होते हैं। उन्होंने कहा कि हर खेल में हमारे खिलाड़ी उम्दा प्रदर्शन करते हैं। डा. डीपी गोयल ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वे अपनी तरफ से श्रेष्ठ प्रदर्शन करें। खेलों में आगे बढ़ने के लिए बचपन से ही बच्चों को इस क्षेत्र में अभिभावक लेकर आएं। बच्चों की जिस भी खेल में रुचि हो, उसे उसी में लगाएं। अपनी पसंद वाले खेलों में बच्चे अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। किसी भी तरह से उन पर अपनी पसंद नहीं थोपें।

इस प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी पटना में 12 से 14 जनवरी में होने वाली नेशनल टीम में जाएंगे। प्रतियोगिता में 14 व 16 साल के लड़का एवं लड़की वर्ग के एथलीट खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें 16 आयु वर्ग में 80 मीटर, 600 मीटर, 1600 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। 14 साल आयु वर्ग में जैवलिन सहित 4 तरह के इवेंट किए गए। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया नि:शुल्क रखी गई। हरियाणा एथलेटिक संघ के सीनियर ज्वाइंट सचिव कुलदीप, समाज सेविका कल्याणी, संजय यादव, विनोद, अर्जुन, डिंपल, ललित, पीटीआई सुमन आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### राजेंद्रा पार्क से भीमगढ़ खेड़ी के बीच अंडरपास बनेगा: सिंगला



**गुरुग्राम।** शुक्रवार को गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने अपने सिविल लाइन स्थित कार्यालय पर लोगों की समस्याएं सुनी। पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार काफी संख्या में लोग समस्याएं लेकर पहुंचे। उन्होंने अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निपटारा कर दिया। कुछ का निश्चित समय में समाधान के अधिकारियों को आदेश देकर दूर करने को कहा। रेलवे स्टेशन पार की कालोनी राजेंद्रा पार्क क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक कालोनियां हैं। वहां का श्मशान घाट स्टेशन के इस तरफ स्थित भीमगढ़ खेड़ी में लगता है। ऐसे में वहां से लाइन पार करके आने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है। इस समस्या का एक मात्र समाधान अंडरपास है। इस अंडरपास को बनाने की मांग लेकर वार्ड-11 क्षेत्र के पार्षद योगेंद्र सारवान ने विधायक सुधीर सिंगला को लिखित में मांग पत्र सौंपा। योगेंद्र सारवान ने विधायक के समक्ष कहा कि यह क्षेत्र की बहुत बड़ी समस्या है। लाइनपार करके श्मशान घाट आना बहुत ही खतरनाक है। अचानक अगर कोई ट्रेन आ जाती है तो कभी भी अनहोनी हो सकती है। विधायक सुधीर सिंगला ने इसके रेलवे से इसके समाधान के लिए बात करने का आश्वासन दिया। रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य अमित गोयल ने कहा कि जल्द ही इस समस्या को रेल मंत्री व वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा, ताकि अंडरपास का निर्माण हो सके। रेल मंत्री से मिलने का समय मांगा गया है। भविष्य में दिल्ली मेट्रो सेक्टर-4-5 चौक तक आनी प्रस्तावित है। उसे रेलवे स्टेशन तक किया जाए, ताकि इन सभी क्षेत्र के लोगों को मेट्रो सुविधा मिल सके। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि इन मांग पत्र को मुख्यमंत्री मनोहर लाल तक पहुंचा दिया जाएगा।

### खुद को जन सेवक मानकर काम करें नवनियुक्त जनप्रतिनिधि

**गुरुग्राम।** हरियाणा के रेवाड़ी, पलवल और भिवानी जिलों में चुने गए भाजपा समर्थित जिला परिषद के चेयरमैन व वाईस चेयरमैनों को बधाई देते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि वे अपने जिलों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। साथ ही हरियाणा व केंद्र सरकार की योजनाओं का लोगों को लाभ दिलाएं। जनता ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरें। उन्होंने कहा कि नवनियुक्त जनप्रतिनिधि अपने आपको जनता का सेवक मानकर काम करें क्योंकि भाजपा इसी नीति को लेकर आगे बढ़ रही है। शुक्रवार को पलवल से आरती रावत चेयरमैन, बिरेंद्र बैंसला जिला परिषद के वाइस चेयरमैन चुने गए हैं। भिवानी से अनिता मलिक चेयरपर्सन व सुनीता जांगड़ा वाइस चेयरमैन चुनी गई हैं। रेवाड़ी जिला परिषद से चेयरमैन मनोज यादव, वाइस चेयरमैन पूनम अनिल निर्वाचित हुए हैं। ओमप्रकाश धनखड़ ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की नीतियां अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने वाली हैं। उन्होंने सभी चेयरमैन को अपने संदेश में कहा है कि किसी भी सूरत में जनता से दूर ना हों। समय-समय पर जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनें और उनका निराकरण करें। ऐसी सोच और कार्यशैली जनप्रतिनिधियों को राजनीतिक और सामाजिक रूप से मजबूती देगी। सरकार की योजनाओं का लाभ पात्रों को दिलाने में जनप्रतिनिधियों की अहम भूमिका होती है। अपने पद का सदुपयोग करके हर जनप्रतिनिधि जनता के दुख-तकलीफमें खड़े हों। श्री धनखड़ ने कहा कि जिला परिषद के सदस्य जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दें। ग्रामीण इलाकों में विकास के कार्यों के लिए उनका सहयोग सदैव जनप्रतिनिधियों के साथ रहेगा।

### गुरुग्राम में खुले में नमाज पर फिर खड़ा हुआ विवाद

**गुरुग्राम।** खुले में नमाज को लेकर विवाद एक बार फिर से गहरा गया। नमाज पढ़ रहे लोगों का विरोध करने हिंदु संगठनों के लोग पहुंच गए। विवाद बढ़ता देखकर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई। जिस जगह पर नमाज पढ़ी जा रही थी, उस स्थान की नमाज के लिए अनुमति नहीं है। यहां सेक्टर-69 स्थित सेक्टर-69 में खुले में नमाज पढ़ी जा रही थी। नमाज पढ़ने से रोकने के लिए हिंदू संगठनों के लोग पहुंचे और नमाज बंद कराने के प्रयास किए। इसी तरफ दोनों गुटों में विवाद हो गया। दोनों गुटों के बीच विवाद के देखते हुए पुलिस ने नमाज पढ़े जाने के अनुमति पत्र मांगा। नमाज पढ़ने वाला गुट पत्र नहीं दिखा सका। ऐसे में विवाद और पुलिस की मौजूदगी के चलते स्थल पर नमाज नहीं पढ़ी जा सकी। बताया जा रहा है कि जिले के बाहर के लोग भी इस स्थल पर नमाज पढ़ रहे थे, जिसे लेकर विवाद हुआ था। जिले में 6 जगहों पर ही पढ़ी जा सकती है। उल्लेखनीय है कि गुरुग्राम में खुले में नमाज को लेकर अक्सर विवाद खड़ा हो जाता है। पहले ही प्रशासनिक अधिकारियों के हस्तक्षेप से इसका हल निकालने के खूब प्रयास हुए हैं। फिर भी खुले में नमाज पर विवाद हो रहे हैं। गुरुग्राम में 30 स्थानों पर नमाज पढ़ने की अनुमति थी। विवादों के बाद यह घटकर 6 स्थान रह गई।

### सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की पालना के दिए निर्देश

**गुरुग्राम।** सड़क सुरक्षा सलाहकार समिति की मासिक बैठक के दौरान सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की पालना सुनिश्चित हो, यह निर्देश जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने दिए हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित एसडीएम नियमित रूप से विद्यालयों की चेकिंग करते हुए उन पर नियमानुसार कार्यवाही करें। बैठक में सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी को लेकर संबंधित क्षेत्रों के एसडीएम ने विद्यालयों की चेकिंग को लेकर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में बताया गया कि जिला में जिन विद्यालयों में सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की पालना को लेकर अनियमितता पाई गई उन्हें नोटिस दे दिया गया है। उपायुक्त ने कहा कि यदि इसके उपरांत भी विद्यालयों द्वारा पॉलिसी के तहत निर्धारित मानदंडों की अवहेलना पाई जाए तो नियमानुसार उनकी परमिट व आरसी को रद्द किया जाए।

# वर्षा जल संचयन के लिए हुआ पलड़ा गांव के तालाब का नवीनीकरण व पुनर्विकास

**एम3एम फाउंडेशन ने निगम व जीएमडीए के सहयोग से हुआ यह कार्य**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के पलड़ा स्थित तालाब को नया रूप देने के कार्य का शुभारंभ करती पूर्व मेयर मधु आजाद।

**एम3एम** फाउंडेशन ने नगर निगम गुरुग्राम और जीएमडीए के साथ मिलकर वर्षा जल संचयन द्वारा इसका समाधान करने का निर्णय लिया है। इसी को ध्यान में रखते हुए गुरुग्राम के पलड़ा स्थित तालाब को एक नया रूप दिया गया है। जिसका उद्घाटन गुरुग्राम की पूर्व मेयर मधु आजाद ने किया।

इस अवसर पर जीएमडीए के एडिशनल सीईओ सुभाष यादव, एम3एम फाउंडेशन की ट्रस्टी डॉ. पायल कनोडिया, एम3एम फाउंडेशन के प्रेसिडेंट डॉ. ऐश्वर्य महाजन एवं फाउंडेशन के अन्य सदस्यों की उपस्थिति मे किया। इस तालाब में लगभग 9.5 मिलियन लीटर वर्षा जल ठीक से एकत्र किया जा सकता है। जो गुरुग्राम में भूजल स्तर को बढ़ाने में मदद करेगा। एम3एम फाउंडेशन ने पालड़ा स्थित एक तालाब का पुनरुद्धार करने के लिए जीएमडीए और नगर निगम गुरुग्राम साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर भी किए है। अभी तालाब को एक रूप दिया गया है और इसका आगे का काम अभी जारी है और जल्द ही इसे अंतिम रूप दे दिया जाएगा। जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए तालाब का किया गया पुनरुद्धार एम3एम फाउंडेशन के द्वारा एक सराहनीय प्रयास है। वहीं इस अवसर पर तालाब के किनारे पौधारोपण भी किया गया। एम3एम फाउंडेशन की ट्रस्टी डॉ. पायल कनोडिया ने कहा कि जीएमडीए एवं एमसीजी के साथ मिलकर एम3एम फाउंडेशन ने गुरुग्राम पालड़ा स्थित तालाब का पुनरुद्धार कर एक छोटा सा सहयोग किया हैं।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ का जन्मदिन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भाजपा** कार्यकर्ताओं ने हवन-यज्ञ कर जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया। भाजपा जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव ने बताया कि इस दौरान जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने कहा कि मेरे लिए यह बहुत मायने रखता है कि आप सभी ने अपने बिजी शेड्यूल में से समय निकालकर शुभकामनाएं देने आए।

उन्होंने कहा कि मेरे पास शब्द नहीं है कि जिससे मैं अपनी भावनाओं को व्यक्त कर सकूं आप लोगों का धन्यवाद कह सकूं। पार्टी संगठन में हम सब एक परिवार की तरह हैं। परिवार में सुखदुख सब मिलकर सांझा करते यही इस परिवार की खूबी है, इस दौरान प्रदेश कार्यालय सचिव सुनील



गुरुग्राम में भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ का जन्मदिवस पर शुभकामनाएं देते कार्यकर्ता।

कोहली, कमल यादव, सतीश नागर,जिला महामंत्री मनीष गाडोली, महेश यादव कार्टरपुरी, जिला उपाध्यक्ष राजेश अरोड़ा, ज्योति डेंम्बला, मनोज शर्मा, राकेश यादव, मीडिया प्रमुख अजीत यादव, जितेंद्र चौहान, सोनिया यादव, अजीत बेनीवाल, सह-मीडिया प्रमुख जयवीर यादव, नीरज यादव, कार्यालय सचिव यादराम जोया, अलीशा तोमर, सर्वप्रिय त्यागी, सुंदरी खत्री, विधु कालरा, मोनिका स्वामी, निधि राघव, अर्जुन शर्मा, मंडल अध्यक्ष अभिषेक गुलाटी, सुनील कुमार, देवेंद्र यादव, प्रियव्रत कटारिया, नितिन शांडिल्य, श्रवन आहूजा, गौरव चुध, निगम पार्षद, ब्रहम यादव, राकेश यादव, धर्मवीर सिंह, सुनील कुमार, उदयवीर अंजना, कपिल दुआ, नारायण भड़ाणा, सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, विभाग एवं प्रकोष्ठ सहित जिला पदाधिकारी व प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ब्लेंडर्स प्राइड ग्लासवेयर फैशन टूर 2022 अपने गुरुग्राम चैप्टर में डायवर्सिटी और इनक्लूसिविटी का मना रहा जश्न

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**फैशन** डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा संचालित ब्लेंडर्स प्राइड ग्लासवेयर फैशन टूर का 16वां एडिशन दिसंबर में बेहतरीन एक्सपीरिएंस के साथ गुरुग्राम के लाइब्रेरी ग्राउंड जिमखाना क्लब में आयोजित किया गया। इस मौके पर सेलिब्रिटी डिजाइनर कुणाल रावल ने प्राइड इन सेलिब्रेटिंग डाइवर्सिटी बाय डिफाइंग लेबल्स को पेश किया, इसमें एक ऐसे म्यूजिक कलेक्शन को प्रदर्शित किया गया। यह कलेक्शन वास्तव में व्यक्तित्व की शक्ति से प्रेरित था।

इसे भारत के सबसे बड़े ट्रेंडिंग संगीत कलाकारों में से एक हार्डी संधू द्वारा तैयार की गई स्टोरी टेलिंग के माध्यम से प्रस्तुत किया गया था। शोस्टॉपर के रूप में शाम का समापन अभिनेता विक्की कौशल ने किया, जिन्होंने अपनी एनर्जी और दमदार लुक से इस कार्यक्रम की रौनक को और बढ़ा दिया। डिजाइनर कुणाल रावल मॉडर्न भारतीय फैशन में संपूर्णता की अभिव्यक्ति को पेश करने के लिए जाने जाते हैं। ब्लेंडर्स प्राइड ग्लासवेयर फैशन टूर के गुरुग्राम चैप्टर के दौरान, हर व्यक्ति की को खास मानने वाली



उनकी सोच उनके बोल्ड डिजाइनों में साफ दिखाई दी। वहीं इस मौके पर हार्डी संधू ने अपनी खास धुनों से फैशन शो को एक अलग ही जोश और जूनून से भर दिया। यहां विभिन्न समुदायों का प्रतिनिधित्व कर रहे विभिन्न मॉडल्स और इन्फ्लूएंसर्स की मौजूदगी ने डायवर्सिटी की भावना को और मजबूती प्रदान की। मॉडल्स ने कुणाल रावल की खूबसूरत सोच को प्रदर्शित करते हुए रैंप पर कैटवॉक किया, जिससे शो वास्तव में एक इंक्लूसिव प्रेजेंटेशन बन गया। इस खूबसूरत शाम में भारत के युवाओं के प्राइड और ऑथेंटिसिटी की जीवंत और विकसित अभिव्यक्ति को पेश किया गया। फैशन शो में ऐसी छवियां प्रस्तुत की गयीं जो आज की पीढ़ी के फैशन का प्रतिनिधित्व करते हुए भारतीय एथनिक फैशन पर एक आधुनिक नजरिया पेश करती हैं। कुणाल रावल की डिजाइन हार्डी संधू के सबसे लोकप्रिय ट्रैक के साथ बेहतरीन तरीके से पेश की गयीं, जिसने युवा दर्शकों के दिलों में अलग जोश भर दिया था। शो के बारे में बात करते हुए डिजाइनर कुणाल रावल ने कहा, मैं ब्लेंडर्स प्राइड ग्लासवेयर फैशन टूर के 16वें एडिशन का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं, क्योंकि यह नए युवा और बोल्ड अवतार में उभर कर सामने आया है। मुझे अपने देश की विविधता पर गर्व है और हार्डी संधू के साथ मिलकर एक ऐसा कलेक्शन प्रस्तुत किया, जो हमारी खासियतों को समेटे हुए है। यह एक ऐसी शाम थी, जो भारतीय फैशन और संगीत को एक साथ लेकर आई है, यह मॉडर्न होने के साथ-साथ समावेश की भावना को पेश करती है। भारत के टॉप संगीत कलाकार हार्डी संधू ने कहा, डिजाइनर कुणाल रावल के साथ आना एक असाधारण अनुभव रहा है और मुझे इस पर बहुत गर्व है। संगीत और फैशन वो शक्तिशाली जरिया है जो विविधता और समावेश की भावना को रचनात्मक रूप से प्रदर्शित करता है।

# आजाद हिंद के सेनानियों के गांव खेड़ली से फरीदाबाद को चली यात्रा



राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में उमड़ा हजारों लोगों का जनसमूह।

**सोहना।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को स्वतंत्रता सेनानियों के गांव खेडली लाला की पावन धरती से शुरूआत की। राहुल गांधी ने करीब 16 मिनट में तीन किलोमीटर पैदल चलते हुए जिला फरीदाबाद में प्रवेश कर गए और उनका भारत जोड़ो यात्रा का कारवां आगे बढ़ता चला गया।

देश की आजादी की लड़ाई में आजाद हिन्द फौज में रहते हुए दुश्मन के दांत खट्टे करने वालों में गांव खेड़ली लाला के किसान के घर में जन्म लेने वाले तत्काल चार नौजवानों ने अपना अहम योगदान दिया था। यहीं कारण रहा कि शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत खेड़ली लाला से की। राहुल गांधी ने अपने रात्रि ठहराव वाले स्थान गांव लाखूवास से सुबह 6 बजकर 20 मिनट पर गाड़ी में बैठने के बाद निकल पड़े।

पांच मिनट में पैदल यात्रा की असल शुरूआत स्वतंत्रता सेनानियों के गांव खेड़ली लाला में सुबह 6 बजकर 25 मिनट पर पहुंचे और गाड़ी से उतरने के साथ करीब 100 कदम छौड़ते हुए पैदल यात्रा की शुरूआत की। राहुल गांधी कड़कड़ाती सर्दी परवाह किए बिना कोहरे की चादर को चिरते हुए आगे बढ़ते चले गए।

# नोवामैक्स को 2023 तक मल्टी-मिलियनेयर क्लब में शामिल होने की है उम्मीद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दिल्ली** एनसीआर के प्रमुख कूलर ब्रांडों में से एक, नोवामैक्स का विकास और विस्तार के मामले में एक असाधारण वर्ष रहा है और उसका मानना है कि इसमें अभी भी लीवर हैं। जो आने वाले वर्षों में सड़क को सकारात्मक रूप से आश्चर्यचकित कर सकते हैं।

एक असंगठित संगठित क्षेत्र के मामले में नोवामैक्स ने वित्तीय वर्ष 2022 में शानदार प्रदर्शन किया है। वर्ष 2022 में कुल 4,00,000 कूलर की बिक्री हुई है, जो स्थापना के प्रारंभिक वर्ष की तुलना में हर महीने बढ़ रही है। यह अभी बाजार में वाणिज्यिक कूलर का सबसे प्रसिद्ध ब्रांड बन गया है। नोवामैक्स टीवी, एयर कंडीशनर, वाशिंग मशीन, और अन्य घरेलू और रसोई उपकरणों सहित विभिन्न प्रकार के सामान जारी करेगा, जो गुणवत्ता और दक्षता के मामले में मौजूदा वैश्विक ब्रांड के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे। दीर्घकालिक लक्ष्य वोकल फॉर लोकल अभियान को बढ़ावा देना है और सभी स्थानीय रूप से निर्मित इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों




को वैश्विक बाजार में लाना है। नोवामैक्स ने 2025 तक कारोबार को शेयर बाजार में सूचीबद्ध करने की भी योजना बनाई है। नोवामैक्स के संस्थापक हर्षित अग्रवाल ने कहा, इस साल, हमारे कूलर की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और हमने पूरे देश में सफलतापूर्वक विस्तार किया है।

ग्राहकों ने सभी सौदों और नए उत्पाद परिचयों के लिए अच्छी प्रतिक्रिया दी है, और हमने देखा है कि ऑफ-सीजन के दौरान हमारे सामानों की बिक्री जारी रही है। लोगों ने हमारे कूलरों में उपयोग की जाने वाली तकनीक और सरलता को बहुत महत्व दिया है, और हम वर्तमान में नए, उच्च-गुणवत्ता वाले आइटम विकसित कर रहे हैं जो अधिक प्रभावी हैं। नोवामैक्स वोकल फॉर लोकल अभियान में पूरी तरह से फिट बैठता है और हमने असंगठित क्षेत्र में न केवल एक अच्छा नाम स्थापित किया है बल्कि हमारे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार भी पैदा किया है। हम वर्ष 2023 में एक बहु-करोड़पति उद्यम होंगे।

नोवामैक्स ने जल्दी से खुद को क्षेत्र में शीर्ष ब्रांडों के लिए एक पसंदीदा ओईएम और ओडीएम भागीदार के रूप में स्थापित किया और अपने उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के कारण स्टैंड-अलोन ब्रांड के रूप में एक उपभोक्ता पसंदीदा के रूप में स्थापित किया। पिछले कुछ वर्षों में, नोवामैक्स हर्षित के सक्षम निर्देशन में और अपने पिता के विशाल ज्ञान और अनुभव की मदद से असीम रूप से विकसित हुआ है। नोवामैक्स के बारे में नोवामैक्स एयर कूलर आपकी सभी एयर कूलिंग जरूरतों के लिए वन-स्टॉप समाधान है। हम सभी आकार, आकार, क्षमता और सुविधाओं के एयर कूलर की एक पूरी श्रृंखला पेश करते हैं। कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कौन सा उपकरण चुनते हैं, हमारे उत्पाद आपके घर के अंदर ठंडी, ताजी, स्वस्थ हवा देना सुनिश्चित करेंगे।

# दिल में रह गई राहुल की दादी के संग खिंचाई फोटो दिखाने की तमन्ना

कविता। फरीदाबाद

पाखल और पाली गांव समेत एनआईटी 86 विधानसभा क्षेत्र में जगह-जगह एकत्रित होकर पूरे दिन राहुल गांधी की एक झलक पाने के लिए लोग लम्बा इंतजार करते रहे। लेकिन उनमें से अनेक लोगों को राहुल गांधी की एक झलक भी देखने को नहीं मिली। राहुल गांधी की यात्रा को लेकर लोगों ने पायनियर संवाददाता को लेकर अपना दर्द कुछ इस तरह से बयां किया। पेश है कुछ महिलाओं और अन्य लोगों से बातचीत के अंश:-

### राहुल गांधी को यात्रा से जुड़ा गीत नहीं सुना पाई महिलाएं

**काम छोड़ कर खड़े हैं :** महिलाओं से बात करने पर पता चला कि वह सुबह छह बजे से राहुल गांधी से मिलने का इंतजार कर रही हैं। उन्होंने आईयों से आईयों, भारत को जोड़कर, भाईचारे को बढ़ाईयों के बोल का गीत भी तैयार किया था। लेकिन अंत में राहुल गांधी उनके इस गीत को बिना सुने ही चले गए। उनका कहना है कि नहीं मिलने का दुख है, लेकिन इस बात की खुशी भी है कि यह यात्रा उनके द्वार के बाहर से निकली है, लेकिन एक दुख है कि उनकी एक झलक भी देखने को नहीं मिली।


राहुल गांधी से मिलने का इंतजार करती रह गई पाली गांव की यह महिलाएं।

**ट्यूशन पढ़ने नहीं गए :** भीड़ में खड़े बच्चों ने राहुल गांधी की यात्रा के निकल जाने पर बताया कि वह ट्यूशन की पढ़ाई छोड़कर इस यात्रा में राहुल की एक झलक पाने के इंतजार में खड़े थे। लेकिन भारी भीड़ के कारण उनकी एक झलक भी देख नहीं पाए। उनका राहुल से मिलने का सपना पूरा न हो सका, जिसका उन्हें बहुत दुख है। वह अब अपने साथियों से किया हुआ वायदा पूरा नहीं कर सकेंगे कि वह राहुल गांधी से मिले या उन्हें देखा।

**दिल में रह गई तमन्ना :** राहुल गांधी को अपने परिवार की कोने से फटी हुई एक पुरानी फोटो लेकर खड़े हुए एक बुजुर्ग को उन्हें दिखाने तक का मौका नहीं मिला। बुजुर्ग ने बताया कि उनके परिवार के सदस्य कांग्रेस से जुड़े हुए थे। जिसमें राहुल गांधी की दादी इंदिरा गांधी के संग उनकी फोटो है। जिसे दिखाने के लिए वह पाली चौक पर सुबह से उनका इंतजार कर रहे थे। लेकिन यात्रा में शामिल भारी भीड़ के कारण वह राहुल गांधी से मिल नहीं सके और फोटो दिखाने की तमन्ना दिल में ही रह गई।

# गुड गवर्नेंस, शिक्षित हरियाणा और ऑनलाइन प्रणाली में फरीदाबाद नम्बर वन

### सुशासन सप्ताह के तहत आयोजित कार्यशाला में सीईओ जिला परिषद सुमन भान्कर सहित तमाम विभागों के अधिकारियों ने की शिरकत

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

रिटायर्ड आईएएस हुकम सिंह राणा की अध्यक्षता में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सुशासन सप्ताह के तहत शुक्रवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रमों बारे बारीकी से जानकारी दी गई।

उप सचिव, भारत सरकार कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन प्रशासन सुधार और लोक शिकायत विभाग सहित हरियाणा सरकार के द्वारा गुड गवर्नेंस में सप्ताह *Good Governance Week (GGW)* के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रमों पर विस्तार पूर्वक चर्चा भी गई। आपको बता दें सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार गत 19 दिसंबर से 25 तक सुशासन सप्ताह कार्यक्रम के तहत जिला फरीदाबाद में मनाया जा रहा है। हुकम सिंह राणा ने कहा कि डीसी विक्रम सिंह के कुशल दिशा निर्देशानुसार सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वाधान में गुड गवर्नेंस, शिक्षित हरियाणा और बनेगा स्वच्छ फरीदाबाद सरकार की ऑनलाइन सिस्टम प्रणाली में फरीदाबाद प्रदेश में नम्बर वन आया है। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों को गुड गवर्नेंस का लाभ अवश्य मिले। सभी विभागों के अधिकारी गुडगवर्नेंस का आपसी तालमेल करके बेहतर क्रियान्वयन करने का काम करें। सीईओ जिला परिषद सुमन भान्कर ने कहा कि सुशासन सप्ताह कार्यक्रम के तहत गुड गवर्नेंस कार्यशाला में फरीदाबाद के सभी विभागों अधिकारियों को प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं को ऑनलाइन प्लेट फार्म प्रणाली को बेहतर क्रियान्वयन के लिए आपसी तालमेल करके अमलीजामा पहनाने के लिए आयोजित की गई है।


अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते रिटायर्ड आईएएस हुकम सिंह राणा।

कार्यशाला में एमसीएफ के अतुल सहगल ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सरकार द्वारा लगभग 650 सेवाओं को ऑनलाइन प्लेट फार्म प्रणाली लागू की गई है। उन्होंने कार्यशाला में गौरव एप वाईएमसीए और जिला प्रशासन प्राइवेट पार्टनर शीप (पीपीपी) पर कार्य करने बारे बताया। वहीं शिक्षित हरियाणा परियोजना सहित कोविड के बाद स्मार्ट क्लासेज के जरिये विद्यार्थियों को टैबलेट के माध्यम से शिक्षित हरियाणा एजुकेशन कान्टेक्ट के माध्यम से विद्यार्थियों को फ्री में यूट्यूब और पोर्टल पर लेक्चर दिए जा रहे हैं। ऑनलाइन शिक्षा प्रणाली प्लेट फार्म की गाइड लाइन अनुसार तकनीकी रूप से प्ले स्कूलों और सरकारी स्कूलों में पैरामीटर के अनुरूप बेहतर क्रियान्वयन हो रहा है। जिला में सरकारी स्कूलों में ऑनलाइन कक्षाओं, स्मार्ट साला ऐप के माध्यम से बच्चों को पढ़ाना और उनके शब्दकोश भी दिया जा रहा है। हरियाणा सरकार की आनॅ लाइन शिक्षा प्लेटफार्म प्रणाली के हिदायतों के अनुसार तकनीकी रूप से प्ले स्कूलों और सरकारी स्कूलों में पैरामीटर के अनुरूप बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिला फरीदाबाद के प्ले स्कूलों और सरकारी स्कूलों में आनॅ लाइन शिक्षा प्रणाली प्लेटफार्म का बेहतर क्रियान्वयन किया गया है। छुट्टियों के दौरान बच्चों को व्हाट्सएप ग्रुप पर होमवर्क भेजना, रीडिंग कैंपेन को बच्चों तक पहुंचाना, टैबलेट से कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की ऑनलाइन पढ़ाई करवाना शामिल रहा हैं।

डिजिटल बोर्ड को अभिभावकों को दिखाना, सीटीएमएम पर कक्षा कक्ष को चार्ट पेपर से डेकोरेट करना शामिल किया गया। अभिभावकों के स्वागत के लिए विद्यालय प्रांगण की साफ सफाई का ध्यान रखना, शौचालय की साफ सफाई एवं पीने के पानी की उत्तम व्यवस्था करना शामिल रहा। इसी प्रकार महिला एवं बाल विकास विभाग की प्ले स्कूलों की ऑनलाइन आधुनिक शिक्षा प्रणाली की भी सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार रोजाना 2 घंटे उड़ान कार्यक्रम से बच्चों को पढ़ाना, एफएलएन के माध्यम से बच्चों को खेल खेल में पढ़ाई करवाना, कार्यक्रम सुपर 100 के बारे में बच्चों को बताना, बोर्ड कक्षाओं की एक्स्ट्रा क्लास और मासिक परीक्षा से अवगत करवाना शामिल है।

# गुर्जर महोत्सव में हुआ विधायक राजेश नागर का जोरदार स्वागत


गुर्जर महोत्सव में शिरकत करते तिगांव के विधायक राजेश नागर।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

सूरजकुंड मेला परिसर में आयोजित गुर्जर महोत्सव में विधायक राजेश नागर का जोरदार स्वागत हुआ। इस अवसर पर आयोजकों द्वारा नागर को मंच पर बुलाकर पगड़ी पहनाई गई और उनके सहयोग के लिए धन्यवाद किया गया।

इस अवसर पर नागर ने कहा कि यह महोत्सव बिरादरी के लोगों को आपस में नजदीकी बढ़ाएगा और हमारी एक दूसरे के प्रति समझ में भी बढोतरी करेगा। उन्होंने कहा कि आयोजकों ने देशभर के गुर्जर बिरादरी के खलीफाओं को एक मंच पर लाकर अपनी संस्कृति के प्रति जो अलख जगाई है, उसके आने वाले समय में नतीजे देखने वाले होंगे। विधायक नागर ने कहा कि उन्हें

### मंच पर पगड़ी पहनाकर आयोजकों ने जताया आभार

बुलाकर समाज ने जो सम्मान प्रदान किया है, उसके लिए वह आभारी हैं। वह समाज के साथ हर कदम पर साथ हैं। नागर ने यहां विभिन्न स्टॉल्स का भी अवलोकन किया और कलाकारों के साथ बात कर उनका हालचाल पूछा। उन्होंने यहां नगाड़े पर भी हाथ आजमाए। इस अवसर पर उनके पिता रूप सिंह नागर का भी समाज ने सम्मान किया और उनके अलौकिक ज्ञान के लिए आधुनिक आर्यभट्ट की उपमा दी। विधायक के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता दयानंद नागर, सुरेंद्र बिधूड़ी, अमन नागर आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# 'पॉली' को 2022 के सर्वश्रेष्ठ अविष्कारों में चुना गया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

टीम थिंकरबेल लैब्स ने हाल ही में घोषणा की कि उनका मेड-इन-इंडिया उत्पाद, पॉली, टाईम द्वारा एक्सेसिबिलिटी की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ अविष्कारों में से एक के रूप में चुना गया है। 'पॉली' उनके पेटेंटेड उत्पाद एनी का यूएस वैरिएंट है। एनी दुनिया की पहली रिमोट-इनेबल्ड, सैल्फ-लर्निंग ब्रेल लिटरेसी डिवाइस है, जो अमेरिकन प्रिंटिंग हाउस फॉर द ब्लाइंड (एपीएच) के साथ साझेदारी में विकसित की गई है। पॉली और एनी, दोनों ही वाई-फाई इनेबल्ड डिवाइस हैं, जो यूजर्स को ब्रेल कॉन्सेप्ट्स सीखने और मजबूत करने में मदद करेंगी और इसमें कॉन्ट्रैक्टेड एवं अनकॉन्ट्रैक्टेड ब्रेल शामिल होंगे।

थिंकरबेल लैब्स के को-फाउंडर एवं सीटीओ, दिलीप रमेश ने कहा, ''हमारे पहले एनी स्मार्ट क्लास की स्थापना 2018 में रांची में हुई थी। आज हमारे पास भारत के 16 राज्यों में 50 से ज्यादा एनी स्मार्ट क्लास सेंटर हैं। एनी आज 8 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है।'' एनी की सराहना भारत के माननीय प्रधानमंत्री, नरेंद्र मोदी ने डिजिटल इंडिया वीक 2022 में की और अपने भाषण में एनी जैसे उत्पादों के प्रभाव का उल्लेख किया। एमआईटी सॉल्व, नेशनल स्टार्टअप अवार्ड, और शार्क टैंक इंडिया से हाल ही में मिली सराहनाओं से उत्साहित थिंकरबेल लैब्स समावेशी शिक्षा के भविष्य का निर्माण कर रहा है। पॉली नाम पॉली थॉमसन के नाम पर रखा गया है, जिन्होंने हेलेन केलर के साथी और इंटरप्रेटर के रूप में 46 साल गुजारे। पॉली का वर्तमान में परीक्षण किया जा रहा है, और इसका आधिकारिक लॉन्च 2023 में किया जाएगा। यह भारतीय स्टार्टअप्स के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिन्होंने अमेरिका में सफलता हासिल की है। पॉली के लॉन्च के साथ हमारी टीम पूरी दुनिया में 100 प्रतिशत ब्रेल लिटरेसी प्राप्त करने के अपने लक्ष्य के और नजदीक आ गई है।

थिंकरबेल लैब्स की को-फाउंडर और सीईओ, संस्कृति दवले ने बताया, ''पॉली एक सफल गठबंधन का बेहतरीन उदाहरण है, जिसके परिणामस्वरूप एक महत्वपूर्ण प्रभाव वाले उत्पाद का विकास हुआ है। हम इस तरह के और संगठनों के साथ साझेदारी करने के लिए उत्साहित हैं, जो हमारे समान उद्देश्य रखते हैं और भारत में हमारे इनोवेशन का विस्तार करेंगे।'' थिंकरबेल लैब्स एक भारतीय स्टार्टअप है, जिसने पूरे विश्व में नेत्रहीनों के लिए शिक्षा क्षेत्र में क्रांति ला दी है। हमने अपनी पेटेंटेड टेक्नॉलॉजी 'एनी' बनाई, जो विश्व की सबसे विस्तृत ब्रेल लिटरेसी डिवाइस है।

# ब्लू-कॉलर सेक्टर में 121.29 प्रतिशत नौकरियों की बढ़ोतरी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

भारत में ब्लू-कॉलर सेक्टर में लोगों को रोजगार दिलाने वाले सबसे बड़े प्लेटफॉर्म, वर्कइंडिया ने हाल ही में अपनी डेटा रिपोर्ट जारी की है, जिसमें बीते 2 सालों यानी -2021 और 2022 के आंकड़ों की तुलना करते हुए भारत के ब्लू-कॉलर सेक्टर में मौजूदा ट्रेंड का पूर्वानुमान प्रस्तुत किया है। रिपोर्ट के नतीजे बताते हैं कि साल 2022 में ब्लू कॉलर उद्योग का बड़े पैमाने पर विकास हुआ है और साल 2021 की तुलना में भारत में नौकरी के अवसरों में कुल मिलाकर 121.29 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बेंगलुरु, मुंबई और दिल्ली जैसे सभी बड़े महानगरों में इस मामले में प्रगति साफ तौर पर नजर आ रही है। रिपोर्ट से पता चलता है कि टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में हुई तरक्की के कारण उद्योग जगत को काफी बढ़ावा मिला है, साथ ही डिजिटलाइजेशन और मशीन लर्निंग के माध्यम से ब्लू-कॉलर वैल्यू चेन में भी तेजी से विकास हो रहा है।

जनसांख्यिकी के लिहाज से, दिल्ली और मुंबई जैसे महानगरों ने सबसे अधिक संख्या में नौकरी के अवसरों के मामले में दोनों सालों में शीर्ष स्थान हासिल किया और अपना स्थान बरकरार रखा है। जिसके बाद बेंगलुरु का स्थान आता है। दिलचस्प बात यह है कि चेन्नई में नौकरी के अवसरों में 202.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जिसके बाद हैदराबाद और बेंगलुरु में क्रमश: 162.7 प्रतिशत और 153.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। अलग-अलग उद्योगों के आंकड़े पर नजर डाली जाए, तो इन दोनों सालों में बैक-ऑफिस की नौकरियों ने शीर्ष स्थान हासिल किया और अपनी स्थिति को बरकरार रखा। इसके बाद फील्ड सेल्स और डिलीवरी एक्जीक्यूटिव का नंबर आता है, जिसमें साल 2022 में क्रमश: 70.5 प्रतिशत, 107.8 प्रतिशत, 121.6 प्रतिशत, और 130.9 प्रतिशत की जबरदस्त बढ़ोतरी दर्ज की गई। गाड़ियों की सर्विसिंग और तकनीशियनों के रोजगार के क्षेत्र में 383.3 प्रतिशत और 211.9 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। आंकड़ों पर अपनी राय जाहिर करते हुए, नीलेश डूंगरवाल, सह-संस्थापक एवं सीओओ, वर्कइंडिया, ने कहा, 'वर्कइंडिया में, हमारा उद्देश्य भारत के 258 मिलियन ब्लू-कॉलर कर्मचारियों को रोजगार के सार्थक अवसर प्रदान करना है, और पिछले साल की तुलना में हम नियुक्ति की प्रवृत्ति में तेज गति से हो रहे विकास को देखकर बेहद उत्साहित हैं। वर्ष 2023 में इस क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आने की जबरदस्त संभावना है। वर्कइंडिया में हम, अधिकतम पारदर्शिता और सुगम प्रक्रिया के साथ नौकरी चाहने वालों और नौकरी देने वालों के बीच के अंतर को कम करने के लिए लगातार काम करना जारी रखेंगे।'

# बल्लभगढ़ को 1.35 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की दी सौगात

पायनियर समाचार सेवा। बल्लभगढ़

प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ विधानसभा में आज शुक्रवार को करीब 1 करोड़ 35 लाख रुपये की धनराशि के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इस मौके पर परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बल्लभगढ़ के विकास के लिए हमेशा खजाने के मुंह खोलकर रखे हैं। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यदि और भी जरूरत पड़ेगी तो वे और भी ग्रांट सरकार से लेकर आएंगे।

परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि जनवरी में प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल बल्लभगढ़ में बनाए गए लघु सचिवालय और महिला कॉलेज को बल्लभगढ़ वासियों को समर्पित करने जा रहे हैं। परिवहन मंत्री शर्मा ने इस अवसर पर सेक्टर वासियों से उनकी समस्याएं भी सुनी और कहा कि यदि किसी को कोई भी समस्या आती है तो वह निसंकोच उनके कार्यालय आकर अथवा फोन कर अपनी शिकायत को बता सकते हैं। उनका निदान किया जाएगा। इस मौके पर परिवहन मंत्री श्री शर्मा ने मार्केट में भी सेक्टर वासियों की समस्याएं भी सुनीं। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ के सेक्टर-3 हुड्डा मार्केट की पार्किंग में इंटरलॉकिंग टाइल के कार्य का स्थानीय लोगों के हाथों नारियल फुड़वाकर शुभारंभ कराया।


बल्लभगढ़ में विकास कार्यों का शुभारंभ करते बुजुर्ग।

इसके अलावा सेक्टर-23 ए मार्केट के पास पांच गलियों को आरएमसी से बनाए जाने के कार्य का भी शुभारंभ स्थानीय लोगों के हाथों नारियल तुड़वाकर कराया। इस मौके पर टिपरचंद शर्मा,रमेश भारद्वाज,लखन बेनीवाल,लक्ष्मण राणा, क्रमवीर प्रधान, डीपी भारद्वाज,राजेंद्र शर्मा,अनिल भाटी नवीन चेची, प्रताप भाटी,अशोक यादव, जबकि सेक्टर 23 में पारस जैन, बृजलाल शर्मा, निर्वतमान पार्षद जयवीर खटाना आदि मौजूद रहे।

# एएफआई प्लानिंग कमेटी चेयरमैन डॉ. ललित के भनोट ने ली वर्चुअल मीटिंग

फरीदाबाद। जिला एथलेटिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सत्यवीर धनखड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि वीरवार को एथलेटिक्स फैडरेशन आफ इंडिया (एएफआई) के प्लानिंग कमेटी के चेयरमैन डाक्टर ललित के भनोट ने भारत देश के सभी जिला संघ सचिव और अध्यक्षों के साथ वर्चुअल मीटिंग की।

सभी जिला संघ सचिव और अध्यक्षों को अपने अपने जिले में ट्रैक एंड फील्ड खेल को बढ़ावा देने के दिशा निर्देश जारी किए। एएफआई प्लानिंग कमेटी चेयरमैन डाक्टर ललित के भनोट के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार एथलेटिक्स फैडरेशन आफ इंडिया उत्तर भारत से लेकर दक्षिण भारत एवं पूर्वी भारत से पश्चिम भारत तक ट्रैक एंड फील्ड खेल के लिए एथलीट खिलाडी खोजकर एवं उनकी खेल प्रतिभा को निखारकर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी के रूप में तैयार कर रहा है।

# डीसी ने दी सर्दी से बचाव के लिए जरूरी सावधानी बरतने की सलाह

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

डीसी विक्रम सिंह ने जिला वासियों से सर्दी के बचाव के मद्देनजर जरूरी सावधानी बरतने की सलाह दी है। उन्होंने आमजन को सलाह देते हुए कहा कि जहां तक संभव हो घर के अंदर ही रहें। ताकि सर्द हवाओं से बचाव हो सके। डीसी विक्रम ने सोशल मीडिया सहित प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से मौसम संबंधी जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के दिशा निर्देश भी दिए।

उन्होंने आम जनमानस से आह्वान किया कि वे अपने आसपास रहने वाले अकेले व्यक्तियों, विशेषकर वृद्धजनों की देखरेख करें। घर, रहने के कमरे में सर्दी से बचाव के लिए संभावित उपाय जरूर सुनिश्चित करें। इसके लिए गर्म खाद्य एवं पेय पदार्थों का प्रयोग करें तथा गर्म कपड़े पहनकर रखें। उन्होंने कहा कि घर से बाहर निकलते समय मफलर व टोपी आदि का इस्तेमाल करें। सर्द हवाओं से बचने के लिए सिर को ढ़क्कर रखें। शरीर को गीला न रहने दें और गीले होने पर कपड़ों को तुरंत बदलें। शरीर को गर्म रखने के लिए पौष्टिक भोजन करें। शरीर का तापमान कम होने अथवा असामान्य संकेत दिखाई दें तो तुरंत चिकित्सक से सलाह लें।

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि जो भी इच्छुक व्यक्ति सर्दी से संबंधित वस्तु व कपड़े इत्यादि दान करना चाहते हैं तो वे नेकी की दीवार नाम से संचालित केंद्र पर दान कर सकते हैं। डीसी विक्रम सिंह ने जिला में चल रहे सभी रैन बसेरों में व्यापक सुविधा सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि दिन प्रतिदिन सर्दी बढ़ती जा रही है। ऐसे में कोई भी बेसहारा व्यक्ति बिना छत के खुले में न सोए और ठंड से बचने के लिए रैन बसेरे का सहारा ले। डीसी ने निर्देश दिए है कि जिला में रैन बसेरा की स्थिति बिल्कुल सही रखी जाए और इसमें आने वाले व्यक्तियों को प्रभावी ढंग से आश्रय दिया जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी बेघर व्यक्ति खुले में सोने को मजबूर न हो।

## संक्षिप्त समाचार

### एनएचपीसी 'भारत की सर्वश्रेष्ठ वैश्विक प्रतिस्पर्धी विद्युत कंपनी



फरीदाबाद। एनएचपीसी लिमिटेड को प्रकाशमय '15वें इनर्शिया अवार्ड्स 2022' में 'भारत की सर्वश्रेष्ठ एवं विश्व स्तर की प्रतिस्पर्धी विद्युत कंपनी-जलविद्युत और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र' के विजेता के रूप में सम्मानित किया गया। यूएस शाही, कार्यपालक निदेशक (ईएमएस/सीसी/सीएसआर), एनएचपीसी ने 22 दिसंबर 2022 को नई दिल्ली इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में एनएचपीसी की ओर से यह पुरस्कार प्राप्त किया। एनएचपीसी को 7000 मेगावाट से अधिक की सकल परिसंपत्ति वर्ग नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के साथ जलविद्युत क्षेत्र में नेतृत्व के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार इस बात की भी स्वीकारोक्ति है कि एनएचपीसी के पास 5000 मेगावाट से अधिक की निर्माणाधीन परियोजनाएं हैं और सौर ऊर्जा क्षमता में वृद्धि के लिए 7000 मेगावाट से अधिक की महत्वाकांक्षी योजना है। यह पुरस्कार वी.एम. बंसल, अध्यक्ष, नई दिल्ली प्रबंधन संस्थान द्वारा प्रदान किया गया। समारोह के दौरान के.विजयानंद, विशेष मुख्य सचिव, ऊर्जा, आंध्र प्रदेश सरकार और एके सिंह, पूर्व सीएमडी, एनएचपीसी भी उपस्थित थे।

### गोद लिए गए मरीजों को बांटा गया राशन



फरीदाबाद। टीबी कार्यालय मे टीबी के मरीज को कम्युनिटी सपोर्ट के तहत राशन दिया गया जो कि गुम नाम व्यक्ति के द्वारा गोद लिए गए 100 मरीजो को तीसरे महीने का राशन दिया गया। जोकि हरियाणा की आईएमए हरियाणा प्रेसिडेंट डॉ पुनीता हसीजा द्वारा राशन दिया गया। जिसमें सीएमओ डॉ विनय गुप्ता, टीबी/एचआईवी अधिकारी/ डिप्टी सीएमओ डॉक्टर शीला भगत, टीबी एचआईवी संयोजक सुभाष गहलोत, साधना, बिजेंद्र, अशोक, यथार्थ, कुलभूषण, वीरेंद्र, विकास, रविंद्र, कविता, प्रीति, अनीता आदि मौजूद थे। सीएमओ डॉक्टर विनय गुप्ता ने बताया की हाई प्रोटीन डाइट लेने से मरीज जल्दी ठीक होंगे। डॉक्टर शीला भगत ने टीबी के लक्षण बताए। 2हफ्ते से ज्यादा खांसी, लंबा बुखार, वजन का घटना, लगातार, रात को पसीना आना, अगर किसी व्यक्ति में ये लक्षण हो तो वो अपनी जांच जल्दी से जल्दी करवाये। अगर कोई संक्रमित व्यक्ति निकलता है तो उसकी जल्दी से जल्दी दवाई शुरू हो जाये और वो किसी और व्यक्ति को संक्रमित ना करे। सरकारी अस्पताल में दवा और जांच बिल्कुल मुफ्त में होती है।

### राजा नाहर सिंह की प्रतिमा लगाने पर जाट समाज जताया आभार



फरीदाबाद। प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा का बल्लभगढ़ में शहीद राजा नाहर सिंह जी की प्रतिमा लगाने के लिए सरकार से अनुमति दिलवाने पर भारतीय जाट समाज बल्लभगढ़ ने आभार प्रकट किया। इस मौके पर जाट समाज के नेताओं ने कहा कि परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने शहीद राजा नाहर सिंह जी की प्रतिमा बल्लभगढ़ राजा नाहर सिंह महल में लगाए जाने की अनुमति सरकार से दिलवाई है। जिसके लिए वे कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्माजी का धन्यवाद करने आए हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा रानी की छतरी में करीब दो करोड़ रुपये की धनराशि की लागत से जीर्णोद्धार कार्य करवाया है। इसलिए आज भारतीय जाट समाज बल्लभगढ़ परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा का आभार प्रकट करने उनके कार्यालय पहुंचा है। इस मौके पर संस्था के महासचिव उदयवीर सिंह गिल ने बताया कि बल्लभगढ़ में प्रदेश के परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने राजा नाहर सिंह से जुड़े अभूतपूर्व कार्य कराए हैं। ताकि आने वाली पीढ़ी शहीद राजा नाहर सिंह जी के इतिहास को याद रख सके। उन्होंने कहा कि नए साल में शहीद राजा नाहर सिंह की प्रतिमा लगाने के भी मंत्री श्रीशर्मा से विचार विमर्श किया। इस मौके पर रिछपाल लांबा,हरनाम सिंह, युधिष्ठिर बेनीवाल, लखन बेनीवाल, ईश्वर सिंह, रहीश पाल श्योराण, अमर सिंह काली नमन, हरनाम सिंह बीसला, संदीप चौधरी, महेश गोयल, रविंद्र मलिक सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे। तत्पश्चात प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने आज सेक्टर-3 हुड्डा मार्केट में करीब एक करोड़ रुपये की लागत से लगाई जाने वाली इंटरलॉकिंग टाइल के कार्य का शुभारंभ किया।

### वर्कर्स यूनियन वाईएमसीए की बैठक हुई सम्पन्न



फरीदाबाद। जेसी बोस वर्कर्स यूनियन वाईएमसीए की बैठक सेक्टर-11 के पार्क में संपन्न हुई। इसकी अध्यक्षता मिल कमेटी के प्रधान दीपक ने की। जबकि संचालन जिला सचिव लेखराज ने किया। इस अवसर पर सीटू के जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल, और सह सचिव वीरेंद्र पाल विशेष रूप से मौजूद रहे। वर्करों को संबोधित करते हुए जिला सचिव ने वाईएमसीए मैनेजमेंट पर वर्करों की समस्याओं का समाधान नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि वर्करों को काफी समय से पहचान पत्र नहीं दिए जा रहे हैं। जबकि कर्मचारियों को ड्यूटी में आते वक्त और शाम को देर से जाने पर कई बार उनसे सिक्योरिटी और पुलिस वाले पूछताछ करते हैं। जब कर्मचारी वाईएमसीए में कार्यरत होने की बात करता है। तब पुलिस के कर्मचारी उनसे वहां की आईडेंटिटी मांगते हैं। बैठक में इस मुद्दे को लेकर मैनेजमेंट के साथ बातचीत करने का निर्णय लिया गया। एक और निर्णय में कर्मचारियों को ईएसआई और पीएफ की सुविधा नहीं देने तथा वर्ष 2020 के बकाया वेतन का भुगतान नहीं करने पर भी नाराजगी प्रकट की गई। कर्मचारियों ने प्रबंधकों पर उनकी सुविधाओं में कटौती करने का आरोप लगाया। वर्करों ने बताया कि उन्हें विश्वविद्यालय में काम करते हुए काफी वर्ष हो चुके हैं। लेकिन विश्वविद्यालय का प्रशासन उनकी सेवाओं को पक्का नहीं करता है। वर्षों तक सेवा करने पर उन्हें ग्रेजुएटी और अन्य लाभ नहीं मिलते है। सभी कच्चे कर्मचारियों को किसी भी प्रकार की आर्थिक सहायता दिए बिना ही सेवानिवृत्त कर दिया जाता है। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सीटू के सह सचिव वीरेंद्र पाल ने बताया कि यूनियन का निर्माण कर्मचारियों को अधिक से अधिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए करवाया जाता है। यूनियन को सभी प्रकार के कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने का मुद्दा अपने एजेंडे में शामिल करना चाहिए। चाहे सफाई कर्मचारी हो या माली, प्लंबर, कारपेंटर हो या बिजली वाला सभी प्रकार के काम करने वाले कर्मचारियों को यूनिवर्सिटी प्रशासन को रैगुलर करना चाहिए। क्योंकि यह सभी कार्य स्थाई रूप से चलने वाले हैं।

# भारत जोड़ो यात्रा

## कोविड का खतरा

**कोविड** के खतरे को देखते हुए 'भारत जोड़ो यात्रा' आयोजकों को कोविड व्यवहार का पालन करना चाहिए अथवा यात्रा स्थगित कर देनी चाहिए। हाल ही में स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा था कि या तो भारत जोड़ो यात्रा में 'सभी कोविड-19 दिशानिर्देशों' का पालन हो अथवा उसे 'राष्ट्रीय हित में' स्थगित कर दिया जाए। कांग्रेस पार्टी का आरोप है कि सरकार 'यात्रा' से असहज अनुभव कर रही है जिसमें जनता की अच्छी सहभागिता है। कांग्रेस ने यह सवाल भी उठाए हैं कि क्या यात्रा के प्रति सरकार का चयनित दृष्टिकोण इस कारण है कि वह दिल्ली में प्रवेश करने वाली है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व राहुल गांधी को लिखे पत्र में कहा था, 'कृपया सुनिश्चित करें कि राजस्थान में चल रही भारत जोड़ो यात्रा में सभी कोविड-19 दिशानिर्देशों का कठोरता से पालन किया जाए, मास्क व सेनिटाइज़र का प्रयोग हो और केवल कोविड-19 से बचाव के टीकाकृत लोगों को ही सहभागिता की अनुमति दी जाए। लोगों को यात्रा में शामिल होने के पहले व उसके बाद स्वयं को एकान्तवास में रखना चाहिए। यदि इन कोविड-19 व्यवहारों का अनुपालन सुनिश्चित न हो सके तो सार्वजनिक स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए कृपया राष्ट्रहित में भारत जोड़ो यात्रा स्थगित कर दें।'

वास्तव में कोविड मामले बढ़ रहे हैं तथा यात्रा में भाग ले चुके अन्य लोगों के साथ ही हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री कोविड संक्रमित हो गए हैं। इसलिए यात्रा में भाग ले रहे लोगों के स्वास्थ्य के प्रति स्वास्थ्य मंत्री की चिन्ता को गलत नहीं



समझना चाहिए। कोविड फिर से चीन में वापस आ गया है और वैश्विक महामारी के प्रति हमारा जोखिम कम नहीं है। ऐसे में सरकार को अच्छे इरादों से फौरन कोविड व्यवहार लागू करने का अधिकार है। लेकिन कांग्रेस की नजर में राष्ट्रहित में यात्रा स्थगित रखने का आह्वान सवाल पैदा करता है क्योंकि संभवत: यह निर्देश 'चयनित दृष्टिकोण' से दिया लगता है। हालांकि, केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश को समस्या की गंभीरता और अतीत में उसके कारण आई मुसीबत को देखते हुए गलत नहीं कहा जा सकता है, पर इससे कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों को भाजपा पर हमला करने का अवसर मिल गया है। कांग्रेस नेताओं ने पूछा है कि क्या स्वास्थ्य मंत्री ने ऐसी ही यात्रायें आयोजित कर रही भाजपा की कर्नाटक व राजस्थान इकाइयों से कोई अनुरोध किया है। इसके साथ ही फिलहाल ट्रेन या विमान से यात्राओं पर कोई नियंत्रण नहीं लगाए गए हैं, जबकि रेलवे स्टेशनों व हवाईअड्डों पर खतरा अधिकतम हो सकता है। संसद का सत्र भी चल रहा है, हालांकि अनेक सदस्यों ने मास्क लगा रखे थे। नीतीश कुमार जैसे अन्य विपक्षी नेताओं ने भी भाजपा के इरादों पर सवाल उठाए हैं। भारत जोड़ो यात्रा ने मंगलवार को राजस्थान में यात्रा पूरी की और बुधवार को हरियाणा में प्रवेश कर गई। उसके राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश करने की योजना है। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं व अन्य सहभागियों ने कन्याकुमारी से राहुल गांधी द्वारा यात्रा शुरू करने के बाद से 3,000 किलोमीटर से अधिक दूरी तय की है। हालांकि, यात्रा के बारे में अनेक विवाद पैदा हुए, पर इसके बावजूद यह जारी रही। देखना होगा कि दुनिया के अनेक देशों व खासकर चीन में कोरोना संक्रमणों में तेजी से वृद्धि का भारत में संभावित संक्रमणों पर क्या प्रभाव पड़ता है। राहुल गांधी समेत अन्य विपक्षी नेताओं को याद रखना चाहिए कि लगभग दो साल पहले कोविड संक्रमण व उससे निपटने की भारत सरकार की क्षमता तथा स्वदेशी वैक्सीन की प्रभावशीलता पर उनकी टिप्पणियां अनर्गल व अवांछित सिद्ध हुई थीं। भारत सरकार ने कोरोना के वर्तमान संभावित प्रसार से निपटने के व्यापक दिशानिर्देश दिए हैं तथा स्वयं प्रधानमंत्री ने किसी प्रकार की सुस्ती के खिलाफ सबको सावधान किया है। ऐसे में स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया के दिशानिर्देशों को संकुचित राजनीतिक चश्मे से नहीं देखना चाहिए।

# रूस पर प्रतिबंध आत्मघाती

### जी 7 देशों को यह समझने की जरूरत है कि वस्तुओं व सेवाओं का प्रवाह सीमित करने से नुकसान हो सकता है। रूस पर प्रतिबंध आत्मघाती हो सकते हैं।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)

यूक्रेन पर सैनिक कार्रवाई के खिलाफ रूस को दंड देने के लिए जी 7 नेताओं ने रूस पर प्रतिबंध लगाए थे। इस वर्ष जून में उठाए कदमों में एक निश्चित सीमा से अधिक रूसी तेल के आयात पर प्रतिबंध लगाने के उपायों की समीक्षा होनी चाहिए। इन देशों में अमेरिका, जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन, इटली, कनाडा व जापान शामिल हैं। सितंबर, 2022 मं उनके वित्त मंत्रियों ने कहा था, 'ये हमारे संयुक्त राजनीतिक इरादों को अंतिम रूप देते तथा संवाओं पर समग्र प्रतिबंधों की पुष्टि करते हैं। इनसे रूसी-मूल वाले कच्चे तेल व पेट्रोलियम उत्पादों के समुद्री परिवहन पर वैश्विक प्रभाव पड़ा है।




इन सेवाओं की अनुमति तभी दी जाएगी यदि तेल व पेट्रोलियम उत्पादों को एक कीमत पर या उससे कम पर खरीदा जाता है। इसका निर्धारण व्यापक गठबंधन में शामिल देशों द्वारा किया जाएगा जो मूल्य सीमा का निर्धारण तथा उनका क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे।' जर्मनी और फ्रांस ने सुनिश्चित किया कि यूरोपीय संघ के सभी देश इसमें शामिल होंगे। जी 7 गठबंधन तेल के दो बड़े आयातकों, चीन व भारत को अपने साथ लाने के अथक प्रयास कर रहे हैं। हालांकि, इन प्रयासों के समुचित नतीजे नहीं निकले हैं, पर वे 5 दिसंबर, 2022 से अपनी योजना के क्रियान्वयन पर दृढ़ हैं और उन्होंने तेल की मूल्य सीमा 60 डालर प्रति बैरल तय की है।

इस योजना में सहभागी देशों ने पश्चिमी प्रभुत्व वाली सेवाओं, जैसे बीमा, वित्त, ब्रोकरिंग व तेल माल के परिवहन पर सीमा से अधिक होने पर प्रतिबंध लगाना शमिल है। इन सेवाओं को सुनिश्चित करने के लिए पेट्रोलियम खरीदारों को सेवा प्रदाताओं को 'प्रमाण' देना होगा कि उन्होंने रूसी पेट्रोलियम को निर्धारित सीमा या उससे कम मूल्य पर खरीदा है। लेकिन सेवा प्रदाताओं को खरीदारों व रूसी पेट्रोलियम विक्रेताओं द्वारा गलत सूचनायें देने की स्थिति में जिम्मेदार नहीं ठहराया गया है। जी7 की कार्रवाई रूस की वित्तीय स्थिति कमजोर करना है जिससे वह पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात से राजस्व न प्राप्त कर सके। इसके साथ यह भी सुनिश्चित किया गया है कि जी7 को सप्लाई प्रभावित न हो। वे इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए 'रूस को मजबूर करना चाहते हैं कि वह निर्धारित मूल्य सीमा या उससे कम कीमत पर ही तेल बेच सके य अपना निर्यात घटाए।' यह एक विकृत तर्क है क्योंकि रूस वैश्विक तेल परिदृश्य में महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

रूस कच्चे तेल का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक है तथा वैश्विक कच्चे तेल उत्पादन में उसका हिस्सा 12 प्रतिशत से अधिक है। वह दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक है। वह प्राकृतिक गैस में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है और उसका हिस्सा 10 प्रतिशत है। विश्व निर्यात में उसका योगदान 25 प्रतिशत से अधिक है। रूस पर ईयू देशें की निर्भरता और अधिक है। वे अपनी प्राकृतिक गैस-एनजी का 40 प्रतिशत तथा कच्चे तेल का 25 प्रतिशत रूस से प्राप्त करते हैं। समूह के कुछ देशों, जैसे, जर्मनी, नीदरलैंड व पोलैंड की निर्भरता और अधिक है। वैश्विक मांग-सप्लाई की स्थिति को अनदेखा कर वे चाहते हैं कि उत्पादन व सप्लाई में प्रमुख स्थान रखने वाला देश रूस उनकी पसंद की कीमत का पालन करे। यह विरोधाभासी स्थिति है। जी7-ईयू का इरादा अपना उद्देश्य समुद्री परिवहन में शामिल 'सेवा प्रदाताओं' को शामिल करना है। वे चाहते हैं कि सीमा से अधिक मूल्य पर रूसी पेट्रोलियम उत्पादों की खरीद बिक्री न हो। उनका विश्वास इस तथ्य पर आधारित है कि ये कंपनियों और इनमें से अधिकांश के मुख्यालय ईयू-ब्रिटेन न्याय क्षेत्र के दायरे में आते हैं और लंदन स्थित इंटरनेशनल ग्रुप आफ प्रोटेक्शन एंड इंडेम्निटी क्लब उनके समुद्री परिवहन बेड़ों के दायित्व के 95 प्रतिशत से अधिक का भार उठाते हैं।

लेकिन चीजें इतनी सरल नहीं हैं जितनी दिखाई देती हैं। रूसी पेट्रोलियम का परिवहन न करने पर उनको भारी नुकसान होगा क्योंकि अन्य स्त्रोतों से अतिरिक्त बिजनेस मिलना आसान नहीं है। इसलिए वे जी7 निर्देशों को धता बताने के हर संभव प्रयास करेंगे। इसमें धोखाधड़ी वाले परिवहन व्यवहारों में विक्रेताओं व खरीदारों से हाथ मिलाना शामिल है। वे आवश्यक मूल्य सूचना देने से मना कर सकते हैं तथा रूसी तेल का मूल या उसकी कीमत के बारे में दस्तावेजों में हेराफेरी कर सकते हैं। इसके साथ ही गैर-पश्चिमी स्वामित्व वाले अनेक समानान्तर बेड़े व बीमा कंपनियां हैं जिनका प्रयोग रूसी तेल की हैंडलिंग, शिपिंग व बीमा के लिए हो सकता है।

इस प्रकार रूस से अपनी पसंद की कीमत पर इच्छित मात्रा में तेल प्राप्त करने की जी7 की इच्छा केवल कागजों तक सीमित रह सकती है। इसका कारण यह है कि भारत और चीन जैसे खरीदारों के अलावा तेल परिवहन के अन्य पक्ष भी हैं। पुतिन ने पहले ही मूल्य सीमा थोपने वाले देशों को निर्यात रोकने की धमकी दी है। इसलिए कम कीमत की बात दूर, जी7-ईयू देश इस बड़े सप्लायर से तेल प्राप्त ही नहीं कर सकेंगे। रूस के बजाय सारी आवश्यकतायें मध्यपूर्व, अफ्रीका, आदि से प्राप्त करने के प्रयासों से तेल मूल्यों में वृद्धि के साथ उसकी कमी भी होगी। रूस की परिसंपत्तियां अन्य उत्पादक देशों, जैसे, लीबिया, ईराक, आदि में हैं। शत्रुतापूर्ण परिवेश में रूस इन देशों के खिलाफ कार्रवाई कर सकता है जिससे सप्लाई की उनकी क्षमता प्रभावित होगी और कीमतें बढ़ेंगी। इस बीच ईयू द्वारा रूस से दो तिहाई एनजी खरीद घटाने तथा उसके स्थान पर अन्य स्त्रोतों से एलएनजी प्राप्त करने की बहुचर्चित योजना इस वर्ष के अंत से प्रभावित होगी।

इसका उद्देश्य वैकल्पिक व टिकाऊ सप्लाई बनाना है जिससे रूस से आने वाले आयातों का जोखिम घटाया जा सके। इन प्रयासों का मध्यकालीन या दीर्घकालीन प्रभाव हो सकता है, पर फिलहाल इसके नकारात्मक नतीजे भुगतने होंगे। ईयू ऐसी गैस लेना चाहता है जो रूस में उत्पादित न हो जिसमें मध्यपूर्व व अमेरिका शामिल हैं। इससे गैस के मूल्यों में और वृद्धि होगी और ये वर्तमान समय में 50 डालर प्रति मिलियन बीटीयू से बढ़ कर 100 डालर प्रति मिलियन बीटीयू हो सकता है। वैसे भी ईयू देश आजकल ऊर्जा की बढ़ती कीमतों से बहुत परेशान हैं। एनजी मूल्यों पर नियंत्रण का मामला ईयू की कल्पना से अधिक तेजी से लागू हो सकता है। कोई आश्चर्य नहीं कि समूह के सदस्यों ने अभी कोई सीमा निर्धारित नहीं की है। युद्ध शुरू होने के बाद से अमेरिका और ईयू देशों ने रूस पर प्रतिबंध लगाने का खतरनाक रास्ता अपनाया है। इससे नुकसान के बजाय रूस को और लाभ हुआ है। फरवरी से अगस्त, 2022 तक रूस को तेल, एनजी व कोयले की बिक्री से 158 बिलियन यूरो का राजस्व प्राप्त हुआ। इनमें आधे से अधिक, यानी 85 बिलियन यूरो ईयू समूह से था। रूस का राजस्व बढ़ा है, जबकि उसका निर्यात यूक्रेन पर हमले के पहले समान अवधि की तुलना में 18 प्रतिशत कम हुआ है। अब रूसी तेल व एनजी पर मूल्य सीमा लागू करना इसी दिशा में एक कदम है। इससे उन देशों में जनता की मुश्किलें और बढ़ेंगी जो बढ़ते ऊर्जा खर्च, मुद्रास्फीति तथा अर्थव्यवस्था में सुस्ती का सामना कर रहे हैं।

जी7-ईयू को यह रास्ता छोड़ देना चाहिए। उन्हें स्वीकार करना चाहिए कि वैश्विक रूप से परस्पर निर्भर दुनिया में वस्तुओं व सेवाओं के प्रवाह को राष्ट्रीय सीमाओं के पार जाने में कठोरता से बाधित करने वाले कदमों का विपरीत प्रभाव होगा। तेल व गैस जैसी वस्तु पर निशाना लगाने से नुकसान और अधिक होगा क्योंकि इनकी मात्रा बहुत अधिक है। फरवरी, 2022 के पहले यूरोपीय संघ-ईयू अपनी एनजी आवश्यकता का 40 प्रतिशत तथा कच्चे तेल की आवश्यकता का 25 प्रतिशत रूस से प्राप्त करता था। सुरक्षा मुद्दों तथा अर्थव्यवस्था के बीच घालमेल नहीं होना चाहिए।

# अफगानिस्तान-पाकिस्तान में टकराव



**भूपेंद्र सिंह**
(लेखक, पूर्व सैनिक अधिकारी हैं)

तालिबान अब पाकिस्तान के लिए दूसरी भूमिका नहीं निभाएगा क्योंकि यह अब अपनी पश्तून पहचान पर जोर देगा और अफगान संप्रभुता को आगे बढ़ाएगा। अफगानिस्तान के पूर्व प्रथम उपराष्ट्रपति अमरुल्लाह सालेह (2004-2010 तक अफगान जासूसी एजेंसी, राष्ट्रीय सुरक्षा निदेशालय के प्रमुख) भी पाकिस्तान के पेटेंट दोहरेपन को बात करते नहीं थकते। जब अमेरिका ने दुनिया के सबसे वांछित आतंकवादियों में से एक, अयमान अल-जवाहिरी को कुछ महीने पहले काबुल में एक सुरक्षित परिसर से मार गिराया, तो अमरुल्लाह सालेह ने ट्वीट किया, 'ओसामा बिन लादेन पाकिस्तान में मारा गया और जवाहिरी जीएचक्यू कब्जे वाले काबुल में मारा गया। यदि शम्सी एयरबेस या ओवरफ्लाइट के उपयोग के लिए कीमत इतनी अधिक है, तो एक गोली से दो पंछियों को निशाना बनाने के लिए 'निदेशालय एस' को बहुत मुबारकबाद। इससे पहले एक और 10एम एंड हेड (आईएस-के) का जन्म हो गया था। सिरों को मिलाइए।'' जाने-माने जासूस जिस बात की ओर इशारा कर रहे थे, वो था पाकिस्तान का अपने स्वनिर्मित यानी अफगान तालिबान के प्रति लगातार दोगलापन, अगर 'सौदे' की कीमत (इस संदर्भ में, महत्वपूर्ण सूचनाओं को लीक करना और ओसामा बिन लादेन और अल जवाहिरी, दोनों पर निष्क्रिय रूप से हमलों की सुविधा देना) पाकिस्तानियों के लिए काफी आकर्षक रही हो। आज अफगान तालिबान की बारी है कि वह पाकिस्तान के ना सुधरने वाले तरीकों को समझे) । 1988 में, पाकिस्तानी थल सेनाध्यक्ष, जनरल मिर्जा असलम बेग ने अफगान स्वाथों को नियंत्रित करने और अपने स्वयं के इलाकों और हितों को सुरक्षित करने के लिए मोहरे के बतौर 'रणनीतिक गहराई' की अवधारणा को प्रतिपादित किया था।



जनरल बेग का एक संदिग्ध अतीत था जिसमें हवाई जहाज दुर्घटना में आंतरिक भूमिका निभाने के आरोप शामिल थे, जिसमें जनरल जिया, परमाणु प्रसार, और यहां तक कि अति-रूढ़िवादी राजनेताओं के फेरबदल और वित्तपोषण करना शामिल था - सोवियत युग के बाद अफगानिस्तान को नियंत्रित करने की उनकी स्वाभाविक प्रवृत्ति स्वाभाविक रूप से मैकियावेलियन थी। जल्द ही पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) ने नसीरुल्लाह बाबर, मौलाना फजल-उर-रहमान, जैसों को राजनीतिक समर्थन देने के साथ, मौलाना मोहम्मद उमर के वैचारिक संरक्षण के तहत, मदरसों में छात्रों को संरक्षण देना, वित्त पोषण करना और आकार देना शुरू कर दिया। हालांकि यह पाकिस्तानियों के लिए स्वार्थी भू-राजनीति थी, मगर यह बड़े पैमाने पर अशिक्षित तालिबानियों के लिए जिहादी शुद्धतावाद और संशोधनवाद था, जिसे अपनी स्वतंत्रता (जैसा कि उन्होंने पहले भी किया था) और पाकिस्तानियों से समर्थन हासिल करने के लिए एक निरंतर संतुलन अधिनियम की आवश्यकता थी। ऐतिहासिक रूप से, आम पश्तून पाकिस्तानी राज्य पर भरोसा नहीं करते थे और न ही विवादास्पद डुरंड रेखा को मान्यता देते थे, लेकिन परिस्थितियों ने विश्वास दिलाया कि तालिबान पाकिस्तान के प्रति निष्ठा व नजदीकी महसूस करता है। लेकिन जैसा कि हमेशा चरमपंथी विद्रोहियों के किसी भी धार्मिक तनाव का समर्थन करने का मामला होता है, यह कभी भी एक अखंड या अनुशासित सेट-अप नहीं रहता है, पाकिस्तान एक मुवक्किल-राज्य के रूप में संतुष्ट था और एक मुआवजे के रूप में, पश्तूनिस्तान की कुलबुलाती मांग पर अंकुश लगाता था। लेकिन इस व्यवस्था को हस्तक्षेप और मार्गदर्शन की सीमाओं तक सीमित कर दिया गया था कि कानूनविहीन तालिबानियों ने पाकिस्तानियों को मौका दिया जिसके कारण जल्द ही ओसामा बिन लादेन को शरण देकर उन्होंने अमेरिका के क्रोध को आमंत्रित किया। तालिबानियों को जल्द ही 20 साल के लिए निर्वासित कर दिया गया था और दुबारा पाकिस्तानी उनके मुख्य प्रायोजक और अनुरक्षक थे, इस्लामाबाद कथित तौर पर वैश्विक 'आतंकवाद पर युद्ध' में शामिल हो रहा था और खरगोश के साथ दौड़ रहा था और शिकारी कुत्ते के साथ शिकार कर रहा था।

2021 पर आते हैं, तालिबान फिर से काबुल पर धावा बोलता है और तत्कालीन पाकिस्तानी आईएसआई प्रमुख, लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद काबुल को इसके निर्माण पर, यानी, तालिबान को बधाई देने वाले पहले लोगों में से हैं - पाकिस्तानियों के लिए सब कुछ एकदम सही दिखता है, सिवाय इसके कि ऐसा है नहीं, क्योंकि खामियां सुखद नजारे से परे मौजूद रहती हैं। तालिबान सरकार का कैबिनेट गठन पाकिस्तानी नियंत्रण व महत्वाकांक्षा के लिए पहली परीक्षा बन जाता है क्योंकि यह पाकिस्तानी हस्तक्षेप से नाराज कई गुटों को छोड़ देता है। तालिबानी खुद को एक स्वाभिमानी संप्रभु के रूप में दावा करना पसंद करते हैं जो किसी भी विदेशी शक्ति के अधीन नहीं है, पाकिस्तानियों के भी यह सुविधा का रिश्ता नहीं बना रहता है, यह कभी-कभी भड़क उठता है। इस्लामाबाद के साथ सह-धार्मिकता एक सीमा से परे सारहीन है, क्योंकि पश्तूनों की जातीयता कहीं अधिक भावनात्मक मामला है, इसलिए डुरंड लाइन की वैधता पर सवाल उठाने का भूत बार बार सिर उठाता है, और तालिबान ज्यादा कुछ नहीं कर सकता। आज, अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सुरक्षा बलों को निशाना बनाना एक नियमित मामला बन गया है। लाइन-ऑफ-कंट्रोल (एलओसी) पर जितने पाकिस्तानी सुरक्षा बल मारे जाते हैं, उससे कहीं अधिक पाकिस्तानी सुरक्षा बल अफगानिस्तान-पाक डूरंड लाइन पर मारे जाते हैं। कुछ दिन पहले 6 लोग मारे गए थे और 17 घायल हो गए थे जब अफगान सीमा बलों पर पाकिस्तानियों को 'अकारण और अंधाधुंध गोलीबारी' का दोषी ठहराया गया था। माना जाता है कि यह उस सीमा चौकी पर तोपखाने और मोर्टार सहित भारी हथियारों का इस्तेमाल किया गया था, जिसे हाल ही में सीमापार से बहुधा गोलीबारी होने के उपरांत 'अनिश्चित काल' के लिए बंद करने के बाद पुन: खोल दिया गया था। तालिबान नेतृत्व खुलकर पाकिस्तानियों के खिलाफ लामबंद हो रहा है। तहरीक-ए-तालिबान (टीटीपी) का घातक पुनरुत्थान शायद ही कोई संयोग हो।

मध्य एशियाई राज्यों के साथ वांछित कनेक्टिविटी पर कोई प्रगति नहीं होने से पाकिस्तानी अलग से निराश हैं - बल्कि, कृतज्ञता और दुश्मनी की भावना बनी हुई है। स्पष्ट रूप से, पाकिस्तान ने हवा में बहुत सारी गेंदों को उछालने की कोशिश की, जिनमें से कोई भी अफगान की जरूरतों से संबंधित नहीं थी - यह एक एहसास और परिणाम है जो नजर आ रहा है।

## आप की बात

### फिल्मों का विरोध

**किसी** भी धर्म, जाति, विशेष का तुष्टीकरण या विरोध दोनों ही ठीक नहीं है। कला का समाज पर व समाज का कला पर हमेशा ही पूरक प्रभाव पड़ता है। हमें किसी भी कला को जाति, धर्म, समुदाय विशेष से जोड़कर नहीं देखना चाहिए । जब तक कि आपत्ति वास्तविक ना हो। भारतीय फिल्म बाजार सालाना लगभग 220 बिलियन का है। फिल्मों का बाजार बदला है। ओटीटी के साथ ही कोविड-19 के आने से लोगों ने सिनेमाघरों में जाकर फिल्म देखने से बचने लगे हैं। इससे फिल्मों का को व्यापक स्तर पर आर्थिक नुकसान नुकसान पड़ा है, अन्य राजनीतिक भी अभी उनके पक्ष में नहीं है। हमें विशेष ध्यान देना चाहिए कि एक फिल्म बनने के पीछे हजारों लोगों को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त होता है। फिल्मों का विरोध कर हम अदृश्य रूप से इन पर हमला कर रहे होते हैं। फिल्मों के कंटेंट तथा दृश्यों से आपत्ति होने पर हमें फिल्म प्रमाणन बोर्ड के पास जाना चाहिए, नकि स्वतंत्र रूप से इसका विरोध किया जाना चाहिए । इससे व्यर्थ की फज़ीहत होने से भी बचा जा सकेगा। भारत एक संप्रभु और संविधान द्वारा बताए रास्तों पर चलने वाला वाला देश है। हमें किसी भी तरह से इन मूल्यों से अलग हटकर नहीं जाना चाहिए।

**अतुल कुमार सोनू,** प्रयागराज

### दूरसंचार में प्रगति

**पिछले** दो दशकों को भारत में दूरसंचार उद्योग के लिए स्वर्ण काल माना जाता है। जिसने प्रौद्योगिकी और पैठ के साथ ही नीति निर्धारण के मामले में घातांक की वृद्धि तथा विकास दर्ज किया है। वर्तमान में भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा दूरसंचार बाजार है और पिछले दशक में इसने मजबूत वृद्धि दर्ज की है। भारत में दूरसंचार क्षेत्र के विकास के बहुत सारे चालक तत्व हैं जिनमें नीति का समर्थन और बढ़ता निवेश मुख्य हैं, और हमारी सरकार ने भी इससे संबंधित बहुत सारी सरकारी पहलें करी हैं जिसमें भारत नेट प्रोजेक्ट, प्रधानमंत्री वाईफाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस, दूरसंचार विधेयक 2022 शामिल है। हालांकि इस क्षेत्र में बहुत सारी चुनौतियां भी हैं जैसे कि अपर्याप्त फिक्स्ड लाइन पैठ और कचरे के कुशल निपटान का अभाव। इसके साथ-साथ भारत में पर्याप्त टेली घनत्व तो प्राप्त किया गया है लेकिन शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में पैठ के बीच एक बड़ी विसंगति मौजूद है उसके लिए हमें डिजिटल कौशल के साथ डिजिटल अवसंरचना क्षेत्र, बेहतर डाटा प्रबंधन और शिकायत निवारण एवं प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना और क्षमताओं को साझा करना होगा जिससे दूरसंचार क्षेत्र में समावेशी विकास होगा।

**सुदर्शन सोराड़ी,** उधम सिंह नगर

### बूस्टर डोज़ जरूरी

**भारत** सरकार दुनिया में कोविड के नए केसों को देखते हुए अलर्ट हो गई है। एहतियात बरतते हुए एयरपोर्ट पर विदेशी यात्रियों की रैंडम सैंपलिंग भी शुरू कर दी गई है। यह स्वागत योग्य है। चीन से आने वाली सभी उड़ानें प्रतिबंधित की जाए और बड़े समारोह, जुलूस व पदयात्राओं पर देशभर में पाबंदी लगाई जाए। एक और अजूबा यह देखने में आया है कि जो लोग अब बूस्टर डोज की पात्रता रखते हैं और वे बूस्टर डोज लगवाने जा रहे हैं तो पता चलता है कि उनके नाम का बूस्टर डोज लगाया जा चुका है और सर्टिफिकेट जारी किया जा चुका है। यह एक नया घोटाला सामने आया है। लगता है स्वास्थ्य कर्मियों ने टीकाकरण के पात्रों के अब तक न आने के कारण उनको लगने वाले टीके ब्लैक में बेच दिए और उनके नाम के सर्टिफिकेट भी जारी कर दिए गए हैं। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल जांच करके दोषियों को सख्त सजा दी जाए। जिन लोगों ने बूस्टर डोज नहीं लगवाए हैं उन्हें तत्काल बूस्टर डोज लगवा लेना चाहिए। सरकार को विशेष जांच व जागरूकता अभियान चलाना चाहिए।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**ऐसे** कई एनजीओ हैं जो भारतीय समाज को विघटित करना चाहते हैं। कुछ भारतीय समाज पर अत्याचार करना चाहते हैं। इनके लिए सरकार की नीति एक जैसी नहीं हो सकती।

**- अमित शाह**
केंद्रीय गृहमंत्री



**राष्ट्रपति** जेलेंस्की और यूक्रेन के लोगों ने जो हासिल किया है वह पूरी दुनिया के लिए मायने रखता है। संयुक्त राज्य अमेरिका और यूक्रेन मिलकर स्वतंत्रता की लौ को प्रज्वलित रखेंगे।

**- जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति



**कांग्रेस** पार्टी बार-बार चर्चा की मांग कर रही है। राष्ट्रहित में क्या महत्वपूर्ण है, इस पर विचार करना चाहिए।

**- किरन रिजिजू**
केंद्रीय मंत्री

सीएम योगी ने आला अफसरों के साथ की कानून-व्यवस्था की समीक्षा

# हर स्तर के अफसर तैनाती क्षेत्र में ही करें रात्रि विश्राम: मुख्यमंत्री

● नशे के आदी पुलिस कर्मियों की सेवा समाप्त करने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि हर स्तर के फील्ड में तैनात अधिकारी अपने तैनाती क्षेत्र में ही रात्रि विश्राम करें। दूसरे क्षेत्र में निवास न करें। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा इस व्यवस्था के अनुपालन के लिए औचक निरीक्षण किया जाए। कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विगत दिनों तीन नए कमिश्नरेट सृजित किए गए हैं। अब प्रदेश में सात कमिश्नरेट संचालित हैं। कमिश्नरेट में सभी डीसीपी के कार्यालय और आवास उनके प्रभार वाले क्षेत्र में ही बनाए जाएं।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों और जोन, मंडल, रेंज व जिला स्तर के अधिकारियों के साथ प्रदेश की कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि समन्वित प्रयासों से विगत साढ़े पांच वर्ष की अवधि में प्रदेश में महिला एवं बाल अपराध के मामलों में बड़ी गिरावट आई है। ऐसे मामलों में प्रशासन को अतिरिक्त संवेदनशीलता बरतनी होगी। प्रकरणों में अभियोजन को और प्रभावी बनाया जाए। बेटियों-महिलाओं के साथ छेड़खानी करने वाले शोहदों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई हो। ऐसे शोहदों की पहचान के लिए सक्रियता बढ़ाई जाए। पुलिस बल हर दिन फुट पेट्रोलिंग करें। वरिष्ठ अधिकारी भी फुट पेट्रोलिंग में भाग लें। आगामी 25 दिसंबर को क्रिसमस का त्योहार है। सभी धर्मगुरुओं के साथ संवाद बनाते हुए शांतिपूर्ण माहौल के बीच क्रिसमस आयोजन मनाने की व्यवस्था हो। यह सुनिश्चित किया जाए, कहीं भी धर्मांतरण की घटना न होने पाए। प्रयागराज में त्रिवेणी तट पर माघमेला की तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं। हर श्रद्धालु-हर कल्पवासी अपने व्रत-संकल्प की पूर्ति अपनी आस्था अनुरूप कर सकें, इसके लिए हमें अच्छी व्यवस्था देनी होगी। प्रदेश में अवैध शराब की निर्माण, क्रय, विक्रय की एक भी घटना घटित न हो, इसके लिए ठोस कार्रवाई करने की जरूरत है। पुख्ता सूचना जुटाकर अवैध शराब के ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की जाए। दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाए। नशे के आदि पुलिसकर्मियों को फील्ड की जिम्मेदारी कतई न दी जाए। ऐसे लोगों को चिन्हित कर इनकी सेवाएं समाप्त की जानी चाहिए। जनसमस्याओं और जनशिकायतों का मेरिट आधारित त्वरित समाधान पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने कोविड से बचाव की तैयारियों, शीतलहर में आम जन को अधिकधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जारी प्रयासों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस/सीएम हेल्पलाइन जनता की समस्याओं के निदान का अच्छा माध्यम बन कर उभरा है। इसके प्रकरण लंबित न रहें। इनकी हर कार्यालय में सतत समीक्षा होनी चाहिए। फील्ड में तैनात अधिकारी/कर्मचारी जनसमस्याओं के निस्तारण को शीर्ष प्राथमिकता दें। आमजन के साथ संवेदनशील व्यवहार रखें। थाना दिवस और तहसील दिवस को और प्रभावी बनाया जाना आवश्यक है। यह सुनिश्चित करें कि शिकायतों का निस्तारण अगले थाना/तहसील दिवस से पूर्व जरूर हो जाए। जनसुनवाई की इन तिथियों को व्यापक प्रचार-प्रसार करें। यहां आने वाले मामले कतई लंबित न रहें। उन्होंने कहा कि मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, पुलिस कप्तान, डीआईओएस, बीएसए, जिला पूर्ति अधिकारी जैसे जनता से सीधा जुड़ाव रखने वाले सभी अधिकारी अपने कार्यालयों में ही आम जन से मिलें, उनकी शिकायतों/समस्याओं को सुनें और मेरिट के आधार पर निस्तारित करें। कैंप कार्यालय की व्यवस्था केवल कार्यालय अवधि के उपरांत अथवा अवकाश के दिनों में ही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि औद्योगीकरण के लिए बेहतर कानून-व्यवस्था और पर्याप्त लैंड बैंक प्राथमिक अनिवार्यता है। प्रदेश की सुदृढ़ कानून-व्यवस्था से दुनियाभर के निवेशक प्रभावित हैं। हमें लैंड बैंक के विस्तार की दिशा में और प्रयास करने की जरूरत है। आपके जिले में उद्योग तभी स्थापित होंगे, जब वहां भूमि की उपलब्धता होगी। ऐसे में लैंड बैंक विस्तार के लिए जिलाधिकारी स्वयं रुचि लेकर कार्य करें।

**धर्मस्थलों पर दोबारा न लगें लाउडस्पीकर, न चलें अवैध टैक्सी स्टैंड:** मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ माह पूर्व सहज संवाद के माध्यम से हमने धर्मस्थलों से लाउडस्पीकर हटाये जाने की अभूतपूर्व कार्रवाई सम्पन्न की थी। लोगों ने व्यापक जनहित को प्राथमिकता देते हुए स्वत: स्फूर्त से लाउडस्पीकर हटाए। इसकी पूरे देश में सराहना हुई थी। हाल के दिनों में जनपदीय दौरों के समय मैंने अनुभव किया है कि कुछ जिलों में पुन: यह लाउडस्पीकर लगाए जा रहे हैं। यह स्वीकार्य नहीं है। तत्काल संपर्क-संवाद कर आदर्श स्थिति बनाई जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसी भी जनपद में अवैध टैक्सी स्टैंड, बस स्टैंड/रिक्शा स्टैंड संचालित न हों। ऐसे स्टैंड पर अवैध वसूली होने को बढ़ावा देते हैं। यह वसूली समाजविरोधी कार्यों में उपयोग होती है। जहां कहीं भी ऐसी गतिविधियां संचालित हो रही हों, उन्हें तत्काल बंद कराया जाए। टैक्सी स्टैंड के लिए ठेकेदार स्थान निर्धारित करें।

**सभी जिलों में क्रियाशील हों रैन बसेरे:** मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जिलों में रैन बसेरे क्रियाशील होने चाहिए। जिलाधिकारी स्वयं रैन बसेरों की व्यवस्था का औचक निरीक्षण करें। जहां आवश्यकता हो सुधार कराएं। शीतलहर के बीच सड़क पर कोई भी व्यक्ति सोता हुआ नजर न आए। हर जरूरतमंद को रैन बसेरे की सुविधा उपलब्ध हो।

## परिवहन मंत्री के छापे के दौरान जब्त मोबाइलों की एसटीएफ करेगी जांच

● वाहनों की ओवर लोडिंग व अनधिकृत संचालन की समय-समय पर जांच करें अधिकारी: दयाशंकर सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने बताया कि बीते बृहस्पतिवार को लखनऊ में मौरंग मंडी में ओवरलोड और अनाधिकृत वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। छापे की कार्रवाई के दौरान वाहन चालकों एवं दलालों से जब्त मोबाइलों की जांच एसटीएफ को दी गई है। जांच में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा है कि छापे की कार्रवाई के दौरान दलाल और ट्रक चालक कार्रवाई की लोकेशन अपने साथियों को शेयर कर रहे थे।

दयाशंकर सिंह ने कहा कि बार-बार पकड़े जाने वाले वाहनों की परमिट निरस्त करने पर भी विचार किया जा रहा है। जिससे कि बिना नम्बर प्लेट, बिना डाक्युमेंट एवं ओवरलोड के अंतर्गत पकड़े जाने वाले वाहन स्वामी ऐसा दोबारा न करें। उन्होंने कहा कि खनन विभाग के लोग लोडिंग प्वाइन्ट पर ही सख्ती करें तो परिवहन विभाग को भी आसानी होगी।

सिंह ने कहा कि सख्ती के बावजूद बहुत से वाहन ओवरलोड एवं अनाधिकृत संचालन कर रहे थे, जिसकी शिकायतें मिलने के पश्चात औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ओवरलोड वाहनों को पकड़ा गया एवं कड़ी कार्रवाई के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। उन्होंने कहा कि समय-समय पर अधिकारियों एवं मेरे द्वारा औचक जांच की जाएगी, जिससे कि ओवरलोडिंग की कार्रवाई को रोकी जा सके।

## मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड किया जाए सभी कर्मियों का डाटा: मुख्य सचिव



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गाशंकर मिश्र ने कहा कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं कि मानव संपदा पोर्टल पर सभी कार्मिकों का डाटा अपलोड किया जाए। ऐसी व्यवस्था की जाए कि पोर्टल पर कार्मिक अपना डाटा स्वयं भरें। प्रशिक्षण की जरूरत होने पर कार्मिकों का प्रशिक्षण करा दिया जाए। मुख्य सचिव ने शुक्रवार को मानव संपदा पोर्टल के कामकाज संबंधी बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानव संपदा पोर्टल के उपयोग से कार्मिकों के कार्यों में तेजी आएगी।

इससे कर्मचारियों को इसका काफी लाभ मिलेगा। जिन विभागों में कार्मिकों का डाटा अभी तक पोर्टल पर फीड नहीं किया है, जल्द से जल्द फीड करा कर उसे सत्यापित करा दिया जाए। विभागों में अवकाश तथा स्थानान्तरण के आवेदन पत्र मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से ही प्राप्त किए जाएं। इसके अतिरिक्त मानव संपदा पोर्टल पर प्राप्त होने वाले अवकाश सहित अन्य आवेदनों को सक्षम अधिकारी द्वारा निर्धारित समयावधि में निस्तारित किए जाएं। इस कार्य में तेजी लाने के लिए सभी विभागों में नोडल अधिकारी नामित किए जाएं।

बैठक में अपर मुख्य सचिव सचिवालय प्रशासन हेमन्त राव, अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक देवेश चतुर्वेदी उपस्थित थे।

## आज से शुरू होगा 'संकल्प अटल, हर घर जल' जन जागरूकता अभियान

● भारत रत्न अटल के जन्मदिन पर हजारों ग्रामीणों को मिलेगा शुद्व पेयजल का तोहफा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश सरकार भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेई की 98वीं जयंती को सबसे खास अंदाज में मनाने जा रही है। पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती की पूर्व संध्या 24 दिसम्बर से 'संकल्प अटल, हर घर जल' अभियान का आगाज किया जा रहा है। इस दौरान ब्लाक, गांव, स्कूलों, आंगनबाड़ी और पंचायतों में सप्ताह भर जल जागरूकता कार्यक्रम होंगे। इतना ही नहीं 25 दिसम्बर को हजारों ग्रामीणों को नल कनेक्शन का तोहफा भी दिया जाएगा। एक दिन में 98 हजार से अधिक नल कनेक्शन देने का लक्ष्य तय किया गया है। इस बारे में राज्य सरकार की ओर से दिशा-निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं।

25 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री की 98वीं जयंती को यादगार बनाने के लिए एक दिन में सर्वाधिक नल कनेक्शन देने का लक्ष्य रखा गया है। इस संबंध में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र की उत्कृष्ट परंपराओं के प्रबल संवाहक पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने ग्रामीण विकास का जो सपना देखा था उसको राज्य की योगी सरकार पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा गांव में निवास करने वाले जन-जन तक शुद्व पेयजल पहुंचाने के साथ ही उनको हर घर जल योजना के प्रति जागरूक करने की है। प्रदेश में 24 से 31 दिसम्बर तक चलने वाले 'संकल्प अटल, हर घर जल' जन जागरूकता सप्ताह में ग्रामीण परिवारों को अधिक से अधिक नल कनेक्शन देने के साथ जन जागरूकता के विविध आयोजन होंगे। स्कूलों के बच्चे जहां रैलियां निकालकर गांवों वालों को पानी की महत्ता बताएंगे।

## देश को बचाने के प्रयास में जुटे हर व्यक्ति की है भारत जोड़ो यात्रा: धीरज



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में 'भारत जोड़ो यात्रा' 3 जनवरी 2023 को उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगी। उत्तर प्रदेश में यात्रा के सफल आयोजन के लिए उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अवध प्रांत, पूर्वांचल प्रांत तथा बुंदेलखंड प्रांत से संबन्धित समस्त प्रदेश पदाधिकारयों, जिला व शहर अध्यक्षों और लोकसभा चुनाव 2019 एवं विधानसभा चुनाव 2022 के कांग्रेस प्रत्याशियों की एक महत्वपूर्ण तैयारी बैठक हुई। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव धीरज गुर्जर, राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल एवं नीलाशू चतुर्वेदी मौजूद रहे। प्रवक्ता संजय सिंह ने बताया कि बैठक में राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी देश में व्याप्त नफरत के माहौल को समाप्त करने के लिए भारत जोड़ो यात्रा कर रहें हैं। यह सिर्फ कांग्रेस पार्टी की यात्रा नहीं है बल्कि हर उस व्यक्ति की यात्रा है जो इस देश को बचाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि इसी क्रम में यह यात्रा उत्तर प्रदेश के जनपद गाजियाबाद से शुरू होकर जनपद बागपत, तथा शामली होते हुए हरियाणा के लिए प्रस्थान करेगी। ऐसे में हम सबको देश को जोड़ने वाली इस यात्रा में अपने अधिक से अधिक साथियों के साथ बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना है तथा यात्रा के उद्देश्य को जन-जन तक पहुंचाना है। इसके लिए हमें अभी से तैयार होने की आवश्यकता है। बैठक में उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे, प्रांतीय अध्यक्ष वीरेन्द्र चौधरी, अनिल यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष विश्व विजय सिंह, संगठन सचिव अनिल यादव, प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह, कोषाध्यक्ष शिव पांडेय प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### व्यापारी नेता साथियों सहित कांग्रेस में शामिल



**लखनऊ।** कांग्रेस पार्टी की नीतियों और विचारधारा से प्रभावित होकर उन्नाव से युवा नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष सुमित गुप्ता अपने साथियों सहित शुक्रवार को पार्टी में शामिल हो गए। उनके साथ राहुल शुक्ला, रोहित यादव, मोहम्मद कादिर, नितिनए,अशोक गुप्ता, आकाश मिश्रा, अमित गुप्ता आदि ने प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे और राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर के समक्ष तथा जिलाध्यक्ष उन्नाव आरती बाजपेइ की मौजूदगी में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## भाजपा की नीतियां कभी किसानों के पक्ष में नहीं रहीं

● सपा मुख्यालय सहित विभिन्न जिलों में सादगी से मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यध्यक्ष अखिलेश यादव ने किसानों की समृद्धि के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को नमन करते हुए कहा कि चौधरी साहब की आर्थिक नीतियों के चलते ही देश के किसानों के प्रति न्याय का रास्ता प्रशस्त हुआ है। समाजवादी पार्टी उनके रास्ते पर चलते हुए किसानों को न्याय दिलाने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि भाजपा का राजनीतिक एजेंडा और आर्थिक नीतियां कभी भी किसानों के पक्ष में नहीं रही है। भाजपा ने सदैव गांव और गरीब की उपेक्षा की है। भाजपा सरकार की बेरुखी खेतों और उसमें उत्पादित फसलों के प्रति हमेशा रही है। भाजपा सरकार में किसानों को न तो फ सलों पर एमएसपी मिली और न ही समय से खाद, बीज, कीटनाशक मिला। उसकी आय भी दुगनी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि चौधरी साहब को नमन करते हुए कहा कि उनके बताए हुए रास्ते से ही गांवों का विकास तथा किसानों की तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा। चौधरी साहब का मानना था कि जब तक देश के किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार नहीं होगा तब तक देश की तरक्क ी नहीं हो सकती है।

समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों में आज पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 120वीं जयंती सादगी से मनाई गई। उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके बताए रास्ते पर चलने का समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया। राजधानी लखनऊ में समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल सहित पूर्व मंत्री एसपी सिंह, पूर्व एमएलसी अरविन्द कुमार सिंह, लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर सुधीर पंवार एवं प्रोफेसर विनोद सिंह ने चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया।

जवानों के निधन पर गहरा शोक जताया है। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की और संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

### सिक्किम में हुए हादसे में सेना के जवानों के निधन पर अखिलेश ने शोक जताया

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सिक्किम के जेमा इलाके में सेना के ट्रक के खाई में गिरने से तीन जेसीओ समेत 16 जवानों के निधन पर गहरा शोक जताया है। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की और संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

## इंटर्नशिप-अप्रेन्टिसशिप कार्यक्रम युवाओं में हो रहा है लोकप्रिय

**लखनऊ।** अपर मुख्य सचिव चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास संजय आर. भूसरेड्डी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा कार्यालयों एवं औद्योगिक इकाईयों की मांग के अनुरूप कुशल मानव संसाधन तैयार करने के लिए प्राविधान किए गए हैं। जिसके अन्तर्गत भारत सरकार की नेशनल अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग स्कीम के माध्यम से ग्रेजुएट डिप्लोमा इंजीनियर अप्रेंटिसशिप के लिए उपलब्ध कराए जाने की योजना पर विभाग द्वार पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन आदि प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है तथा सहकारी एवं निगम क्षेत्र की चीनी मिलों को ग्रेजुएट डिप्लोमा इंजीनियर उपलब्ध होने प्रारम्भ हो गए हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए अपर मुख्य सचिव ने बताया कि इस योजना के अर्न्तगत अभ्यर्थी को मासिक स्टाइपेन्ड ग्रेजुएट इंजीनियर को 9000 रुपए तथा डिप्लोमा इंजीनियर को 8000 रुपए दिए जाने का प्राविधान है, जिसमें 50 प्रतिशत प्रतिपूर्ति भारत सरकार द्वारा चीनी मिलों को की जाएगी। इच्छुक अप्रेंटिस आवेदन कर सकते हैं। सहकारी चीनी मिलों में नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम के अर्न्तगत 722 आईटीआई उत्तीर्ण छात्र तथा विभागीय इंटर्नशिप कार्यक्रम के अर्न्तगत आईटीआइ डिप्लोमा बीटेक के अध्ययनरत् 554 छात्र लाभान्वित हुए हैं।

## इन्वेस्टर्स समिट में मेहमानों के ठहरने व आदर सत्कार की तैयारियों में जुटा पर्यटन विभाग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में दुनिया भर के निवेशकों से निवेश आकर्षित करने के लिए फरवरी 2023 में प्रस्तावित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए पर्यटन विभाग जोर-शोर से तैयारी कर रहा है। इस समिट में देशी-विदेशी अतिथि पधारेंगे। इनके आदर-सत्कार एवं ठहरने के लिए होटल की बुकिंग, अतिथियों के लिए आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने को होटलों की लिस्ट बनाने व होटलों में अलग-अलग देशों के व्यंजन तैयार करने के लिए कुकर्स को हॉयर करने की कार्रवाई कराई जा रही है। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि कॉन्फ्रेंस के समय होटलों में तैनाती करने सम्बंधी समस्त व्यवस्थाएं उप निदेशक पर्यटन लखनऊ द्वारा जिला प्रशासन लखनऊ के माध्यम से कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में देशी-विदेशी निवेशकों के माध्यम से 10 लाख करोड़ निवेश जुटाने का लक्ष्य मुख्यमंत्री ने रखा है। इसके लिए राज्य सरकार के विभिन्न विभाग तैयारियों में जुटे हुए हैं।

## जाली नोट के सौदागरों को सजा

विधि संवाददाता। लखनऊ



**एनआईए** एटीएस के विशेष जज विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने जाली नोट का कारोबार करने के एक मामले में दोषी करार दिए गए मुल्जिम मिथुन उर्फअब्दुल मतीन को छह वर्ष व घनश्याम गुप्ता तथा अनीता गुप्ता को पांच.पांच वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। 11 अक्टूबरए 2011 को इस मामले की एफआईआर थाना एटीएस में दर्ज हुई थी। विशेष लोक अभियोजक एमके सिंह के मुताबिक इनके पास से तीन लाख के नकली भारतीय नोट बरामद हुए थे। यह पश्चिम बंगाल के मालदा से जाली नोट देश के विभिन्न हिस्सो में सप्लाई करते थे। विवेचना के बाद इन सबके खिलाफआइपीसी की धारा 489 बीए 489 सी व 120 बी के तहत आरोप पत्र दाखिल हुआ था।

## औद्योगिक विकास मंत्री ने मुख्यमंत्री को सौंपी तीन देशों के दौरे की रिपोर्ट

### जर्मनी, बेल्जियम और स्वीडन के नौ दिन के दौरे में प्राप्त हुए 77,140 करोड़ के प्रस्ताव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**औद्योगिक** विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास 5 कालीदास मार्ग पर मुलाकात कर उन्हें अपने विदेश दौरे की रिपोर्ट सौंपी। यूपी ग्लोबल इनवेस्टर समिट 2023 में विदेशी निवेशकों को आमंत्रित करने के लिए तीन देशों का दौरा कर लौटने के बाद मंत्री नन्दी ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर यूरोप के तीन प्रमुख देशों जर्मनी, बेल्जियम, स्वीडन के भ्रमण व प्रस्तावित निवेश की विस्तृत रिपोर्ट को सौंपा। मंत्री नन्दी ने मुख्यमंत्री को बताया कि तीन देशों के नौ दिवसीय दौरे में करीब 77,140 करोड़ रूपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

टार्गेटेड कम्पनियों के मुख्यालयों व निर्माण इकाइयों का भ्रमणए शीर्ष उद्यमियों व प्रवासी भारतीयों के साथ बैठक के बारे में माननीय मुख्यमंत्री जी को विस्तार से अवगत कराया।

मुख्यमंत्री जी दौरे की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि तीनों देशों की प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा डिफेंसए फिल्म सिटीए मेडिकल डिवाइसए वेस्ट मैनेजमेंटए टेक्सटाइल्स जैसे महत्वपूर्ण सेक्टर्स में लगभग रुपये 77 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। यूपी जीआईएस 2023 प्रदेश की औद्योगिक व आर्थिक प्रगति को नया आयाम देगा। यह आयोजन संकल्प से सिद्धि और सिद्धि से समृद्धि का महोत्सव साबित होगा। मंत्री नन्दी ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश नये भारत का ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है। विभिन्न रोड शो के दौरान वैश्विक निवेशकों एवं उद्यमियों के बीच प्रदेश में निवेश व उद्योग लगाने को लेकर उत्साह स्पष्ट दिखाई दिया। यूपी जीआईएस 2023 प्रदेश की औद्योगिक व आर्थिक प्रगति को नया आयाम देगा। यह आयोजन संकल्प से सिद्धि और सिद्धि से समृद्धि का महोत्सव साबित होगा। मुख्यमंत्री जी ने प्रतिनिधि मण्डल द्वारा भ्रमण से पूर्व की कार्ययोजनाए प्रभावी रणनीति और प्राप्त सकारात्मक परिणामों की सराहना की। मत्री नन्दी ने कहा कि भ्रमण से पूर्व व्यापक रूप से कार्य योजना तय की गई। जिसमें आपके द्वारा गठित प्रतिनिधिमंडल में हमारे साथ माननीय लोक निर्माण मंत्री श्री जीतिन प्रसाद जी और प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारी श्री नवनीत सहगल जीए श्री सैंथिल पाण्डियन जी और श्री प्रांजल यादव जी सम्मिलित थे। तीन देशों के दौरे के पूर्व हमने सम्बंधित देशों के दूतावासों के सक्षम अधिकारियों के साथ ही सीआईआई के प्रतिनिधियों के साथ वीडियो कॉल के माध्यम से बैठक कर भ्रमण के उद्देश्यों पर विस्तृत चर्चा की। टार्गेट कम्पनीजए निवेशकों के कार्यालयों और फैक्ट्री के भ्रमण का कार्यक्रम तैयार किया। प्रदेष सरकार की सेक्टर वाइस औद्योगिक नीतियों से उन्हें अवगत कराया और रोड शो के महत्व एवं यूपीजीआईएस 2023 के लक्ष्यों को रेखांकित किया।

## 93 करोड़ की फर्जीवाड़ा में अभियुक्त की जमानत खारिज

**लखनऊ (विसं)।** एडीजे सोमप्रभा मिश्रा ने 93 करोड़ का फर्जीवाड़ा करने के मामले में निरुद्ध मुल्जिम कवि नेहरा की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। उन्होंने प्रथम दृष्टया इसके अपराध को गंभीर करार दिया है। इस मामले की एफआईआर पिकेसिया पावर ट्रआंसमिशन के निदेशक प्रशांत सिंह ने थाना विभुतिखंड में दर्ज कराई थी। सरकारी वकील नवीन त्रिपाठी के मुताबिक मुल्जिम इस कम्पनी का पार्टनर है। उसने इस मामले के दूसरे मुल्जिम के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेज के जरिए मिनिस्ट्रीअ आफ कारपोरेट अफेयर के मास्टर डेटा में प्रशांत के स्थान पर अपना नाम दर्ज करा लिया। फिर आईसीआईसीआई बैंक की गुरुग्राम शाखा में प्रशांत के आधार व पैन कार्ड का प्रयोग कर दो खाता खोला गया। जिसमें कोंकण रेलवे कारपोरेशन से 93 करोड़ का भुगतान करा लिया गया। यह भुगतान प्रशांत की नई कम्पनी पीएसजेवीएलएलपी द्वारा कराए गए कार्यो के एवज में था।

# दृष्टि बाधित दिव्यांग बच्चों को दिया गया पांच दिवसीय प्रशिक्षण

संवाददाता। सीतापुर



**जनपद सीतापुर** में संस्था साइट सेवर्स इंडिया द्वारा समेकित शिक्षा विभाग के सहयोग से कक्षा 4 तथा 8 के दृष्टि बाधित दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरणों यथा ब्रेल, डेज़ी प्लेयर व स्मार्टफ़ोन पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सिधौली विकास खंड में 19 दिसंबर से 23 दिसंबर तक किया गया। प्रशिक्षण का उद्घाटन खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा माँ सरस्वती पर पुष्पांजलि अर्पित के बाद दीप प्रज्वल्लित कर किया गया। साइट सेवर्स इंडिया जिला समन्वयक अनामिका सिंह द्वारा जनपद में किये जा रहे कार्यों पर प्रकाश डालते हुए प्रशिक्षण के उद्देश्यों के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में लखनऊ से बुलाये गए प्रशिक्षक अरविन्द राठौर ने बताया कि इन पांच दिनों दौरान बच्चों के साथ . साथ अभिभावकों ने ने भी पूर्ण रुचि के साथ प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण के माध्यम से कक्षा 4 से 8 तक के कुल कुल 20 दृष्टि दिव्यांग बच्चों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा साथ ही उनके अभिभावकों ने भी प्रतिभाग किया। इस अवसर साइट सेवर्स की ओर से दिलीप चौरसिया तथा शिक्षा विभाग की ओर से नियुक्त विशेष शिक्षक क्रमशः अनूप शर्मा, रत्नेश कुमार, अजय पांडेय तथा शुष्मा शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# हज़रत गुलजार शाह मेला में विशाल कुश्ती दंगल का हुआ आगाज



**बिसवां सीतापुर।** हज़रत गुलजार शाह मेला रह. में आज विशाल कुश्ती दंगल का उद्घाटन हो गया। मुख्य अतिथि के तौर पर हाइकोर्ट अधिवक्ता परेश मिश्रा की उपस्थिति रही। संचालन राष्ट्रीय एनाउंसर मुन्ना टाइगर पहलवान ने किया। मान्यता प्राप्त पत्रकार संघ के महामंत्री व वरिष्ठ समाजसेवी हाजी सिराज अहमद द्वारा पहलवानों के मध्य हाथ मिला कर दंगल का आगाज हुआ। दूर दराज से आए दो दर्जन नामी गिरामी पहलवानों ने मेले के अखाड़े में दांव पेच लगाए।अयोध्या के पहलवान बाबा रविदास, पंजाब के मौसम पहलवान, गाजीपुर के अमित, मऊ के वकील पहलवान विजई रहे। मालूम हो कि उक्त दंगल का समापन 29 दिसंबर को होगा। इस मोके पर दंगल प्रभारीएमो असलम, मेला अध्यक्ष अब्दुल अतीक़ खां, मेला सेक्रेटरी मौलाना अनवार हुसैन, शादाब एडवोकेट, डाक्टर अहमद अली अंसारी, रईस अहमद कसार, रफीउद्दीन गुड्डू, नफीस अहमद,सय्यद हुसैन कादरी, अब्दुल रज़्ज़ाक मंसूरी, मो. इरफान, मो0 सईद सभासद, हाफिज़ इमादुद्दीन ग़ौरी, नुसरत अली ,हसीब अंसारी, रेहान कादरी, अंजुम हुसैन,एजाज़ अली, जीशान रजा सहित काफी संख्या में पत्रकार बंधु उपस्थित रहे। अखाड़े का ग्राउंड खचाखच भरा रहा।

# सपा कार्यालय पर मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती

**सीतापुर।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल यादव ने मनाई। किसानों के मसीहा कहे जाने वाले चौधरी चरण सिंह के विचारों को समझाते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह किसानों के हमदर्द थेए लेकिन भाजपा सराकार में किसान ही सबसे ज्यादा परेशान है। सपा कार्यालय पर चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए समाजवादी पार्टी के निवर्तमान छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव ने कहा कि भाजपा सरकार में हर वर्ग परेशान हैए खासकर किसानों के मसीहा चौधरीचरण सिंह के सपने पर भी आजकली पानी फेरा जा रहा है। सपा कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में कार्यालय प्रभारी जयसिंह यादव, मो अहमद खांन, शेखर यादव, राजबाबू, विजय वर्मा सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### दवा लेकर लौट रहे चाचा-भतीजी की दुर्घटना में मौत

**बरेली।** मोटरसाइकिल पर भतीजी को दवा दिलवा कर भाभी के साथ घर लौट रहे एक युवक और उसकी भतीजी की रास्ते में ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई भाभी की हालत भी नाजुक बनी हुई है पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजें। बिशारतगंज थाने के गांव बेहटा बुजुर्ग निवासी राजपाल की डेढ़ वर्षीय बेटी नंदिनी और छोटे भाई राजेंद्र पुत्र श्याम बिहारी की आज दोपहर बिशारतगंज पुलिया के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई जिला अस्पताल में मौजूद दुर्घटना के शिकार लोगों के घर वालों ने बताया कि राजेंद्र अपनी भाभी रुक्मणी और उसकी बेटी नंदिनी को मोटरसाइकिल से दवा दिलवाने के लिए कस्बा बिशारतगंज स्थित एक डॉक्टर के क्लीनिक पर गया था जहां से तीनों लोग दवा वापस लेकर घर वापस लौट रहे थे लेकिन पुलिया के पास तेजी से आ रहे ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे तीनों बाइक सवार जमीन पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने भागने की कोशिश कर रहे ट्रक और उसके चालक को पकड़कर घटना की जानकारी पुलिस को दी कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा लेकिन रास्ते में ही नंदिनी और राजेंद्र की मौत हो चुकी थी अस्पताल पहुंचते ही दोनों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया रुकमणी की हालत भी नाजुक बनी हुई है पुलिस ने ट्रक और उसके चालक को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू करते हुए दोनों मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजें।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**बरेली।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की मौत के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी ।बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला लोधी टोला निवासी अनीस अहमद पुत्र रफीक अहमद की आज दोपहर घर में ही संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि अनीस अहमद कुछ समय पहले तक विदेश में रहकर काम करता था और कुछ दिनों पहले ही वहां से वापस लौटा था उसकी पत्नी यास्मीन और एक बेटा उसके साथ घर में ही रहते थे लेकिन आज दोपहर उसने संदिग्ध परिस्थिति में घर में ही जहरीला पदार्थ खा लिया बताया जाता है कि उसका अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था कुछ देर बाद अनीस अहमद की हालत बिगड़ने लगी घरवालों ने उसे अस्पताल ले जाने की कोशिश की लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया घटना की सूचना जैसे ही मोहल्ले के लोगों को मिली मौके पर लोगों की भीड़ लग गई सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई मृतक के घर वालों ने कहा कि अनीस लंबे समय से बीमार चल रहा था जिसके चलते उसकी मौत हो गई।

### खेत में बेहोशी की हालत में मिले दो बच्चे, एक की मौत

**बरेली।** गन्ने के एक खेत में बेहोशी की हालत में मिले दो बच्चों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया लेकिन तब तक एक की मौत हो चुकी थी पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दूसरे बच्चे की हालत भी नाजुक बनी हुई है।फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के गांव ट्यूलिया में स्थित गन्ने के खेत में बेहोशी की हालत में मिले सीबीगंज थाना क्षेत्र के गांव खना गोटिया निवासी नईम बेग के 4 वर्षीय बेटे शुभान की जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई जबकि उसका फुफेरा भाई सीबीगंज थाने के गांव घुसा गोटिया निवासी अबरार के 5 वर्षीय बेटे अमान की हालत नाजुक बनी हुई है जिला अस्पताल में मौजूद बच्चों के परिजनों ने बताया कि शुभान के चाचा नईम बेग का 2 दिन पहले विवाह था और अमान अपने मामा के विवाह समारोह में शामिल होने के लिए घर वालों के साथ आया था जहां पर चाचा नईम के साथ जम्मू मे काम करने वाला उसका दोस्त बिहार का रहने वाला नरेश भी विवाह समारोह में शामिल होने आया था वह लगभग 1 महीने पूर्व नईम बेग घर आया था लेकिन आज दोपहर को अचानक नरेश और दोनों बच्चे गायब हो गए बच्चों को ना देखकर घर वालों ने उन्हें तलाशने की कोशिश की इसी दौरान पता चला कि दोनों बच्चों को नरेश के साथ देखा गया है तब पता चला कि नरेश भी गायब है इधर घर के लोग उन्हें तलाश रहे थे इसी दौरान उन्हें पता चला कि दोनों बच्चे फतेहगंज पश्चिमी के गांव ट्यूलिया में गन्ने के खेत में बेहोशी की हालत में पड़े हुए घर के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और दोनों बच्चों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाए लेकिन तब तक शुभान की मौत हो चुकी थी अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया जैसे ही घटना की जानकारी पुलिस के आला अधिकारियों को मिली तब एसएसपी और सीओ भी मौके पर पहुंचे उन्होंने लापता नरेश को तलाश कर मामले की जांच करने के निर्देश देते हुए घटना का खुलासा करने के निर्देश दिए इधर घटना के बाद गांव के लोगों में गहरी नाराजगी है।

# अवैध अस्पताल के संचालक पर मुकदमा दर्ज

**बरेली।** अवैध रूप से संचालित किए जा रहे हैं एक अस्पताल के संचालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी । आंवला थाना क्षेत्र में पुराने बस स्टैंड के सामने लंबे समय से एक अवैध अस्पताल चल रहा था। जांच करने पर पता चला कि अस्पताल के संचालक के पास कोई भी चिकित्सकीय प्रमाण पत्र और डिग्री नहीं है। इस मामले में अस्पताल संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।स्वास्थ्य विभाग को लंबे समय से आंवला बस स्टैंड के पास चल रहे श्याम अस्पताल के फर्जी तरीके से चलाने की शिकायत मिल रही थी। तब आंवला पुलिस ने अस्पताल संचालक डॉ.मुनेन्द्र कुमार राजपूत की शिकायत के सम्बन्ध में जांच की। उन्होंने 19 दिसंबर को विभाग के आदेशानुसार पुराने बस स्टैंड के पास श्री श्याम अस्पताल की जांच की गई। तो वहां मौजूद मुनेन्द्र राजपूत जो कि स्वयं को डॉक्टर बताते है वह अपनी डिग्री नहीं दिखा सके।

# काजीकमालपुर होकर निकली खीरी ब्रांच से रजबहा नहर कटने से फसल जलमग्न

● **फसलों में पानी घुसने से किसान परेशान**

संवाददाता। कचनार सीतापुर

**सीतापुर के** ऐलिया ब्लॉक में काजीकमालपुर होकर गुजरी खीरी ब्रांच से रजबहा ;नहरद्ध कटने से किसानों की फसलों व प्रतिष्ठानों के बाहर पानी घुसने से लोग काफी परेशान दिखाई दे रहे है। परेशान दिखा भी लाजिमी है क्योंकि 24 घंटे बीतने के बाद भी जिम्मेदार इस बात से बिल्कुल अनजान बने हुए हैं। बृहस्पतिवार की रात अचानक रजबहा ;नहरद्ध में पानी आने से फसल तो डूबी ही थी वहीं प्रतिष्ठानों की बिल्डिंग के चारों तरफ पानी भर गया था। आयुष टीवीएस शोरूम के मालिक ने खुद जगह जगह बांध बनवाकर पानी रोंकने का प्रयास करते दिखाई दिए। वहीं किसान एक तरह से गेंहू की बुआई कर ही पाए थे कि उधर से बीती रात पानी आ जाने से खेत तालाब में तब्दील हो गए। जिससे किसानों की फसल पूरी तरह से नष्ट हो जाएगी। किसानों का कहना है बड़ी मुश्किल से बुआई कर पाए थे। डीएपी खाद की बड़ी किल्लत हैए बड़ी ही मुश्किल से खाद मिल पा रही है। गेंहू के अंकुर भी नहीं निकले थे कि खेत तालाबों की तरह लबालब भर गए हैं। इस सम्बंध में जब आई इंडिया ने खीरी ब्रांच के जेई नहर विभाग बनवारी लाल से बात की तो उन्होंने बताया कि पायनियर द्वारा जानकारी मिली है। उधर थोड़ा आउट एरिया पड़ती है। जल्द ही देखवा कर इस समस्या का निराकरण कराते हैं।

# पुनर्मतगणना में किसके सिर सजेगा प्रधानी का ताज, टिकी सबकी निगाहें...

● **ग्राम पंचायत परसिया में 4 जनवरी को होगी पुनर्मतगणना, प्रधान पद की पुनर्मतगणना के लिए कोर्ट ने दिए है आदेश**

● **283 वोट पाकर कांति देवी पत्नी शिवाजी को ग्राम प्रधान किया गया था घोषित, देवांग राज पुत्र मोती सिंह को मिले थे 278 मत**

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर की** एक और ग्राम पंचायत में प्रधान के पद पर पुर्नमतणगना कराई जाएगी। यह कोई पहला मौका नहीं हैए इससे पहले भी न्यायालय के आदेश पर अन्य कई ग्राम पंचायतों में प्रधान पदों पर न कि पुर्नमतगणना कराई गईए बल्कि नतीजे भी बदले। जाहिर सी बात है इन हालातों में पंचायत चुनाव की मतगणना की निष्पक्षता पर सवाल खड़े होना लाजिमी है। अभी बिसवां ब्लाक के ग्राम पंचायत परसेहरा में 22 दिसंबर को पुर्नमतगणना के आदेश हुए थेए लेकिन कोर्ट से स्टे मिलने के बाद उस पर फिलहाल रोक लग गई है। लेकिन इसी क्रम में ब्लाक रेउसा की ग्राम पंचायत परसिया में ग्राम प्रधान पद पर पुर्नमतगणना के आदेश न्यायालय से दिए गए है। यह पुर्नमतगणना 4 जनवरी 2023 को कराई जानी है। विकासखंड रेउसा की ग्राम पंचायत परसिया में सन 2021 में हुए ग्राम प्रधान पद हेतु चुनाव सम्पन्न हुए थे। जिसमें 283 वोट पाकर कान्ति देवी पत्नी शिवाजी को ग्राम प्रधान घोषित किया गया था। वहीं 278 वोट पाकर देवांग राज पुत्र मोती सिंह ने दूसरा स्थान प्राप्त किया था। जिस बाबत दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले देवांग राज ने 11 मई 2021 को न्यायालय उपजिलाधिकारी बिसवां में वाद दाखिल किया था। वादी देवांगराज द्वारा न्यायालय में जानकारी दी गयी है कि. ग्राम प्रधान के सम्पन्न हुए चुनाव में वह करीब 25 वोटों से विजयी हुआ थाएलेकिन मतगणना कर्मचारियों ने घपला करके दूसरे पक्ष यानी कान्ति देवी को प्रधान घोषित कर दिया था। वादी की चुनाव याचिका पर एसडीएम बिसवां पीएल मौर्य द्वारा आगामी 4 जनवरी 2023 को पुनः मतगणना के आदेश दिए गए हैं।

# ब्लाक सभागार में दर्जा राज्यमंत्री लोकेंद्र प्रताप सिंह का हुआ सम्मान समारोह





**मोहम्मदी-खीरी।** विकास खंड सभागार में ब्लाक प्रमुख महेंद्र कुमार बाजपेई के माध्यम से विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह को दर्जा राज्यमंत्री बनाए जाने पर प्रधान और बीटीसी जनप्रतिनिधियों के माध्यम से एक स्वागत समारोह आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में महिला और पुरुष जनप्रतिनिधि शामिल हुए जिसमें सभी ने दर्जा राज्यमंत्री लोकेंद्र प्रताप सिंह को माला और साल पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। अपने स्वागत से अभिभूत दर्जा राज्यमंत्री लोकेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मेरे विश्वास मुझ पर जताया है उस पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा।

आप सभी जनप्रतिनिधियों के मान सम्मान का पूरा ध्यान रखा जाएगा। वहीं कार्यक्रम के आयोजक ब्लाक प्रमुख महेंद्र कुमार बाजपेई ने कहा कि हमारे विधानसभा के लिए यह बड़ी उपलब्धि है। हमारे न्याय पंचायत का जनप्रतिनिधि दर्जा राज्यमंत्री बना है। यह हम सब के लिए गौरव का विषय है जिससे हमारे क्षेत्र का चौमुखी विकास होगा।

स्वागत समारोह में विकास खंड अधिकारी धर्मेश पांडे एनआरपी अजय शुकला, अतुल बाजपेई, राजीव वाजपेयी,सुशील त्रिवेदी, करन यादव, राजेश कुमार, भूरे सिह, मनोज गुप्ता, आलोक वर्मा, ज्योतिर्मय बरतरिया व सौरभ गुप्ता सहित प्रधान संघ भी मौजूद रहा।

# महिलाओं के खिलाफ हिंसा और भेदभाव के उन्मूलन पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम



**लखीमपुर-खीरी।** महिला कल्याण विभाग के तत्वावधान में अबुल कलाम आजाद बालिका विद्यालय लखीमपुर खीरी, में महिलाओं के खिलाफ हिंसा और भेदभाव के उन्मूलन पर जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्या सीमा टंडन ने बताया कि महिलाओं के खिलाफ सभी प्रकार की हिंसा और भेदभाव के उन्मूलन के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा नित नए कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि सुरक्षा और समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके।

महिलाओं एवं बालिकाओं से सम्बन्धित अधिनियमों की जानकारी देते हुए महिला कल्याण अधिकारी आर्यमित्रा बिष्ट व संरक्षण अधिकारी अनुज चतुर्वेदी ने दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीडन (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005, महिलाओं का अभद्र प्रतिनिधित्व (निषेध) अधिनियम, 1986, अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम, 1956, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006, पाक्सो अधिनियम, 2012,किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 एवं अन्य अधिनियमों को रेखांकित किया। महिलाओं एवं बालिकाओं से सम्बन्धित विभिन्न संस्थाओं एवं हेल्पलाइन की जानकारी देते हुए कय्यूम जरवानी ने हिन्सा के प्रकार को बताया, पी सी पी एन डी टी एक्ट वन स्टाप सेन्टर, शक्ति सदन ( उज्जवला गृह एवं स्वाधार गृह),181 महिला हेल्पलाइन, इमरजेन्सी रिस्पोन्स सपोर्ट सिस्टम टोल फ्री नं.-112, साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर, राष्ट्रीय महिला आयोग हेल्पलाइन नम्बर-7827170170, चिल्ड्रेन हेल्पलाइन नम्बर 1098, एनसीपीसीआर कम्प्लेन्ट पोर्टल एवं जनपद स्तर पर कार्यरत एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट्स, पुलिस थानों में कार्यरत महिला हेल्प डेस्क का व्यापक जानकारी दी।

# किसानों के समग्र विकास के लिए सरकार ने किए अनेक ठोस उपाय: विधायक

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**शुक्रवार को** कृषि उत्पादन मंडी समिति राजापुर में भूतपूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जन्म जयंती पर किसान सम्मान दिवस व किसान मेला का मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में भव्य आयोजन हुआ, जिसमें 32 प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह के संग दीप जलाकर व स्व. चौधारी चरण सिंह (भूतपूर्व प्रधानमंत्री जी) को माल्यार्पण कर किसान मेला का शुभारम्भ किया।

विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि अन्नदाता किसानों के जीवन में व्यापक परिवर्तन लाने के लिए, उनकी आमदनी को दोगुना करने के लिए 2014 में प्रधानमंत्री मोदी ने कई कार्यक्रम प्रारंभ किए। जो धरती माता हम सबको पेट भरने और स्वावलंबन व सम्मान का आधार बनती है उस धरती माता की सेहत की रक्षा के लिए स्वाइल हेल्थ कार्ड की व्यवस्था प्रारंभ की। पहली बार फसल किसान बीमा योजना की शुरुआत हुई। योजनाओं की शुरुआत के साथ उनका सही तरह से क्रियान्वयन भी सुनिश्चित किया गया। आज कृषि विकास दर आगे बढ़ाने में अन्नदाता किसान योगदान दे रहे हैं। उन्होंने उप्र में किसानों के लिए किए गए कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश में विगत साढ़े 5 वर्ष में प्रदेश सरकार कई कार्यक्रम प्रारंभ किए। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि स्व0 चौधरी चरण सिंह (भूतपूर्व प्रधानमंत्री जी) के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला एवं किसानों के लिए उनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय प्रयासों का जिक्र किया। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की किसान परक योजनाओं की जानकारी दी।

# पेज एक का शेष

## चीन में...

था। ब्लूमबर्ग ने कहा कि नेशनल हेल्थ कमिशन (एनएचसी) ने उसके सवालों का कोई जवाब नहीं दिया है। आयोग के कोविड प्रतिक्रिया की देखरेख करने वाले नव गठित राष्ट्रीय रोग नियंत्रण ब्यूरो ने भी शुक्रवार को समाचार एजेंसी के फोन कॉल और फैक्स का जवाब नहीं दिया। चीन में लोग अब संक्रमण का पता लगाने के लिए रैपिड एंटीजन टेस्ट करा रहे हैं। इस बीच, सरकार ने स्पर्शोन्मुख मामलों की दैनिक संख्या को प्रकाशित करना बंद कर दिया है। ऑनलाइन कीवर्ड सर्च के विश्लेषण के आधार पर डेटा कंसल्टेंसी मेट्रो डाटा टेक के मुख्य अर्थशास्त्री चेन किन ने पूर्वानुमान जताया है कि चीन के अधिकांश शहरों में कोविड की मौजूदा लहर मध्य दिसंबर से जनवरी अंत तक चरम पर होगी। उनके मॉडल से पता चलता है कि शेन्ज़ेन, शंघाई और चोंगकिंग जैसे शहरों में मौजूदा लहर कहर बरपा रही है जहां प्रति दिन लाखों केस आ रहे हैं। स्वास्थ्य प्राधिकरण की बैठक के सार संक्षेप में इस तथ्य का जिक्र नहीं है कि अभी तक देश में कितने लोग मारे गए हैं। अधिकारियों ने कहा कि ताजा लहर की चपेट में सबसे पहले आए बीजिंग में अब कोविड केस चरम पर हैं, जबकि इसकी समग्र संक्रमण दर कम हो रही है। इस बीच, कोरोना की लहर शहरों से गांवों की ओर रुख कर रही है। ग्रामीण अंचल में पहले से चिकित्सा संसाधनों की बहुत कमी होती है। ऐसे में एजेंसी ने स्थितियां और गंभीर होने की चेतावनी दी है। बीते 20 दिसंबर को चीन में अनुमानित 37 मिलियन (3.7 करोड़) दैनिक मामले दर्ज किए गए।

## भारत बायोटेक...

जबकि अधिकारियों को खासकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर निगरानी संबंधी उपायों को कड़ा करने का निर्देश दिया था।

## आईसीआईसीआई बैंक...

समूह को 3,250 करोड़ रुपए का कर्ज मिलने के बाद कथित तौर पर नूपावर में करोड़ों रुपए का निवेश किया। सीबीआई ने 2019 में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद एक बयान में कहा था कि यह आरोप लगाया गया था कि आरोपियों ने आईसीआईसीआई बैंक को धोखा देने के लिए आपराधिक साजिश में निजी कंपनियों को कुछ ऋण मंजूर किए थे।

## सरकार 81.35...

को मुफ्त अनाज बांटने की शुरुआत अप्रैल 2020 में की गई थी। गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने गरीबों को मुफ्त में अनाज देने का ऐतिहासिक फैसला किया है। इस फैसले से कुल 81.35 करोड़ लोग लाभांवित होंगे। पीएमजीकेएवाई को अब खत्म किए जाने के बारे में पूछे जाने पर गोयल ने कहा कि सरकार ने इस योजना के तहत 28 महीनों तक मुफ्त अनाज मुहैया कराया है। अब इसे एनएफएसए के साथ ही समाहित कर दिया गया है और अतिरिक्त अनाज देने की जरूरत नहीं रह गई है। खाद्य सुरक्षा की गारंटी देने वाले एनएफएसए कानून के तहत सरकार की तरफ से हरेक पात्र व्यक्ति को हर महीने तीन रुपए प्रति किलो की दर पर चावल और दो रुपए प्रति किलो की दर पर गेहूं मुहैया कराया जाता है।

## मंत्रिमंडल ने...

पेंशनधारकों को भी मिलेगा। यह एक जुलाई 2019 से प्रभावी होगी। उन्होंने बताया कि इसके कारण सरकारी कोष पर प्रति वर्ष 8450 करोड़ रूपए का भार पड़ेगा। मंत्री ने बताया कि इसके तहत जुलाई 2019 से जून 2022 तक की अवधि का एरियर या बकाया भी दिया जाएगा जिसके मद में 23,638.07 करोड़ रूपए की राशि बनती है। ठाकुर ने कहा कि इसका लाभ सभी रक्षा बलों से सेवानिवृत होने वाले और परिवार पेंशनधारकों को मिलेगा। इसका लाभ 4.52 लाख नए लाभार्थियों सहित सशस्त्र बलों के 25.13 लाख पेंशनधारकों एवं परिवार पेंशनधाकों को मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने वन रैंक, वन पेंशन के तहत रक्षा बलों के कार्मिकोंपारिवारिक पेंशनभोगियों की पेंशन में अगले पुनरीक्षण को मंजूरी दे दी। रक्षा बलों के पेंशन भोगी पारिवारिक पेंशन भोगी को ओआरओपी प्रस्ताव के अनुरूप बढ़ी हुई पेंशन मिलेगी। सरकारी बयान के अनुसार, पिछले पेंशनभोगियों की पेंशन कैलेंडर वर्ष 2018 में समान सेवा अवधि के साथ समान रैंक पर सेवानिवृत्त होने वाले रक्षा बलों के कार्मिकों की न्यूनतम पेंशन के औसत के आधार पर फिर से निर्धारित की जाएगी। इस औसत से अधिक पेंशन पाने वाले लोगों की पेंशन को संरक्षित किया जाएगा। इसमें कहा गया है कि बकाए का भुगतान चार छमाही किस्तों में किया जाएगा।

## पत्रकार सिद्दीक...

निजामुद्दीन पुलिस थाना को रिपोर्ट करेगा। विपक्षी दलों और पत्रकारों की संस्थाओं ने कप्पन को जमानत दिए जाने के उच्चतम न्यायालय के आदेश का स्वागत किया था। उनका दावा है कि कप्पन को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बलि का बकरा बनाया गया।

## नेपाल जेल...

का इंतजार कर रही है। इस बीच, 1986 में गोवा से शोभराज को गिरफ्तार करने वाले मुंबई पुलिस के सेवानिवृत्त सहायक आयुक्त मधुकर जेंडे ने कहा कि हालांकि उनका मानना है कि शोभराज जैसे खूंखार अपराधियों को जीवन भर जेल से बाहर नहीं आना चाहिए, लेकिन आपराधिक न्याय प्रणाली का क्या सोचना है, उस पर विचार किया जाना महत्वपूर्ण है। उसे 1976 में अपने एक साथी के साथ मिलकर नई दिल्ली के एक होटल में इंजीनियरिंग के 30 से अधिक छात्रों को जहर देने की कोशिश करते समय गिरफ्तार किया गया था। बाद में पता चला कि उसने एक फ्रांसीसी पर्यटक की भी हत्या की है। उसे विभिन्न अपराधों के लिए तिहाड़ जेल में 12 साल कैद की सजा सुनाई गई, लेकिन 1986 में वह कड़ी सुरक्षा वाली जेल तोड़कर भाग गया और सुर्खियों में आया। उसे जल्द ही गोवा के ओ कोकेरियो रेस्तरां से गिरफ्तार किया गया और फिर वह 1997 तक जेल में रहा। गोवा के रेस्तरां से उसे गिरफ्तार करने वाले जेंडे ने कहा कि शोभराज जैसे अपराधी समाज के लिए खतरनाक होते हैं और जेल से बाहर आने पर भी कई अपराधों को अंजाम दे सकते हैं। जेंडे ने कहा कि शोभराज ने 40 से 42 महिलाओं की हत्या करने की बात स्वीकार की है और वह एक खूंखार अपराधी है, जो जेल से बाहर आने पर कुछ भी कर सकता है। नेपाल के गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव और प्रवक्ता फनींद्र मणि पोखरेल ने कहा कि शोभराज अगले 10 वर्षों तक नेपाल में प्रवेश नहीं कर पाएगा। द काठमांडू पोस्ट अखबार ने पोखरेल के हवाले से कहा, 'गृह मंत्रालय ने चार्ल्स शोभराज को निर्वासित कर दिया है और अगले दस साल के लिए नेपाल में उसके प्रवेश करने पर रोक लगा दी है। शोभराज पहले कतर एअरवेज की उड़ान संख्या क्यूआर 647 से दोहा रवाना हुआ, जहां से वह पेरिस के लिए रवाना होगा। इससे पहले, शोभराज के वकील गोपाल शिवकोटि चिंतन ने बताया कि शोभराज को फ्रांस निर्वासित करने के लिए त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ले जाया गया। यहां खबरों में दावा किया गया कि बाकी पूरी जिंदगी उसके नेपाल लौटने पर रोक रहेगी। हालांकि, यहां मीडिया में जारी खबरों के अनुसार, शोभराज नेपाल में रहना चाहता था और उसने दस दिन तक इलाज के लिए गंगालाल अस्पताल में भर्ती कराने की गुहार लगाई थी। उसकी 2017 में दिल की सर्जरी हुई थी। शोभराज का शिकार हुई कई महिलाएं अपनी हत्या के समय बिकनी पहने मिली थीं, इसलिए उसे बिकनी किलर और कई बार जेल से भागने में सफल रहने के कारण सांप (सर्पेंट) उपनाम दिया गया।

## नीलामी में...

का इतिहास रहा है। विश्व स्तरीय ऑलराउंडर की मौजूदगी से टीम संतुलित होती है। उन्होंने कहा, करेन, स्टोक्स और ग्रीन के बीच सिर्फ यही अंतर है कि करेन आखिरी के पांच ओवरों में शानदार गेंदबाजी करते है। इस दौरान उनका रिकॉर्ड शानदार रहा है। ऐसे में अगर आप गेंदबाजी हरफनमौला की तलाश में है वह इसे पूरा करते है। उन्होंने कहा, लेकिन स्टोक्स टीम में किसी भी स्थान पर बल्लेबाजी करने के साथ अपने कोटे के चार ओवर की गेंदबाजी भी कर सकते है। मुझे इन तीनों के लिए बड़ी बोली लगने से कोई आश्चर्य नहीं है। इन हरफनमौला खिलाड़ियों के अलावा इंग्लैंड के हैरी ब्रुक को सनराइजर्स हैदराबाद ने 13.25 करोड़ रुपए में खरीदा। वेस्टइंडीज के पूर्व महान खिलाड़ी और टीम के मुख्य कोच ब्रायन लारा ने कहा कि निकोलस पूरन की गैरमौजूदगी में ब्रुक्स टीम में फिनिशर की भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा, पूरन की गैरमौजूदगी से हम किसी ऐसे खिलाड़ी की तलाश कर रहे थे जो हमारे लिए मैच के आखिरी ओवरों में तेज बल्लेबाजी कर सके। वह बहुत अच्छा बल्लेबाज है। यह उनका पहला आईपीएल होगा। उसे लय में आने में समय लगेगा। मुझे विश्वास है कि वह एक बेहतरीन विकल्प है। उन्होंने कहा, ब्रुक को एशिया के हालात में खेलने का अनुभव है। उन्होंने पाकिस्तान में टेस्ट खेला है। वह पाकिस्तान सुपर लीग का हिस्सा भी रहे है।

# विदेशियों को आकर्षित करने के लिए ग्रामीण पर्यटन को दें बढ़ावाः चटर्जी

● सुशासन सप्ताह के अन्तर्गत पूर्व आईएएस जौहरा चटर्जी ने कानपुर देहात जनपद का किया भ्रमण

संवाददाता। कानपुर देहात



पूर्व डीएम सेवानिवृत आईएएस श्रीमती जौहरा चटर्जी को सम्मानित करती डीएम नेहा जैन

**सुशासन** सप्ताह के अन्तर्गत 1990 में कानपुर देहात की जिलाधिकारी रहीं पूर्व आईएएस श्रीमती जौहरा चटर्जी ने कानपुर देहात जनपद का भ्रमण कियाए इस दौरान उन्होंने जनपद में उपस्थित सकारात्मक बदलाव की प्रशंसा की, उन्होंने कानपुर देहात जनपद को विकास के रास्ते पर पहुंचाने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कोटि.कोटि बधाई दी। उन्होंने कहा कि जो उस जमाने में सोचा नहीं जा सकता थाए आज उसको मूर्त रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुशासन के लिए यह जरूरी है कि अधिकारी लगातार फील्ड विजिट करेंए कानपुर देहात में कुछ विशिष्ट सम्भावनायें हैं, जिसको प्रोत्साहित करने से जनपद की दशा एवं दिशा बदल सकती है जैसे यहां पर ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सकता है, इसके लिए गांव में होम स्टे का प्रावधान करना चाहिए, इसके लिए ग्रामीणों को प्रशिक्षित करना चाहिए। विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए ग्रामीण पर्यटन को अवश्य बढ़ावा देना चाहिए। सुशासन स्थापित करने के लिए उन्होंने कुछ चीजों पर विशेष रूप से जोर देने को कहा जैसे ग्रामीण चौपाल अधिकारियों द्वारा निरन्तर लगाये जायें। लोक अदालत को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा दिया जाये। लोकवाणी केन्द्रों पर कॉमन सर्विस सेन्टर को बेहतर तरीके से संचालित किया जाये। पंचायत सचिवालय के विचार को अधिक से अधिक प्रोत्साहित किया जाये। गांव में प्रगतिशील खेती को बढ़ावा दिया जाये। गांव की गरिमा के अन्तर्गत विशिष्ट कार्य करने वाली महिलाओं गांव के लोगों के लिए उत्कृष्ट ट्राफी इत्यादि प्रदान किया जाये। जिससे वे अपने कार्यों के प्रति प्रोत्साहित हो सकें। स्कूलों को आधुनिक एवं विशिष्ट बनाने के लिए निजी व्यक्तियों को गोद लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाये। उन्होंने कहा कि जनपद को विकास के पथ पर अग्रसर करने के लिए पर्यटन और गुणवत्ता युक्त जीवन को अवश्य शामिल करें। इसके साथ ही जिलाधिकारी नेहा जैन ने पुष्प गुच्छ देकर पूर्व आईएएस श्रीमती जौहरा चटर्जी का स्वागत किया, साथ ही जिलाधिकारी ने यूएनओ के 17 सहस्त्राब्दि लक्ष्यों पर कानपुर देहात में किये जा रहे कार्यों का विवरण मुख्य अतिथि के सामने रखा, उन्होंने प्रथम लक्ष्य गरीबी उन्मूलन के सम्बन्ध में बताया कि जनपद में एसएचजी महिलाओं को रोजगार देकर जनपद के उत्पाद जैसे देहाती पेठा, बुकनू अथवा फाफड़ा आदि को वैश्विक पहचान दिलाने का कार्य किया जा रहा है, द्वितीय लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों व बड़ों को पर्याप्त पोषण मिले जिससे कोई भी व्यक्ति भूख से व्याकुल न हो और स्वस्थ जीवन और स्वस्थ्य समाज का हिस्सा बने इसी के अन्तर्गत उन्होंने तृतीय लक्ष्य स्वस्थ्य जीवन के अन्तर्गत घर पर होने वाले प्रसव को रोकने तथा लड़कियों की भ्रूण स्तर पर हत्या को शून्य किये जाने सहित अच्छे अस्पतालों की उपलब्धता से आमजन मानस को जनपद पलायन न करने तथा बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें मुहैया कराने सहित योगाभ्यास हेतु स्थल चिन्हित कर व्यापक पैमाने पर प्रोत्साहित करने आदि लक्ष्यों के सम्बन्ध में विस्तार में चर्चा करते हुए जनपद कानपुर देहात के सतत विकास को बढ़ावा देने तथा प्रत्येक क्षेत्र में जनपद की लोकप्रियता बढ़ाने हेतु अग्रसर होकर प्रयासरत रहने का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ी ग्राम खेड़ा तथा रूरवाहार की प्रधान से भी वार्ता कर उनके द्वारा किये जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की इस वनाधिकारी अनिल कुमार द्विवेदी पायुक्त उद्योग चन्द्रभान सिंह अपर जिलाधिकारी प्रशासन केशवनाथ गुप्त व अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जेपी गुप्ता द्वारा भी विजन 2047 के सम्बन्ध में अपने विचार रखे।

# कानून व्यवस्था से वेखौफ चोर लाखों की नकदी ले उड़े

● पुलिस ने पीड़ित पक्ष को ही कमरे में बंद कर धमकाया

● आक्रोशित लोगों ने मण्डी रोड दुकान के सामने लगाया जाम

**फर्रुखाबाद।** कानून व्यवस्था से वेखौफ हो बीती रात्रि चोर लाखो रुपयें की नकदी चुरा कर रफूचक्कर हो गये। सुबह होने पर बिल्डिंग मैटेरियल दुकान मालिक अपनी दुकान के नीचे पहुंचे तो दुकान के नीचे कमरे में रखी अलमारी से लाखो रुपये गायब मिले तो उनके होश उड़ गये। उन्होने घटना की जानकारी पडोसियों व परिजनों को दी। पुलिस को सूचना दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित पक्ष बिल्डिंग मैटेरियल दुकान मालिक को ही कमरे में बंद कर धमकाना शुरु कर दिया। जिस पर आक्रोशित लोगो ने मण्डी रोड दुकान के सामने जाम लगा दिया। तब कही पुलिस कर्मियो ने दुकान मालिक को धमकाना बंद किया। सूचना पर फोरसिंक टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। कोतवाल विनोद कुमार शुक्ला ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

बताते है कि शहर कोतवाली के अंर्तगत आईटीआई चौकी पुलिस गश्त करती रही और चोर मण्डी रोड मण्डी रोड सिंथित मुख्य मार्ग पर अज्ञात चोरों ने दुकान के नीचे कमरें में रखी अलमारी के लाकर से लाखो रुपयें की नकदी चुरा कर रफूचक्कर हो गये। सुबह होने पर बिल्डिंग मैटेरियल दुकान मालिक अवधेश कुमार शाक्य ;बन्नैया वाले अपनी दुकान के नीचे पहुंचे तो दुकान के नीचे कमरे में रखी अलमारी से लाखो रुपये गायब मिले तो उनके होश उड़ गये। उन्होने घटना की जानकारी अपने पडोसियों व परिजनों को दी। पुलिस को तत्काल सूचना दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित पक्ष बिल्डिंग मैटेरियल दुकान मालिक अवधेश शाक्य को ही कमरे में बंद कर धमकाना शुरु कर दिया। उनके चीखने चिल्लाने पर पासपड़ोस के लोग मौके पर पहुंच गये। और पुलि के इस रवैये की निंदा की। जिस पर आक्रोशित लोगो ने कुछ देर में मण्डी रोड दुकान के सामने मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया। तब कही पुलिस कर्मियो ने दुकान मालिक अवधेश को धमकाना बंद किया। सूचना पर फोरसिंक टीम घटना स्थल पर पहुंची और जांच पड़ताल की। कोतवाल विनोद कुमार शुक्ला ने भी फोर्स बल के साथ मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

# बेटी के सामने पिता का कत्ल करने वालों को उम्रकैद की सजा

**चित्रकूट।** बेटी के सामने पिता को घर के बाहर से ले जाकर कत्ल करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर सत्र न्यायाधीश ने दो हत्यारोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 25-25 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। शुक्रवार को जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुन्दर मिश्रा ने बताया कि बांदा जिले के फतेहगंज थाना क्षेत्र के कारीडांडी गांव के निवासी बुद्धविलास पुत्र जगदेव ने अपने बड़े बेटे अशोक की हत्या के मामले में कर्वी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वादी के अनुसार कर्वी कोतवाली क्षेत्र के भवानीपुर गांव में बीती 8 फरवरी 2014 की शाम छह बजे गांव के ही रमेश पुत्र जगदीश व राजू पुत्र कोदा उसके बेटे अशोक को घर के सामने से पकड़कर ले गए थे। घर के बाहर मौजूद अशोक की बेटी सुधा के टोकने पर दोनों ने कहा था कि अशोक को मार कर महुआ के पेड़ में टांग देंगे। इसके बाद दूसरे दिन 9 फरवरी को भवानीपुर के कोरिनपुरवा मजरे के पास अशोक का शव बरामद हुआ था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण विशाक्त पदार्थ का सेवन सामने आने पर मृतक के पिता ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराने का प्रयास किया, किन्तु सुनवाई न होने पर उसने मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी के यहां धारा 156(3) के तहत प्रार्थना पत्र दिया। जिसे स्वीकार करते हुए न्यायालय ने रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए थे। जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में रमेश पुत्र जगदीश, राजू व चुनकावन पुत्रगण कोदा, मतुवा पुत्र छतैनिहा व दल्लू पुत्र कैरा के विरूद्ध धारा 302 और 201 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

# 55 लाख से मुरली मनोहर तालाब का होगा सुंदरीकरणः ईओ

●योगशाला के साथ बच्चों के लिये होगी झूलों की व्यवस्था

**जालौन (उरई)।** नगर के मुरलीमनोहर ऐतिहासिक पक्के तालाब का कराया सुदंरीकरण कराया जाएगा। जिसमें लोगों को बैठने की अच्छी सुविधा और योगशाला के साथ ही बच्चों के लिए झूलों की व्यवस्था की जाएगी। यह बात ईओ सीमा तोमर ने कही है।


जानकारी देती ईओ सीमा तोमर।

नगर के मध्य मुरली मनोहर मोहल्ले में ऐतिहासिक पक्का तालाब है। इस तालाब का जीर्णोद्धार लगभग 8 वर्ष पूर्व किया गया था। कोरोना काल से पूर्व तालाब के आसपास स्थित अतिक्रमण को हटवाया गया था। अतिक्रमण हटवाने के बाद तालाब के तीन ओर गेट और तालाब की बाउंड्रीवॉल के साथ ही चारों ओर सड़क भी डलवाई गई थी। तालाब की सीढ़ियों के साथ ही तालाब के चारों ओर जाली भी लगवाई गई थी। जिसके बाद से सुबह शाम लोग तालाब पर टहलने के लिए पहुंचने लगे हैं। अब नगर पालिका प्रशासन की योजना एक बार फिर से तालाब के सुंदरीकरण की है। इसको लेकर ईओ सीमा तोमर ने बताया कि मुरलीमनोहर तालाब पर 55 लाख रुपये की लागत से सुंदरीकरण का कार्य कराया जाएगा। जिसमें तालाब पर घूमने के लिए आने वाले लोगों को आराम करने के लिए बैठने की व्यवस्था बेहतर की जाएगी। तालाब के चारों ओर जहां सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है उसे भी ठीक कराया जाएगा। इसके अलावा तालाब पर सुबह के समय लोग योग कर सकें इसके लिए योगशाला का निर्माण कराया जाएगा। जहां लोग आराम से बैठकर योगासन कर सकें। इसके अलावा तालाब पर बच्चों को भी अच्छा लगे इसके लिए बच्चों के झूले लगवाए जाएंगे व अन्य खेलकूद सामग्री भी लगवाई जाएगी। ताकि वहां बच्चे खेलकूद का आनंद ले सकें। शाम के समय अंधेरा न हो इसके लिए लाइटिंग व्यवस्था भी की जाएगी। बताया कि इसके लिए बजट स्वीकृत हो चुका है। शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा।

# अनियंत्रित कन्टेनर डिवाइडर तोड़कर पलटा, चालक की मौत

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम अल्लीपुर कैंची मोड एनएच-02 में शुक्रवार की सुबह उस वक्त बडा हादसा हो गया जब कानपुर से इलाहाबाद की ओर जा रहा कन्टेनर अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोडते हुए रॉग रूट पर पलट गया। उसी बीच इलाहाबाद से कानपुर की ओर जा रहा कन्टेनर व बोरबेल वाहन की टक्कर हो गई। जिसमें एक कन्टेनर चालक की मौके पर मौत हो गई जबकि दूसरा चालक समेत तीन लोग घायल हो गये जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार बागपत जिला के थाना अमीन नगर सरांय गांव बसोज निवासी कन्टेनर चालक इरशाद अली पुत्र आजम अली बनारस से कन्टेनर लेकर दिल्ली जा रहा था। जैसे ही वह मलवां थाना क्षेत्र के अल्लीपुर कैंची मोड एनएच-02 में पहुंचा तभी कानपुर से इलाहाबाद की ओर जा रहा कन्टेनर अनियंत्रित होकर रॉग रूट पर पलट गया। जिससे 32 वर्षीय अज्ञात कन्टेनर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कानपुर की ओर जा रहा कन्टेनर एवं बोरबेल वाहन की टक्कर हो गई।

## रोमांचक ऑनलाइन ऑफर

**वाराणसी।** सभी के लिए उत्तम और आकर्षक चयन के साथ भारत की सबसे बहुप्रतीक्षित सेल यहां है। देश भर के सोच स्टोर्स और ऑनलाइन पर रेड डॉट सेल में विस्तृत चयन पर 50 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। सोच के पास हमारे पारंपरिक पहनावे की ज़रूरतों को पूरा करने के लिएए विकल्प प्रदान करने से लेकर, रोज़मर्रा के लुक के साथ हमारे वॉर्डरोब को ताज़ा करने और अपनी स्टाइल को बढ़ाने के लिए सब कुछ है!

## क्विक न्यूज

### ट्रक बैक करते समय पलटा, चालक घायल

फर्रुखाबाद। देर रात्रि ट्रक बैक करते समय गड्ढे में पहिया चले जाने से ट्रक पलट गया । जिसमें ट्रक चालक घायल हो गया। बताते है कि थाना कमालगंज के नगला दाऊद सरैया के पास आलू के पैकेट भरे ट्रक का वजन कराने के लिए ट्रक चालक नगला दाऊद के धर्मकांटे पर बैक कर ले जा रहा था तभी अचानक ट्रक का पहिया गड्ढे में चले जाने से ट्रक पलट गया। जिससे ट्रक चालक घायल हो गया। घायल ट्रक चालक को सीएचसी कमालगंज में भर्ती कराया गया। ट्रक पलटने की जानकारी मिलने पर थानाध्यक्ष पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच। ट्रक चालक फर्रुखाबाद से आलू लादकर बनारस जा रहा था ।

### खसरा से कक्षा सातवीं की छात्रा की मौत

**राठ (हमीरपुर)।** मझगवां थाने के कोठा गांव में संक्रामक बीमारी खसरा की चपेट में आने से कक्षा सातवी की छात्रा की मौत हो गई। स्वजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव को ले गए। कोठा गांव निवासी पुष्पेंद्र राजपूत ने बताया कि उसकी बड़ी पुत्री शिल्पी गांव की जूनियर विद्यालय में कक्षा सातवीं की छात्रा थी। बीते 15 दिनों से उसकी पुत्री चिकन पॉक्स की बीमारी की चपेट में थी। शुक्रवार की सुबह उसकी अचानक हालत खराब हो गई। आनन-फानन में इलाज के लिए सीएचसी राठ में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान शिल्पी ने दम तोड़ दिया। शिल्पीका दो दिन पहले झांसी के एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज चलता रहा। चिकित्सकों ने उसे झाड़-फूंक के लिए बोला। इसके बाद वह अपनी पुत्री को लेकर घर आ गया था। बताया कि आज उसकी हालत गंभीर होने पर उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। नौरंगा सीएचसी अधीक्षक डा. भरत राजपूत ने बताया कि जानकारी होने पर उन्होंने गांव पहुंच कर जांच की। साथ ग्रामीणों को बुखार व शरीर में दाने निकलने पर अस्पताल में तुरंत जांच कराने की सलाह दी।

### ग्रामीण युवाओं को वितरित की गयी खेल सामग्री



**मौदहा (हमीरपुर)।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के बैनर तले शुक्रवार को ब्लॉक सभागार में आधा दर्जन से अधिक गांवों के युवाओं को क्रीड़ा सामग्री वितरित की गई है। नगर के ब्लॉक सभागार में युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के पदाधिकारियों ने खंड विकास अधिकारी भैरव प्रसाद तथा एडीओ पंचायत अमर सिंह, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी रीना यादव सहित अन्य लोगों की उपस्थिति में विकासखंड क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक गांवों के युवाओं को खेल प्रोत्साहन को बढ़ावा देने के मकसद से क्रीड़ा सामग्री वितरित की है। वितरित होने वाली सामग्री में फुटबॉल, वालीबाल, स्कीपिंग रोप, डिपस्टैंड, वालीबॉल नेट सहित इन्फ्लेटर शामिल थे तथा सामग्री पाने वाले गांवों में विकासखंड क्षेत्र के सिलौली, लरौंद, बक्छा, फतेपुरवा, पढ़ोरी, सिचौली,भमौरा सहित अन्य गांव शामिल रहे हैं।

### जागरूकता अभियान के तहत एक और पहल

लखनऊ। बीएल एग्रो के प्रमुख ब्रांड बैल कोल्हू ने जागरूकता और संवाद बढ़ाने वाली रसोड़े में मर्द है पहल को आगे बढ़ाते हुए एक नए सोशल मीडिया कैम्पेन की लॉन्चिंग की घोषणा की है। ब्रांड ने मार्च 2022 में रोसोडे में मर्द है के तहत टीवी विज्ञापन लॉन्च किएए जिनमें बॉलीवुड अभिनेता पंकज त्रिपाठीए मनोज बाजपेयी और नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने अभिनय किया है।बीएल एग्रो के चेयरमैन घनश्याम खंडेलवाल ने कहा, हमें पता था कि इससे हर आयुवर्ग और लिंग के लोगों की सोच पूरी तरह बदल गई है।

### महिलाओं को आत्मनिर्भरता के साथ कार्य करने की जरूरतः डीएम

**उरई (जालौन)।** पुष्टाहार उत्पादन इकाई की मशीनों का पूजन एवं समस्त संकुल स्तरीय संघों का वार्षिक अधिवेशन एवं आमसभा, हरसिंगपुर में किया गया आयोजन। विकास खण्ड कुठौंद में 4 संकुल स्तरीय संघों का वार्षिक अधिवेशन एवं रोशनी प्रेरणा महिला लघु उद्योग की पुष्टाहार उत्पादन इकाई में मशीनों का पूजन मुख्य अतिथि जिलाधिकारी चाँदनी सिंह द्वारा किया गया। साथ ही स्वयं सहायता समूहों को विकास खण्ड के इण्डियन बैंक एवं आर्यावर्त बैंक द्वारा कुल 4 करोड़ 61 लाख का कैश क्रेडिट लिमिट (सीसीएल) वितरित किया गया जिसमें विकास खण्ड कुठौंद की स्वयं सहायता समूह की सैकड़ों महिला सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने कहा कि महिलायें स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अग्रसर होकर कार्य रही है और इस कार्य को क्लस्टर लेवल पर 200-300 महिलायें एक जैसी गतिविधि कर स्वरोजगार से जुड़ें जिसमें प्रतीक की रूप में स्टॉलों के माध्यम से अपने उत्पादों का प्रदर्शन करें। निरीक्षण के दौरान स्वनिर्मित उत्पादों को भेंट स्वरूप दिया। साथ ही पुष्टाहार उत्पादन इकाई का संचालन करने के लिये एसोसियेशन ऑफ परिसन (एओपी) के सदस्यों को प्लांट के संचालन को व्यवस्थित तरीके से करने के लिये कहा गया है। साथ ही साथ उपायुक्त स्वतः रोजगार अवधेश दीक्षित द्वारा कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुये महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं जागरूकता के साथ कार्य करने के लिये प्रेरित किया गया है। इसी के साथ मुख्य अतिथि के द्वारा स्वयं सहायता समूह के उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्यों को स्मृति चिन्ह के साथ सम्मानित किया गया।

### ग्लोबल कैंपेन

**लखनऊ।** वीवो ने फीफा वर्ल्ड कप कतर 2022 के दौरान अपने गिव इट ए शॉट ग्लोबल कैम्पेन के माध्यम से चार साल में एक बार होने वाले टूर्नामेंट से दुनिया भर के लोगों को जोड़ने में एक अभिन्न भूमिका निभाई है। वीवो फीफा विश्व कप कतर 2022 के ऑफिशियल स्पॉन्सर के रूप में पिछले एक महीने सेए फैंस ने फीफा वर्ल्ड कप कतर 2022 में रोमांचक फुटबॉल मैचों का आनंद लिया। सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और चीफ मार्केटिंग ऑफिसर स्पार्क नीए ने कहा कि हमें इस ऐतिहासिक खेल आयोजन की सफलता में निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका पर गर्व है।

### अब टीबी उपचार की सुलभता बढ़ेगी

**कानपुर।** ग्लोबल हेल्थकेयर कंपनी वियाट्रिसए मैडएक्सेस एवं टीबी अलायन्स ने प्रीटोमेनिड की कीमतों में कमी लाने के लिए एक नए समझौते की घोषणा की है। प्रीटोमेनिड एक ऐसी दवा है कि जिसका उपयोग मल्टीड्रग रेज़िस्टेन्ट टीबी के उपचार में किया जाता है। प्रीटोमेनिड विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा हाल ही में अनुशंसित दो नए उपचारों में इस्तेमाल की जाती है, जो मल्टी.ड्रग रेज़िटेन्ट टीबी के मरीज़ों के लिए न सिर्फप्रभावी है बल्कि कम समय में उपचार के लिए भी कारगर है। ष्कोविड.19 एमरजेन्सी के दौरान यूएस हो या युद्ध के दौरान यूक्रेनए छह माह की डीआर.टीबी थेरेपी हमेशा से टीबी से लड़ाई में कारगर साबित हुई है।ष् टीबी अलायन्स के एमडीए प्रेज़ीडेन्ट एवं सीईओ मेल स्पिगलमेन ने कहा। चिकित्सा जगत का कोई भी इनोवेशन तब तक पूरानहीं होता जब तक यह ज़रूरतमंद मरीज़ों तक न पहुंचें। यह साझेदारी इस उपचार को दुनिया भर में टीबी के मरीज़ों तक पहुंचाएगीए ताकि टीबी की वजह से दुनिया में किसी मरीज़ की मृत्यु न हो।

# जेंडर अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिये डीडीओ को किया सम्मानित

संवाददाता। हमीरपुर


डीडीओ विकास मिश्रा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

**भारत** सरकार द्वारा चलाये गये जेंडर अभियान में हमीरपुर जिले को उत्कृष्ट कार्य करने के लिये सम्मानित किया गया है। यह अभियान 25 नवम्बर से 23 दिसम्बर तक चलाया गया था। इसमे जिला विकास अधिकारी विकास मिश्रा का अहम योगदान बताया जाता है।इस उत्कृष्ट कार्य के लिये लखनऊ में डिप्टी सीएम ने डीडीओ विकास मिश्रा को सम्मानित किया। जानकारी के मुताबिक राष्ट्रीय जेंडर अभियान कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में राष्ट्रीय आजीविक मिशन कार्यक्रम(एनआरएलएम) के देखरेख में संचालित किया गया था। एनआरएलएम के डीसी विकास मिश्रा ने बताया कि इस अभियान में लैंगिक भेदभाव के विरुद्ध लोगो को जागरुक किया गया था। 25 नवम्बर से लेकर 23 दिसम्बर तक हरेक दिन कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव को समाप्त करने के लिये प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से लड़कियों को पढाने व उनको आगे बढाने के लिये माता पिता को प्रेरित किया गया। इस तिथि मेंकोई न कोई जिला स्तरीय अधिकारी शामिल रहा। गांवों में महिला समूहो के माध्यम से सभी कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बढचढ़ कर हिस्सा लिया। लखनऊ के इंदिरा नगर में आयोजित कार्यक्रम में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने जिले के डीडीओ विकास मिश्रा को सम्मानित किया।

# डीजे के साथ डीएम-एसपी ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण

**चित्रकूट।** जिला जज विष्णु कुमार शर्मा, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला, सीजीएम संजय कुमार ने शुक्रवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सर्वप्रथम महिला बैरक का निरीक्षण किया।कैदियों से समस्याओं तथा खान-पान के बारे में पूछा।बैरिकों में सघन तलाशी भी कराई।इसके बाद उन्होंने पाकशाला का भी निरीक्षण किया व्यवस्थाओं का जायाजा लिया। उन्होंने कहा कि मीनू के हिसाब से खाना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने हाता न0 -2 में जाकर विभिन्न धाराओं में निरुद्ध कैदियों से उनकी समस्याओं तथा खानपान आदि की जानकारी की। जिला अधिकारी ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिए कि कैदियों को मीनू के अनुसार भोजन व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा ठंड को देखते हुए कैदियों को गर्म कपड़ा व कंबल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जेल अधीक्षक अशोक कुमार सागर, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष कंकोरिया, संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# अधिवक्ता की मौत के बाद चेते पीएनसी के अधिकारी, बनाया अस्थाई पिलर डिवाइडर

**घाटमपुर।** बीते गुरुवार को बरिष्ठ अधिवक्ता एंव घाटमपुर बार एसोसियेशन के पूर्ब अध्यक्ष कमला पति त्रिपाठी की मौत के बाद हुए बवाल के बाद कार्यदायी संस्था पीएनसी के अधिकारी चेते और ओवर फ्लाई के दोनो ओर मुहाने पर सीमेंन्ट के छोटे पिलर डिवाइडर बना दिया है।


ओवर फ्लाई के मुहाने पर बना डिवाइडर

मालुम हो कि अधिवक्ता कमलापति त्रिपाठी गुरुवार को दोपहर बाद आवास से कचेहरी के लिये आ रहे थे कि जैसे ही ओवर फ्लाई के मुहाने से घूमें कि तभी ओवर फ्लाई से हमीरपुर की ओर जा रहे ट्रक ने टक्कर मार दी थी, हादसे के बाद घायल अधिवक्ता को परिजन इलाज के लिये सीएचसी ले गये जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने उन्हे हैलट कानपुर के लिये रिफर कर दिया था जहाँ उनकी मौत हो गयी थी। कमलापति त्रिपाठी की मौत के बाद आज शुक्रवार को घाटमपुर बार एसोसियेशन के नेत्रत्व में अधिवक्ताओं महा महिम राज्यपाल को संवोधित एक ज्ञापन उप जिलधिकारी को दिया जिसमें ओवर फ्लाई के दोनों ओर मुहाने के पास डिवाइडर बनाये जाने के साथ ही हाइवे पर किनारे खड़े होने वाले ट्रको के खिलाफ कार्यवाही किये जाने सहित 5 सूत्रीय ज्ञापन दिया और चेतावनी दी कि यदि सीध्र ही माँगे पूरी न हुई तो अधिवक्ता ओवर फ्लाई के ऊपर धरना देगे। उधर मृतक अधिवक्ता का आज दोपहर मूसानगर के पास यमुना नदी हलिया घाट में अन्ति संस्कार कर दिया गया। कमलापति त्रिपाठी थाना सजेती के गांव कुरसेड़ा के रहने वाले था तथा बर्तमान में हमीरपुर रोड मुहल्ला अशोक नगर दक्षिणी में रह रहे थे। ज्ञापन देने वालों में बार के अध्यक्ष श्याम बाबू सचान, शिव सिंह परमार, महेश श्रीवास्तव, राम प्रकाश सिंह भदौरिया आदि प्रमुख थे।

# तीन वर्ष के मासूम को मां ने कुल्हाड़ी से काट डाला, गंभीर




**बांदा।** दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, एक मां ने अपने 3 साल के मासूम बच्चे को कुल्हाड़ी से काट डाला। घटना के वक्त घर मे कोई नहीं था, रोने की आवाज सुनकर परिजनों को घटना की जानकारी हुई, आनन-फानन में खून से लथपथ अवस्था में मासूम को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से मासूम को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। इस ख़ौफ़नाक घटना से इलाके में हड़कम्प मचा हुआ है। परिजन ने बताया कि मां मानसिक रूप से बीमार है उसका भी इलाज चल रहा है, फिलहाल पुलिस मामले की जांच करने में जुटी है। आपको बताते चले की बिसंडा थाना के शिव गांव का है। जहां की रहने वाली एक महिला ने अपने ही बेटे पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे वो बुरी तरह घयल हो गया। रोने की आवाज सुनकर आसपास मौजूद परिजनों ने उसकी जान बचाई, उसको गंभीर हालत में मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है। जहां उसका इलाज किया जा रहा है। डॉक्टरों ने बताया कि बच्चे की तबियत में सुधार हो रहा है, जल्द ही रिकवर कर लिया जाएगा। अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र ने बताया कि बिसंडा थाना क्षेत्र के शिव गांव में एक मां जो मानसिक रूप से विक्षित है, उसने अपने बच्चे को कुल्हाड़ी से वार किया है, जिससे वो घायल हुए है, उसको इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है, अभी कोई शिकायत नही है, जांच कराकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## राठ के दीवान शत्रुघ्न सिंह पर विशेष

# भूदान आंदोलन से प्रेरित होकर अपना पूरा गांव कर दिया था दान

संवाददाता राठ (हमीरपुर)

● अंग्रेज कलेक्टर के सामने चंदा देने से इनकार करने पर सभा में छा गया था सन्नाटा



**हमीरपुर** जनपद के राठ क्षेत्र के मंगरौठ रियासत के दीवान शत्रुघ्न सिंह के त्याग को हमेशा याद किया जायेगा। उन्होने प्रथम विश्वयुद्ध में चंदा देने के साथ साथ अंग्रेज कलेक्टर को भी चंदा देने से साफ इकार कर दिया था। यही नही विनोवा भावे के भूदान आंदोलन से प्रेरित होकर मगरौठ रियासत का अपना पूरा गांव ही दान कर दिया था। बुन्देलखंड में दीवान शत्रुध्न सिंह ने न केवल आजादी की लड़ाई में अहं योगदान दिया बल्कि उनके अन्दर देशप्रेम कूट कूट कर भरा था। वीरभूमि बुंदेलखंड में राठ क्षेत्र के मंगरौठ गांव में 1901 में जन्मे दीवान शत्रुघ्न सिंह मंगरौठ जागीर के जमींदार थे। किशोरावस्था से ही स्वाधीनता संग्राम में कूद पड़े। उनका विवाह जनपद फतेहपुर के गाजीपुर के जमींदार की कन्या राजेंद्र कुमारी के साथ हुआ था।

रानी राजेंद्र कुमारी ने आजादी की लड़ाई में पति का कंधे से कंधा मिलाकर साथ दिया था। आजादी का यह मतवाला अपनी पत्नी सहित जेल की यातनाएं सहीं। विनोवा भावे के भूदान आंदोलन से प्रेरित होकर अपना पूरा गांव दान कर दिया। 1914 ई में जर्मनी और इंग्लैंड के बीच प्रथम विश्वयुद्ध प्रारंभ हो चुका था। देश पर शासन कर रही अंग्रेजी हुकूमत जमीदारों, सेठ, साहूकारों व राजाओं से युद्ध के लिए चंदा वसूल रही थी। 1916 ई में अंग्रेज कलेक्टर की सदारत में राठ तहसील में सभी जमींदारों की बैठक बुलाई गई। बैठक में नाम पुकारे जाने पर जमींदार अधिक से अधिक चंदा देने की हामी भर रहे थे। अंग्रेज कलेक्टर के सामने मंगरौठ के दीवान शत्रुघ्न सिंह से पूछा गया आप कितना चंदा देंगे। इस युवा जमींदार ने निर्भीकता से कहा, "एक भी पैसा नहीं"। जिस अंग्रेजी शासन से सारी पृथ्वी थर्राती थी उसके सामने दीवान का यह उत्तर सुनकर सभा में सन्नाटा पसर गया।

तहसीलदार ने रौबदार आवाज में जमींदारी मटियामेट करने की धमकी दी। दीवान ने भी उसी लहजे में जवाब दिया, जानता हूं मिटने को तैयार हूं। तहसील के बाहर निकलते ही क्रांतिकारी मूलचंद्र शर्मा व मातादीन बुधौलिया ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। बाजार से उनके आवास तक जयजयकार करते हुए जुलूस निकाला गया। वर्ष 2009 में अमेरिका से दीवान साहब के फोटो के साथ डाक टिकट जारी हुआ था।

# छूटे बच्चों के टीकाकरण को चलेगा विशेष अभियान

**चित्रकूट।** जिले में टीके से वंचित बच्चों को टीका लगाकर उन्हें प्रतिरक्षित किया जाएगा। 13 जानलेवा बीमारियों से बचाने को टीके लगाने का कार्य जनवरी से मार्च तक विशेष अभियान चलाकर किया जाएगा। यह जानकारी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद ने दी। शुक्रवार को डॉ इम्तियाज अहमद ने बताया कि बच्चों को हेपेटाइटिस-बी बर्थ डोज, बैसिलस गुरिन कोलमेट (बीसीजी-पोलियो), पेन्टा, फैक्सनल इन्जेक्टिवेटेड पोलियो वैक्सीन (एफआईपीवी), न्यूमोकोकल वैक्सीन (पीसीवी), रोटा, जापानी इंसेफेलाइटिस (जेई), मिजिल्स रुबेला (एमआर), डिप्थीरिया परट्यूसिस टिटनेस (डीपीटी), टिटनेस डिप्थीरिया (टीडी) आदि 13 जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए टीका लगाया जाना है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ मुकेश पहाडी ने बताया कि अभियान को लेकर आशा कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों का सर्वे किया। उसी के आधार पर बच्चे और मां से जुड़ी टीकाकरण संबंधी सारी जानकारियां उपलब्ध कराए गए फार्म में अंकित की गई हैं।

# यूएनएससी में कई मौकों पर भारत अकेले खड़ा था लेकिन सिद्धांतों से समझौता नहीं किया

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र** में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के गैर-स्थाई सदस्य के रूप में 2021-22 के कार्यकाल के दौरान कई मौकों पर भारत को अकेला खड़ा होना पड़ा, लेकिन उसने कभी अपने सिद्धांतों के साथ कोई समझौता नहीं किया।

भारत ने 2021-22 में परिषद के निर्वाचित सदस्य के रूप में अपने दो साल के कार्यकाल में दूसरी बार एक दिसंबर से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की अध्यक्षता संभाली। इससे पहले अगस्त 2021 में उसने सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता की थी। दिसंबर महीने के लिए 15 देशों की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्ष कंबोज ने बृहस्पतिवार को कहा, पिछले



दो साल में हमने शांति, सुरक्षा और समृद्धि के लिए बात की। आतंकवाद जैसे मानवता के दुश्मनों के खिलाफ आवाज उठाने में कभी कोई संकोच नहीं किया। दिसंबर के महीने के लिए सुरक्षा परिषद के गैर-सदस्य देशों की अंतिम बैठक में कंबोज ने पिछले सप्ताह विदेश मंत्री एस. जयशंकर की अध्यक्षता में बहुपक्षीय सुधारों और आतंकवाद-रोधी नीति पर हुई महत्वपूर्ण बैठकों के साथ-साथ भारत की अध्यक्षता में इस महीने के लिए परिषद के एजेंडे को रेखांकित किया। परिषद में अगले सप्ताह अवकाश रहेगा, उससे पहले इस महीने इसे गैर-सदस्य देशों की आखिरी बैठक माना जा रहा है।कंबोज ने कहा कि भारत के यूएनएससी कार्यकाल के दौरान, ऐसे कई मौके आए जब हमें अकेले खड़े होना पड़ा, जबकि उस समय हमारे पास एक विकल्प था कि हम उन सिद्धांतों को छोड़ दें जिनमें हम वास्तव में विश्वास करते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ मामलों में परिषद के कुछ सदस्यों के साथ, हमारे वास्तविक मतभेद थे , जैसे कि जलवायु परिवर्तन से निपटने में सुरक्षा परिषद की भूमिका के मुद्दे पर, वहां भारत का विरोध सिद्धांतों पर आधारित था। कंबोज ने कहा कि भारत इस तथ्य से अच्छी तरह वाकिफ है कि सुरक्षा परिषद में सुधार आज समय की मांग है उन्होंने कहा, हमारे कार्यकाल के बाद यह विश्वास बढ़ेगा हो। परिषद के इस कार्यकाल के बाद भी हम इस बात पर कायम रहेंगे कि बदलाव का जितना अधिक विरोध किया जाएगा, उस निकाय के फैसलों की प्रासंगिकता व विश्वसनीयता खोने का खतरा उतना अधिक होगा। सुरक्षा परिषद में तत्काल सुधार की मांग करने वाले प्रयासों में भारत सबसे आगे रहा है, जो वर्तमान चुनौतियों से निपटने में काफी बंटा हुआ नजर आया है।परिषद में पिछले दो वर्षों में भारत के कार्यकाल पर कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों से कहा कि भारत इस बात से हमेशा वाकिफ था कि सुरक्षा परिषद में कोई भी विचार रखते समय, हम 1.4 अरब भारतीयों या ॥6 मानवता का प्रतिनिधित्व करते हैं।

# जेलेंस्की वापस कीव लौटे, यूक्रेन पर रूस के हमले जारी

एपी। कीव



**यूक्रेन के** राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की देश पर रूस के हमले के बीच अमेरिका की अपनी यात्रा के बाद शुक्रवार को राजधानी कीव लौट आए। यूक्रेन वापस लौटने के बाद जेलेंस्की ने एक बयान जारी करके कहा कि उनकी सेना जीत हासिल करने की दिशा में बढ़ रही है। वहीं रूस ने पूरे यूक्रेन पर नए सिरे से हमले किए।

जेलेंस्की ने अपने टेलीग्राम अकाउंट पर किए गए पोस्ट में कहा कि अमेरिका की अपनी यात्रा के बाद वह कीव स्थित अपने कार्यालय में हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने इस यात्रा के दौरान 1.8 अरब अमरीकी डालर की एक नई सैन्य सहायता हासिल की। उन्होंने साथ ही संकल्प जताया कि हम सब चीजों पर काबू पा लेंगे। जेलेंस्की ऐसे समय वापस लौटे हैं जब यूक्रेन के पूर्वी एवं दक्षिणी मोर्चे के साथ ही देश के अन्य हिस्सों पर लगातार हवाई हमले कर रहा है। मास्को ने दोहराया कि उसके सैन्य उद्देश्य पूरे होने तक युद्ध जारी रहेगा। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि विशेष सैन्य अभियान द्वारा रूसी संघ द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के बाद युद्ध बातचीत की मेज पर समाप्त होगा। उन्होंने कहा कि यूक्रेन के विसैन्ईकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति हासिल की गई है। क्रेमलिन के प्रवक्ता ने कहा कि यूक्रेन की कोई कथित शांति योजना आज की वास्तविकताओं को ध्यान में रखे बिना सफल नहीं हो सकती है।

## क्विक न्यूज

### एक और बलूच अलगाववादी समूह टीटीपी में शामिल हुआ

**इस्लामाबाद।** प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने शुक्रवार को दावा किया कि बलूचिस्तान के दूसरे उग्रवादी समूह ने उसके साथ विलय की घोषणा की है। टीटीपी के प्रवक्ता मोहम्मद खुरासानी ने एक बयान में कहा, दक्षिणी बलूचिस्तान के मकरान जिले के अलगाववादी नेता मजार बलूच के नेतृत्व वाला उग्रवादी समूह टीटीपी में शामिल हो गया है। खुरासानी ने इस समूह को बलूच मुक्ति व अलगाववादी समूहों में से सबसे प्रभावशाली बताया। बयान में टीटीपी में शामिल हुए पहले बलूच समूह के बारे में कोई विवरण नहीं दिया गया है। हालांकि इस साल जून में दावा किया गया था कि असलम बलूच के नेतृत्व में बलूच उग्रवादियों का एक समूह टीटीपी में शामिल हुआ है।

### सिंगापुर में सिखों ने चार साल के अंतराल के बाद कीर्तन दरबार आयोजित किया

**सिंगापुर।** सिंगापुर में सिखों ने चार साल के अंतराल के बाद कीर्तन दरबार आयोजित किया। दक्षिण पूर्व एशिया के सबसे बड़े सिख धार्मिक आयोजन का दसवां संस्करण आयोजित किया गया जिसमें भारत, ब्रिटेन, अमेरिका और कनाडा से समुदाय की जानी-मानी हस्तियों की मेजबानी की जा रही है। नाम रस कीर्तन दरबार का आयोजन सिंगापुर एक्सपो में 23 दिसंबर से 26 दिसंबर तक किया जा रहा है। द्विवार्षिक कार्यक्रम में कथा, कीर्तन, सेवा और सिमरन के चार दिन शामिल हैं। इस कार्यक्रम में थिएटर प्रोडक्शन और सिख इतिहास पर एक प्रदर्शनी, सिख कला की एक गैलरी और सिखो से संबंधित सामान बेचने वाले स्टॉल शामिल हैं। कार्यक्रम मे भाग लेने वाले स्थानीय गणमान्य व्यक्तियो में वरिष्ठ मंत्री थरमन शनमुगरत्नम शामिल होंगे। हजारों सिखो और गैर-सिखो के नाम रस में शामिल होने की उम्मीद है।

### टॉमहॉक्स मिसाइल तैनात करने की तैयारियों के बीच जापान के रक्षा बजट में 20 प्रतिशत की वृद्धि

**तोक्यो।** अमेरिका निर्मित टॉमहॉक्स तथा लंबी दूरी की अन्य मिसाइल तैनात करने की तैयारियों के बीच जापान अपने रक्षा बजट में 20 प्रतिशत की वृद्धि करेगा और अगले साल यह (रक्षा बजट) रिकॉर्ड 55 अरब डॉलर के आंकड़े तक पहुंच जाएगा। देश की अत्यधिक आक्रामक सुरक्षा रणनीति के तहत ए मिसाइल चीन और उत्तर कोरिया के किसी भी हिस्से को निशाना बना सकती हैं। टॉमहॉक्स मिसाइलो की 160 करोड़ डॉलर में निर्धारित खरीद वर्ष 2023 के जापान के बजट का अत्यधिक महत्वपूर्ण हिस्सा है जिसे शुक्रवार को प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी। इससे नई रणनीति के तहत अधिक मारक क्षमता के साथ जापान को तेज गति से सशस्त्र बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता का पता चलता है। रक्षा अधिकारियों ने कहा कि इसके अलावा टॉमहॉक्स मिसाइलो को दागने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरणो, सॉफ्टवेयर, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और कर्मचारियों के प्रशिक्षण के लिए आगामी वर्ष में जापान 83 करोड़ डॉलर का अतिरिक्त भुगतान करेगा। जापान का वर्ष 2022 का रक्षा बजट 47.2 अरब डॉलर का है।

### न्यूजीलैंड में लुटेरों ने भारतीय मूल के दो डेयरी मालिकों के स्टोर पर हमला किया

**मेलबर्न।** भारतीय मूल के व्यवसायियो के स्वामित्व वाले दो डेयरी स्टोर को इस सप्ताह न्यूजीलैंड मे हथियारबंद लुटेरों ने निशाना बनाया।मीडिया की खबरों के अनुसार, यह घटना इसी तरह के हमले मे भारतीय मूल के एक व्यवसाई के मारे जाने के लगभग एक महीने बाद हुई है। न्यूज की एक खबर मे कहा गया कि मेलरोज रोड पर स्थित एक डेयरी के मालिक अजीत पटेल ने कहा कि बेसबॉल बैट लिए पांच नकाबपोश सोमवार सुबह उनकी दुकान में घुस गए। पटेल ने कहा कि लुटेरो ने लूटपाट की कोशिश की लेकिन सफल नही हो पाए।पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एक अन्य हमले मे लोगो के एक समूह ने एलर्सली में मरुआ रोड स्थित सैंड्रा डेयरी पर धावा बोल दिया और कई सामान लूटकर एक वाहन में सवार होकर फरार हो गए।ए दो दुकाने ऑकलैंड और वाइकाटो क्षेत्र की उन छह दुकानो मे शामिल है, जिन्हें इस सप्ताह की शुरुआत में लुटेरों ने निशाना बनाया।देश में छोटा व्यवसाय करने वालो के खिलाफ हिसा और अपराध के मामलो मे वृद्धि हुई है। इनमें से कई घटनाओं में भारतीय मूल के लोगों के व्यवसाय निशाने पर रहे। गत शनिवार को चार लोग हैमिल्टन मे भारतीय मूल के पुनीत सिंह के डेयरी स्टोर में घुस गए और चाकू से उनकी दो उंगलियां काट दी। पिछले महीने, भारतीय मूल के 34 वर्षीय डेयरी कर्मचारी जनक पटेल की सैंड्रिघम मे हत्या कर दी गई थी।

# चीन का कोविड पर रोक लगाना अमेरिका के हित में होगाः ब्लिंकन

**भाषा।** वाशिंगटन

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा है कि चीन का कोविड-19 के मामलों में हालिया वृद्धि पर रोक लगाना अमेरिका के हित में होगा क्योंकि दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के बंद रहने से काफी जटिलताएं उत्पन्न होंगी। विशेषज्ञों का अनुमान है कि आने वाला समय काफी कठिन होने जा रहा है और अगले साल तक वायरस के कारण करीब 20 लाख लोगों की मौत हो सकती है।चीन में कोविड-19 के मामलों में हालिया वृद्धि के बारे में पूछे जाने पर ब्लिंकन ने कहा कि अमेरिका तीन कारणों से चाहता है कि चीन में यह प्रकोप नियंत्रण में आए। उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, पहला, हम कहीं भी लोगों को कोविड से पीड़ित नहीं देखना चाहते। चाहे वह बीमारी हो, चाहे वह मृत्यु हो, हम चाहते हैं कि चीन सहित, जहां कहीं भी यह हो रहा है, उसका अंत हो।

# पेरिस में हुई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत, तीन घायल

एपी। पेरिस

**फ्रांस की** राजधानी पेरिस में शुक्रवार को कुर्दिश सांस्कृतिक केंद्र को निशाना बनाकर की गई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गोलाबारी में घायल हुए 69 वर्षीय संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया गया है। गोलीबारी का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

पेरिस के अभियोजन कार्यालय ने मामले की जांच शुरू कर दी है और संदिग्ध की पहचान की पुष्टि की जा रही है।पुलिस ने घटनास्थल टेन्थ एरोनडिसिमेंट को घेर लिया है। यह इलाका गारे डे ल इस्ट ट्रेन स्टेशन के निकट स्थित है, जहां अक्सर भीड़ रहती है। यहां कई दुकानें हैं। गोलीबारी ऐसे समय में हुई है जब पेरिस में क्रिसमस की तैयारियां की जा रही हैं।पेरिस पुलिस विभाग ने लोगों को घटनास्थल से दूर रहने के लिए कहा है जबकि आपातकालीन कर्मचारी मौके पर मौजूद हैं।पेरिस के अभियोजक लौरे बेकुआउ ने कहा कि गोलीबारी में घायल हुए तीन लोगों की मौत हो गई। घायलों में से एक की हालत गंभीर है जबकि दो अन्य को कम गंभीर चोट आई हैं, और वे अस्पताल में भर्ती हैं।टेन्थ एरोनडिसिमेंट की मेयर एलेक्जेंद्रा कोर्डेबार्ड के अनुसार गोलीबारी कुर्दिश सांस्कृतिक केंद्र और एक रेस्तरां एवं सैलून के निकट हुई है।कोर्डेबार्ड ने कहा कि हमलावर भी घायल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभियोजन कार्यालय ने कहा कि चार घायलों में से दो की हालत गंभीर है। आतंकवाद-रोधी अभियोजकों से संपर्क किया गया है, लेकिन फिलहाल ऐसा कोई संकेत नहीं मिला है कि यह एक आतंकवादी हमला था।

# भारत-पाक संबंधों के लिहाज से खराब रहा 2022, बिलावल के बयान के बाद बढ़ी कड़वाहट

भाषा। इस्लामाबाद



**भारत के** साथ पाकिस्तान के संबंधों पर साल 2019 से बर्फ जमी है और इस साल भारतीय नेतृत्व के खिलाफ विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के अशोभनीय बयान के बाद संबंध और खराब हो गए हैं। इसके चलते परमाणु शक्ति संपन्न इन दोनों देशों के बीच रिश्तों के जल्द बहाल होने की उम्मीदों को झटका लगा है। अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर से विशेष दर्जा वापस लिए जाने के बाद पाकिस्तान ने भारत के साथ राजनयिक संबंधों को कमतर कर लिया था। इस फैसले के बाद पाकिस्तान ने नई दिल्ली में राजनयिक कर्मचारियों की संख्या कम कर दी थी और व्यापार संबंध खत्म कर दिए थे।तब से लेकर अब तक दोनों देशों के बीच केवल एक सकारात्मक घटनाक्रम देखने को मिला है और वह है फरवरी 2021 में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर संघर्ष विराम समझौते की बहाली। इस फैसले के बाद आने वाले दिनों में ऐसे और कदम उठाए जाने की उम्मीद जगी थी। हालांकि इसके बाद से दोनों देशों के रिश्तों में गर्मजोशी का कोई संकेत नहीं मिला है। इस साल भारत ने पाकिस्तान पर नियंत्रण रेखा के निकट सीमापार घुसपैठ और आतंकवादियों के अड्डों को फिर से सक्रिय करने का आरोप लगाया, ऐसे में दोनों देशों के बीच संबंधों में कोई सुधार देखने को नहीं मिला। हालांकि पाकिस्तान ने आरोप लगाया कि भारत देश में आतंकवादी समूहों का समर्थन करता है। भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक बैठक में कहा कि आतंकवाद का समसामयिक केंद्र बहुत सक्रिय है। उन्होंने इससे निपटने के लिए सामूहिक कार्वाई का आह्वान किया। हालांकि जयशंकर ने किसी देश का नाम नहीं लिया, लेकिन यह स्पष्ट था कि वह परोक्ष रूप से पाकिस्तान का जिक्र कर रहे थे। जयशंकर के इस बयान के बाद विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में व्यक्तिगत टिप्पणी की और आरएसएस पर भी निशाना साधा। बिलावल की टिप्पणी की कड़ी निंदा करते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि अच्छा होता कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री अपनी कुंठा अपने देश में आतंकवादी संगठनों के मुख्य षड्यंत्रकर्ताओं पर निकालते, जिन्होंने आतंकवाद को देश की नीति का एक हिस्सा बना दिया है।

## आईएमएफ का चालू वित्त वर्ष में भारत की वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान

**वाशिंगटन।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अनुमान लगाया है कि चालू वित्त वर्ष और अगले वित्त वर्ष मे भारत की आर्थिक वृद्धि दर क्रमशः 6.8 प्रतिशत और 6.1 प्रतिशत रहेगी। इसके साथ ही आईएमएफ ने कहा कि भारत एक बेहद मुश्किल बाह्य वातावरण का सामना कर रहा है। आईएमएफ के भारतीय मिशन की प्रमुख शोएरी नाडा ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि एक निराशाजनक वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में भारत चमकदार स्थान बना हुआ है। आईएमएफ ने भारत के लिए अपनी वार्षिक परामर्श रिपोर्ट जारी करते हुए कहा, हम देख रहे हैं कि अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में काफी मजबूती से आगे बढ़ रही है। इस रिपोर्ट के अनुसार कम अनुकूल परिदृश्य और सख्त वित्तीय स्थितियो के मद्देनजर वृद्धि दर मध्यम रहने का अनुमान है। भारत पर आईएमएफ की रिपोर्ट मे कहा गया है कि वास्तविक जीडीपी के वित्त वर्ष 2022-23 और 2023-24 मे क्रमशः 6.8 प्रतिशत और 6.1 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। नाडा ने कहा कि ए अनुमान पहले की तुलना मे काफी बेहतर हैं। उन्होंने कहा, हमारे अनुमानो के मुताबिक भारत इस साल और अगले साल वैश्विक वृद्धि में आधा प्रतिशत योगदान देगा। भारत के संबंध मे जोखिम के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि जोखिम ज्यादातर बाहरी कारको से आ रहे है और वैश्विक मंदी अनुमान से अधिक हो सकती है।

## बैंक स्वच्छ ऊर्जा वाले वाहन खरीदने के लिए सस्ता कर्ज दें : गडकरी

**ठाणे।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को बैंको से कहा कि उन्हें फ्लेक्स ईंधन, बिजली और हाइड्रोजन जैसी स्वच्छ ऊर्जा से चलने वाले वाहनों की खरीद के लिए सस्ता कर्ज देना चाहिए। गडकरी ने महाराष्ट्र में ठाणे जिले के कल्याण में एक सहकारी बैंक के स्वर्ण जयंती समारोह मे कहा कि उनका सपना है कि डीजल और पेट्रोल से चलने वाले वाहन अगले चार-पांच वर्षों में चरणबद्ध तरीके से हटा दिए जाएं। उन्होने कहा कि बैंको को उद्योगो का मूल्यांकन पिछले पांच वर्षों मे विभिन्न मापदंडो पर उनके प्रदर्शन के आधार पर करना चाहिए और इस प्रक्रिया में अधिक अंक पाने वालो को 24 घंटे के भीतर ही कर्ज दे देना चाहिए। सार्वजनिक परिवहन के लिए इलेक्ट्रिक वाहनो के इस्तेमाल के बारे मे गडकरी ने कहा कि एक गैर-वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बस के संचालन पर आने वाली लागत 39 रुपए प्रति किलोमीटर है, जबकि एसी इलेक्ट्रिक बस के लिए यह लागत 41 रुपए प्रति किलोमीटर है। उन्होने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनो का संचालन यात्रियो के हित मे है। उन्होंने कहा कि डीजल बसो को इलेक्ट्रिक बसो मे बदलकर यात्रियो के लिए टिकट की कीमतो में 30 फीसदी तक की कमी की जा सकती है।

## गूगल ने एंड्रॉयड पर प्रतिस्पर्धा आयोग के फैसले को एनसीएलएटी में दी चुनौती

**नई दिल्ली।** दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल ने एंड्रॉयड मोबाइल उपकरण पारिस्थितिकी तंत्र के मामले मे अनुचित व्यापार व्यवहार के भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के आदेश के खिलाफ राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) मे अपील की है। कंपनी के प्रवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। गूगल के प्रवक्ता ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमने एंड्रॉयड पर सीसीआई के फैसले के खिलाफ अपील करने का निर्णय लिया है। हमारा मानना है कि यह फैसला उन भारतीय प्रयोगकर्ताओ, कंपनियों के लिए बड़ा झटका है जिन्हें एंड्रॉयड की सुरक्षा खूबियो पर भरोसा है। इससे मोबाइल उपकरणो की लागत संभावित रूप से बढ़ जाएगी। प्रतिस्पर्धा आयोग ने अपने फैसले मे एंड्रॉयड मोबाइल उपकरणों के मामले में कई बाजारो में अपनी दबदबे की स्थिति का फायदा उठाने के लिए गूगल पर।,337.76 करोड़ रुपए का भारी जुर्माना लगाया था। इसके साथ ही सीसीआई ने इंटरनेट क्षेत्र की कंपनी को कई तरह के अनुचित व्यापार व्यवहार से बचने को कहा था। इस पर गूगल के प्रवक्ता ने कहा कि हम एनसीएलएटी में अपनी बात रखेंगे। इसके साथ ही हम अपने प्रयोगकर्ताओं तथा भागीदारो के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी ने कहा कि एंड्रॉयड ने भारतीय प्रयोगकर्ताओ, डेवलपर्स और ओईएम को लाभ दिया है और इसने देश के डिजिटल बदलाव को आगे बढ़ाया है। सूत्रों ने कहा कि गूगल ने एनसीएलएटी से आयोग के आदेश पर रोक लगाने की अपील की है। गूगल का मानना है कि सीसीआई इस बात पर गौर करने मे विफल रहा कि मुक्त एंड्रॉयड कारोबारी मॉडल सभी अंशधारको के लाभ के लिए प्रतिस्पर्धा का समर्थन करता है, खासकर भारत के मामले में। सूत्रों के मुताबिक, गूगल को भरोसा है कि एनसीएलएटी इस मामले मे मौजूद प्रमाणो पर गौर करेगा कि एंड्रॉयड ने भारत मे मोबाइल पारिस्थितिकी तंत्र की भारी वृद्धि और समृद्धि मे योगदान दिया है। सूत्रों ने कहा कि एंड्रॉयड ने सभी के लिए अधिक विकल्प पैदा किए हैं। इसने देश और दुनिया मे हजारो सफल व्यवसायो को समर्थन दिया है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने अक्टूबर मे दो फैसलो मे गूगल पर कुल 2,200 करोड़ रुपए से अधिक का जुर्माना लगाया था। एंड्रॉयड मोबाइल उपकरण क्षेत्र मे अपनी मजबूत स्थिति का दुरुपयोग करने को लेकर गूगल पर यह कार्वाई की गई थी। दूसरे मामले में कंपनी पर 936.44 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया।

# कोविड की आशंका से शेयर बाजार दहला, सेंसेक्स 981 अंक और लुढ़का

**भाषा।** मुंबई



**चीन और** कुछ अन्य देशों में कोविड-19 संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ने से शुक्रवार को एशियाई बाजारों में गिरावट का रुख रहा। स्थानीय बाजार भी इससे अछूते नहीं रहे और बड़े नुकसान के साथ बंद हुए। निवेशकों की भारी बिकवाली से बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 980.93 अंक यानी 1.61 प्रतिशत लुढ़कते हुए 59,845.29 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स।,060.66 अंक यानी 1.74 प्रतिशत तक लुढ़क गया था। सेंसेक्स गत 28 अक्टूबर के बाद पहली बार 60,000 अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में भी 320.55 अंक यानी 1.77 प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। निफ्टी 17,800 के स्तर से भी नीचे आ गया था लेकिन अंत में यह थोड़ा सुधरते हुए 17,806.80 अंक पर बंद हुआ। दोनों प्रमुख सूचकांकों में गिरावट का यह लगातार चौथा दिन रहा। इस दौरान निवेशकों की 15 लाख करोड़ रुपए से भी अधिक की पूंजी कम हो चुकी है।

सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से टाइटन को छोड़कर बाकी कंपनियां नुकसान में रहीं। सर्वाधिक पांच प्रतिशत की गिरावट टाटा स्टील में दर्ज की गई। इसके अलावा टाटा मोटर्स, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज, विप्रो, इंडसइंड बैंक, लार्सन एंड टुब्रो और मारुति सुजुकी के शेयर भी खासे नुकसान में रहे। शेयर बाजार में पिछले चार दिनों से जारी गिरावट में निवेशक करीब 15.78 लाख करोड़ रुपए गंवा चुके हैं। इसके साथ ही बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण घटकर 2,72,12,860.03 करोड़ रुपए रह गया।साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स।,492.52 अंक यानी 2.43 अंक लुढ़का है जबकि निफ्टी में 462.20 अंक यानी 2.52 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड के सह उपाध्यक्ष (तकनीकी शोध) अमोल अठावले ने कहा, "कमजोर वैश्विक संकेतों और मंदड़िया बाह्य कारकों से बाजारों में भारी बिकवाली हुई और दोनों ही सूचकांक मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे आ गए। चीन और जापान में कोविड मामले बढ़ने के अलावा अमेरिका में तीसरी तिमाही के आंकड़े बेहतर रहने से ब्याज दर में वृद्धि का सिलसिला जारी रहने की आशंका को भी बल मिलने से बिकवाली का दबाव बना"।एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया के कॉस्पी, जापान के निक्की, चीन के शंघाई कम्पोजिट तथा हांगकांग के हैंगसेंग में गिरावट का रुख रहा। हालांकि, यूरोप के बाजार दोपहर के सत्र में बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के उपाध्यक्ष (तकनीकी शोध) अजित मिश्रा ने कहा, संकेत दिख रहे हैं कि बाजार में गिरावट का मौजूदा दौर आगे भी बना रह सकता है। इस बीच मिले-जुले वैश्विक संकेत उतार-चढ़ाव को बनाए रखेंगे। ऐसी स्थिति में सुरक्षित नजरिया लेकर चलने की सलाह दी जाती है। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.89 प्रतिशत चढ़कर 82.51 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। बाजार में जारी गिरावट के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को खरीदारी की। उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, एफआईआई ने 928.63 करोड़ रुपए मूल्य के शेयरों की शुद्ध लिवाली की।

# एनडीटीवी के संस्थापक कंपनी में अपनी अधिकांश हिस्सेदारी अडाणी समूह को बेचेंगे

**नई दिल्ली।** एनडीटीवी के संस्थापक प्रणय रॉय और उनकी पत्नी राधिका रॉय ने शुक्रवार को कहा कि वे इस मीडिया कंपनी में अपनी बची हुई 32.26 प्रतिशत हिस्सेदारी में से 27.26 प्रतिशत हिस्सा अडाणी समूह को बेच देंगे। यह बिक्री पूरी हो जाने पर अडाणी समूह न्यू डेल्ही टेलीविजन लिमिटेड (एनडीटीवी) में सबसे बड़ा शेयरधारक बन जाएगा। समूह पहले ही संस्थापकों द्वारा समर्थित एक कंपनी को खरीदा चुका है और उसके बाद उसने खुले बाजार से शेयर भी हासिल किए हैं। संस्थापकों ने शेयर बाजारों को दी गई जानकारी में कहा, "ऐसी स्थिति में हमने आपसी समझौते के तहत एनडीटीवी में अपने अधिकांश शेयर एएमजी मीडिया नेटवर्क (अडाणी समूह की फर्म) को बेचने का फैसला किया है। एनडीटीवी में दोनों की कुल हिस्सेदारी 32.26 प्रतिशत है जबकि अडाणी समूह के पास अब कंपनी में हिस्सा 37.44 प्रतिशत हो चुका है।

**Public Notice**
NOTICE is hereby given that Mr. Anil Kumar Roy is owner of the IT Space bearing No.06 on 5th Floor having super built up area 1255 sq.ft., in the IT Complex known as "Welldone Tech Park", situated in revenue estate of Village Tikri, Sector-48, Sub-Tehsil Badshahpur, Distt. Gurugram, Haryana vide Sale Deed dated 09.09.2022 (Doc. No. 6857). Now, Mr. Anil Kumar Roy is availing a loan on this property from Bajaj Housing Finance Ltd. by mortgaging the said property. In case anyone has any objection regarding mortgage of the said property, the same may be raised within 7 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

**PUBLIC NOTICE**
Be it known all general public that my client Mr Himanshu Sharma s/o Late Mr. Ram Pal Sharma Residence of – L-2/14, New Mahavir Nagar New Delhi, execute the sale deed in favour of Mr. Surender Singh dated 08.11.2018.
Thereafter, Unfortunately, Mr. Ram Pal Sharma died on 01.05.2011 leaving behind Bimla Sharma (wife), Himanshu Sharma (son) and Mamta Sharma (daughter) as his legal heirs.
We have received SMC certificate no. 90660000128419 from his legal heirs mentioned above.
Thereafter, Bimla Sharma (wife) and Mamta Sharma (daughter) relinquished their respective shares in the said property Plot No. WZ-152-A area measuring 286 sqyds Vide Document No.31617, Volume No.19358, Pages 141 to 143, Book No.1 in favour of Mr. Himanshu Sharma through Relinquishment deed dated 26.11.2011.
If any person has any objection regarding the above mentioned property Plot No. WZ152-A area measuring 286 sq yds Vide Document No.31617, Volume No.19358, Pages 141 to 143, Book No.1 kindly contact on 9599801188 **within 07 days** from the date of publication.
Place : Delhi
Date : 24.12.22
Sd/- Advocate Amarendra Kr. Dubey, (Enr. No. D-200/2013) 501A, 5th Floor, Usha Kiran Bldg, Comm. Complex, Azadpur, Delhi-33 M. 9599801188.

**PUBLIC NOTICE**
To be known to all that I, **Shri Amit Manchanda** S/o Sh. Kuldip Raj R/o **Flat no 671, 7th Floor, Neelkanth Apartments, Rohini, Sector-13, Delhi-85** owner of **Flat no 671, The Talagang Co-operative Group Housing Society Ltd., Plot no 49, Sector-13, Rohini,** Delhi-85 has applied for conversion of the aforesaid plot from leasehold to freehold vide application no **LD26011GH/CON/16112022** dated 16.11.22 in DDA. That the original documents i.e. share certificate and Allotment Letter of the above property have been lost, A FIR dated 01.02.21 bearing LR no 92133/2021 against this effect has been lodged at Crime Branch Delhi. Any persons claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents may write contact with above named person at above address/ph No.9810073647 within 15days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director (GH), C-Block, 2nd Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi-23.

## वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं से अगले साल प्रभावित हो सकता है देश का निर्यात

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** का निर्यात भले ही वित्त वर्ष 2021-22 में 422 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर को छू गया हो, लेकिन प्रमुख पश्चिमी बाजारों में मंदी और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण भू-राजनीतिक संकट की छाया अगले साल यानी 2023 में देश के निर्यात को प्रभावित कर सकती है।

राजनीतिक स्थिरता, माल की आवाजाही, कंटेनरों और शिपिंग लाइनों की पर्याप्त उपलब्धता, मांग, स्थिर मुद्रा और सुचारू बैंकिंग प्रणाली जैसे सभी वैश्विक व्यापार को बढ़ावा देने वाले कारक अब बिखर रहे हैं। संकट को बढ़ाते हुए, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया और अमेरिका जैसे देशों में कोविड महामारी के मामले फिर से बढ़ने लगे हैं। इससे पहले कि कोविड-प्रभावित वैश्विक अर्थव्यवस्था संकट से बाहर आ पाती, फरवरी में रूस-यूक्रेन युद्ध के प्रकोप ने दुनियाभर में आपूर्ति श्रृंखला को गंभीर रूप से बाधित कर दिया और वैश्विक वस्तुओं की कीमतों को बढ़ा दिया। युद्ध ने महत्वपूर्ण काला सागर मार्ग से माल की आवाजाही को भी प्रभावित किया। बिगड़ती भू-राजनीतिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने अनुमान लगाया है कि वर्ष 2023 में वैश्विक व्यापार में केवल एक प्रतिशत की वृद्धि होगी। जिनेवा स्थित बहुपक्षीय व्यापार निकाय ने कहा है कि विश्व व्यापार में वर्ष 2022 की दूसरी छमाही में गति कम होने और वर्ष 2023 में कमजोर रहने की उम्मीद है, क्योंकि वैश्विक अर्थव्यवस्था पर कई झटके लगे हैं। इसने कहा, डब्ल्यूटीओ के अर्थशास्त्री अब भविष्यवाणी करते हैं कि वर्ष 2022 में वैश्विक व्यापारिक व्यापार की मात्रा 3.5 प्रतिशत बढ़ेगी जो अप्रैल में तीन प्रतिशत पूर्वानुमान से थोड़ा बेहतर है। हालांकि, वर्ष 2023 के लिए वे एक प्रतिशत की ही वृद्धि होने की उम्मीद व्यक्त करते हैं जो 3.4 प्रतिशत के पिछले अनुमान से काफी कम है। जानकारों के मुताबिक, इन घटनाक्रमों के बीच भारत के लिए खुद को इन काली घटाओं से बचाना मुश्किल होगा। हालांकि, उन्होंने कहा कि भारत ने अबतक वस्तुओं निर्यात में वृद्धि हासिल की है और सेवाओं के निर्यात में भी अच्छी वृद्धि से भी 2023 में देश से निर्यात बढ़ाने में मदद मिलेगी। वर्ष 2021-22 में सेवा क्षेत्र का निर्यात भी 254 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर को छू गया और उद्योग के विशेषज्ञों के अनुसार, यह इस वित्त वर्ष में 300 अरब डॉलर के स्तर को छू सकता है।

## टिकट डाउनग्रेड करने पर यात्रियों को एयरलाइंस देगी मुआवजा

**भाषा।** नई दिल्ली

**नागर विमानन** महानिदेशालय (डीजीसीए) उन यात्रियों को मुआवजा देने के नियम जल्द ही जारी करेगा जिनके यात्रा टिकट को एयरलाइंस ने उनकी मर्जी के बगैर ही डाउनग्रेड कर दिया हो।

डीजीसीए यह कदम यात्रियों को जारी किए गए टिकटों को उनकी मर्जी के बगैर ही डाउनग्रेड कर दिए जाने के बारे में बढ़ती शिकायतों के मद्देनजर उठाने जा रहा है। डीजीसीए ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि इन संशोधनों के तहत यह सुनिश्चित किया जाएगा कि यात्रियों की मर्जी के बिना उनके टिकट को डाउनग्रेड करने पर एयरलाइंस उनको टिकट का कर समेत पूरा रिफंड उपलब्ध कराएगी।

**PUBLIC NOTICE**
Notice is hereby given that my client M/s KPH Fabrics P Ltd. is the owner of land area measuring 16817.85 sqm. part in khasra no. 12//11/2/2, 12,13,14,14/1, 14/2, 9/1 situated at Mauja Patli khurd, palwal, Haryana, having acquired the same vide 6 sale deeds duly registered in the office of SR palwal as Doc No. 6336, 6344, 6345, 6346, 6347 and 6200 dated 21/9/2018
And whereas they have lost the following document pertaining to the said property, an FIR has already been lodged in lieu of that dated 2/12/2022 :-
1. Original Sale Deed dated 1.07.2011 (document no. 3355) executed by Ram Prasad, hoshiyar singh @ hukam in favour of mukesh kumar
All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/ registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned. **Kamal Kant Gupta (Advocate)**
Unit No. FF-2, First floor, Mahaluxmi Metro Tower Sec-4, Vaishali, Gzb., U.P., Mob. 9810063351

**सार्वजनिक सूचना**
आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निसार अहमद पुत्र अकबर ने चिकंबरपुर, शहीद नगर, परगना लोनी, जिला गाजियाबाद, (यूपी) में स्थित संपत्ति यानी प्लॉट नंबर 7 का हिस्सा, एरिया परिमाप 44.22 वर्ग गज यानी 36.97 वर्ग मीटर, खसरा नंबर 26, 27 और 51 में से, (उक्त संपत्ति) बिक्री विलेख दिनांक 16.03.2016, दस्तावेज़ सं. 2960, एसआर-II गाजियाबाद के माध्यम से मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता हैं कि खुशबू पत्नी अनीश अहमद निवासी एफ-300, ब्लॉक-एफ, शहीद नगर, चिकंबरपुर, गाजियाबाद, यूपी, एटीएस के माध्यम से उक्त संपत्ति को निसार अहमद पुत्र अकबर से खरीद रही है। और उक्त संपत्ति पर ऋण लेने के लिए सैटिन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से संपर्क किया है। उनके पास नहीं है (ए) मूल विभाजन विलेख 1) श्रीमती शांति देवी पत्नी श्री बनारसीदास (2) श्रीमती कैलाश रानी पत्नी श्री कश्मीरी लाल चावला (3) श्रीमती संतोष रानी पत्नी श्री कृष्ण लाल (4) श्रीमती कमलेश रानी पत्नी श्री सुरिंदर कुमार, प्लॉट नंबर 30 के संबंध में, एरिया परिमाप 4800 वर्ग गज, के बीच का। (बी) स्वर्गीय श्रीमती शांति देवी पत्नी श्री बनारसीदास (2) स्वर्गीय श्रीमती कैलाश रानी पत्नी श्री कश्मीरी लाल चावला (3) स्वर्गीय श्रीमती कमलेश रानी पत्नी श्री सुरिंदर कुमार का मृत्यु प्रमाणपत्र। (सी) एसएमसी के नाम पर 1) स्वर्गीय श्रीमती शांति देवी पत्नी स्वर्गीय श्री बनारसीदास के कानूनी उत्तराधिकारी श्री सुरजीत सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री बनारसी दास चावला (2) श्रीमती कैलाश रानी पत्नी श्री कश्मीरी लाल चावला के कानूनी उत्तराधिकारी श्री देश राज चावला पुत्र स्वर्गीय श्री कश्मीरी लाल चावला और (3) श्रीमती कमलेश रानी पत्नी श्री सुरिंदर कुमार के कानूनी उत्तराधिकारी श्री विकास चावला पुत्र श्री सुरिंदर कुमार चावला (डी) उक्त संपत्ति के संबंध में संबंधित न्यायालय द्वारा जारी उत्तराधिकार आदेश। और यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार, हित, अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो वह अपने दस्तावेजी साक्ष्य के साथ अपनी आपत्ति भेज सकता है और कृपया अधोहस्ताक्षरी को इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 7 दिनों के भीतरनीचे दिए गए पते पर लिखित रुप से सूचित करें, इसके विफल होने पर, यह मान लिया जाएगा कि उक्त संपत्ति पूरी तरह से ऐसे सभी दावों, प्रभार, हित, अधिकार आदि से मुक्त है
श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता,
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78,
सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301
ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन: 7011172764, 8130200837

# भारत जोड़ो यात्रा को पटरी से उतारना है मकसद : जयराम

**फरीदाबाद ( हरियाणा )।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने शुक्रवार को सरकार पर आरोप लगाया कि वह राहुल गांधी के नेतृत्व में जारी पार्टी की भारत जोड़ो यात्रा को पटरी से उतारने और इसे बदनाम करने के लिए पूरा कोविड नाटक रच रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी की भारत जोड़ो यात्रा शुक्रवार को फरीदाबाद में दाखिल हुई और यह शनिवार सुबह दिल्ली पहुंचेगी। रमेश ने कहा कि उनकी पार्टी वैज्ञानिक सलाह पर आधारित एवं समान रूप से लागू किसी भी प्रोटोकॉल का पालन करेगी। यात्रा हरियाणा के पहले चरण के अंतिम दिन शुक्रवार को फरीदाबाद में प्रवेश करने से पहले सुबह सोहना के खेरली लाला से फिर से शुरू हुई। इस दौरान द्रमुक नेता कनिमोझी समेत कुछ अन्य खिलाड़ी भी यात्रा में शामिल हुए। यहां पाखल गांव में एक संवाददाता सम्मेलन में रमेश ने कहा,

### कांग्रेस ने सरकार पर लगाया आरोप : कोविड नाटक है

भारत जोड़ो यात्रा के दिल्ली पहुंचने के मद्देनजर पिछले दो दिनों में यह पूरा कोविड नाटक यात्रा को बदनाम करने और पटरी से उतारने के लिए रचा गया है। यही एकमात्र उद्देश्य है। रमेश से केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया द्वारा राहुल गांधी को लिखे उस पत्र का हवाला देकर सवाल किया गया था, जिसमें मांडविया ने कोविड प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित नहीं होने की सूरत में यात्रा को स्थगित करने पर विचार किए जाने की बात कही है। कांग्रेस नेता ने कहा, समान रूप से लागू और वैज्ञानिक एवं चिकित्सीय सलाह पर आधारित किसी भी प्रोटोकॉल का कांग्रेस पार्टी द्वारा पालन किया जाएगा। हमने हमेशा इसका पालन किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा, हम वह पार्टी नहीं हैं, जिसने यह समाधान दिया था कि कोविड की स्थिति (2020 में इसके प्रकोप के बाद) पर महाभारत युद्ध की तरह 18 दिनों में जीत हासिल कर ली जाएगी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा, एक सज्जन हैं, जिन्होंने कहा था कि हम 18 दिनों में कोविड की लड़ाई जीत लेंगे। अगर आपको याद हो तो एक सज्जन ने महामारी से निपटने के लिए भारतीयों को अपनी बालकनी में जाकर थाली बजाने की सलाह दी थी। ए कोविड से निपटने के लिए किए गए उपाय थे। प्रधानमंत्री मोदी पर टीवी पर दिखाने के लिए मास्क पहनने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, कल जिस तरह प्रधानमंत्री ने मास्क पहना, उसकी तुलना में मैंने अधिक समय तक मास्क पहना है।

## बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए अरुणाचल, सिक्किम के सीमावर्ती 130 गांवों की पहचान की गईः कलिता

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में सीमावर्ती क्षेत्रों में 130 गांवों की पहचान की है। वास्तविक नियंत्रण रेखा के निकट चीन द्वारा नागरिक बस्तियों के विस्तार पर बढ़ती चिंताओं की पृष्ठभूमि में सेना की पूर्वी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल राणा प्रताप कलिता ने जानकारी दी। लेफ्टिनेंट जनरल कलिता ने यह भी कहा कि एलएसी से 100 किलोमीटर के भीतर किसी भी बुनियादी ढांचे के विकास के लिए अनुमोदन प्रदान करने के वास्ते एक प्रकार की एकल खिड़की प्रणाली के लिए प्रयास चल रहे हैं क्योंकि विभिन्न नियामक मंजूरी प्राप्त करने में लगने वाले समय के कारण प्रमुख परियोजनाओं के कार्यान्वयन में देरी होती है। कमांडर ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में एलएसी के साथ लगने वाले कई क्षेत्र पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों, वन्यजीव संरक्षित क्षेत्रों और आरक्षित वनों के अंतर्गत आते हैं और परियोजनाओं के लिए विभिन्न स्वीकृतियां प्राप्त करना कई बार चुनौतीपूर्ण हो जाता है। हम एलएसी से 100 किमी के भीतर आने वाले किसी भी बुनियादी ढांचे के लिए एकल खिड़की मंजूरी की एक पद्धति विकसित करने की कोशिश कर रहे हैं। इसका मकसद विभिन्न परियोजनाओं के कार्यान्वयन की गति को तेज करना है। अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम सेक्टर में एलएसी की निगरानी करने वाली पूर्वी कमान के कमांडर ने कहा कि चीन की सीमा से लगे प्रमुख इलाकों में सड़क और दूरसंचार नेटवर्क विकसित करने के लिए काफी काम चल रहा है। एलएसी के साथ आदर्श गांवों के विकास पर लेफ्टिनेंट जनरल कलिता ने कहा कि योजना का उद्देश्य रिवर्स माइग्रेशन (विपरीत पलायन) सुनिश्चित करना है और लोगों को बेहतर संभावनाओं के लिए क्षेत्रों को छोड़ने से रोकना है।



नई दिल्ली में बिहार भाजपा के सदस्यों ने संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान सारण में जहरीली शराब पीड़ितों के लिए मुआवजे की मांग को लेकर गांधी प्रतिमा के पास धरना देते हुए।

## कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 53 प्राथमिक शिक्षकों को बर्खास्त करने का आदेश दिया

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा प्रायोजित और सहायता प्राप्त स्कूलों में भर्ती में अनियमितताओं के लिए 53 प्राथमिक शिक्षकों को सेवा से बर्खास्त करने का आदेश दिया। वे उन 269 लोगों में शामिल हैं जिनकी सेवा अदालत ने पहले के एक आदेश में समाप्त कर दी थी। इन 269 व्यक्तियों को उच्च न्यायालय द्वारा सुनवाई का अवसर दिया जाए। 54 प्राथमिक शिक्षकों ने अदालत का रुख किया और हलफनामा प्रस्तुत किया था। न्यायमूर्ति ने उनकी सेवा समाप्त करने का आदेश दिया था। न्यायमूर्ति ने 53 प्रा. शिक्षकों को बर्खास्त करने का आदेश दिया। 2014 में टीईटी उत्तीर्ण करने के बावजूद नौकरी से वंचित किए जाने का दावा करने वाले उम्मीदवारों की याचिका पर बंगाल प्राथमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा शिक्षकों की नियुक्तियों में गंभीर अनियमितताओं को ध्यान में रखते हुए न्यायमूर्ति ने मामले की जांच सीबीआई से कराने का आदेश दिया था।

## कांग्रेस का धनखड़ को पत्रः लोकतंत्र में नही, आज संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों में विश्वास की कमी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ द्वारा सोनिया गांधी की न्यायपालिका से जुड़ी एक टिप्पणी को अनुचित करार दिए जाने के बाद शुक्रवार को धनखड़ को पत्र लिखकर कहा कि आज लोकतंत्र में नहीं, बल्कि उच्च संवैधानिक पदों पर आसीन लोगों में विश्वास की कमी है। पार्टी महासचिव और राज्यसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक जयराम रमेश ने उपराष्ट्रपति धनखड़ को लिखे पत्र में यह आरोप भी लगाया कि मौजूदा सरकार ने न्यायपालिका के कामकाज में दखल देने और न्यायिक नियुक्तियों की प्रक्रिया को बदलने का प्रयास किया है।

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने न्यायपालिका और सरकार के संबंध में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के बयान को पूरी तरह से अनुचित बताते हुए राजनीतिक दलों के नेताओं से आग्रह किया था कि वे उच्च संवैधानिक पदों पर आसीन लोगों पर पक्षपात करने का आरोप नहीं लगाएं।

धनखड़ ने कहा था कि संप्रग अध्यक्ष का बयान उनके विचारों से पूरी तरह से भिन्न है और न्यायपालिका को कमतर करना उनकी सोच से परे है। राज्यसभा के सभापति ने कहा था कि संप्रग अध्यक्ष का बयान पूरी तरह अनुचित है और लोकतंत्र में उनके विश्वास की कमी का संकेत देता है। कांग्रेस नेता ने कहा, मैं आपके (धनखड़) द्वारा कल दिए गए उस असाधारण बयान पर अपनी टिप्पणी देने को विवश हुआ हूं, जो कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख की ओर से अपने सांसदों की बैठक में की गई बात से संबंधित थी। रमेश ने यह भी कहा, सभापति महोदय, आपने इस बात पर जोर दिया है कि लोकतंत्र के तीनों स्तंभों को पूरी निष्ठा के साथ आपने दायरे में रहना चाहिए।

## संसद का लगातार आठवां सत्र तय कार्यक्रम से पहले स्थगितः पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च

भाषा। **नई दिल्ली**

**संसद** का शीतकालीन सत्र शुक्रवार को निर्धारित कार्यक्रम से छह दिन पहले अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया और यह लगातार आठवां सत्र है जिसकी अवधि कम की गई है। पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च नामक संस्था द्वारा संकलित आंकड़ों से यह जानकारी मिली। शीतकालीन सत्र सात दिसंबर को शुरू हुआ और इसे 29 दिसंबर तक चलना था। हालांकि सदस्यों ने क्रिसमस और नए साल को देखते हुए लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति से कार्यवाही पहले ही स्थगित करने का आग्रह किया था। पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च के आंकड़ों के अनुसार, यह सत्र 13 कार्यदिवस का रहा। यह 17वीं लोकसभा के सबसे छोटे सत्रों में से एक है। इससे पहले 2020 में कोविड महामारी के दौरान मॉनसून सत्र भी छोटा, दस दिन का था।

पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च ने कहा, संसद का लगातार आठवां सत्र पूर्व निर्धारित कार्यक्रम से पहले स्थगित हो गया। इस लोकसभा में तय समय से पहले सत्र के स्थगन के कारण 36 कार्य दिवस कम हुए।

रिपोर्ट के अनुसार पिछले करीब 50 साल में संसद सत्र की बैठकों की संख्या कम होती जा रही है और 1950 तथा 60 के दशकों के बाद यह आधी हो गई है। थिंक टैंक के अनुसार 2020 में हुए बजट सत्र से अब तक के सभी संसद सत्र तय समय से पहले समाप्त हो गए। वर्ष 2020 में कोविड-19 के मामले बढ़ने की वजह से बजट और मॉनसून सत्र की अवधि कम कर दी गई। बजट सत्र 11 दिन पहले स्थगित कर दिया गया, वहीं मॉनसून सत्र तय समय से आठ दिन पहले समाप्त हो गया था। उस साल महामारी के कारण शीतकालीन सत्र आयोजित ही नहीं हुआ।

संस्थान के आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल बजट सत्र निर्धारित कार्यक्रम से 14 दिन पहले ही स्थगित कर दिया गया। तब सरकार ने एक बयान में कहा था कि दोनों सदनों में अनेक सदस्यों ने मांग की थी कि आठ अप्रैल तक प्रस्तावित दोनों सदनों की बैठकों को पहले स्थगित कर दिया जाए ताकि वे विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में चुनाव प्रक्रिया में भाग ले सकें। संस्थान के आंकड़े दिखाते हैं कि पिछले वर्ष मॉनसून सत्र तय समय से दो दिन पहले और शीतकालीन सत्र निर्धारित कार्यक्रम से एक दिन पहले समाप्त कर दिया गया। पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च ने कहा कि इस साल बजट सत्र तय कार्यक्रम से एक दिन पहले और मॉनसून सत्र चार दिन पहले स्थगित कर दिया गया।

## मुख्यमंत्री की सुरक्षा में सेंध, हेलीकॉप्टर के नजदीक पहुंचा एक युवक

**भरतपुर ( राजस्थान )।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की सुरक्षा में सेंध का मामला शुक्रवार को सामने आया जब एक युवक उनके हेलीकॉप्टर के करीब पहुंच गया। हालांकि, भरतपुर के पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह ने कहा कि मानसिक रूप से बीमार युवक सेल्फी लेने के लिए हेलीकॉप्टर के पास पहुंचा था। घटना पुलिस परेड ग्राउंड के हेलीपैड पर उस समय हुई जब मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर के अंदर बैठे थे, हेलीकॉप्टर उड़ान भरने के लिए तैयार हो रहा था, तभी हर्ष गोयल नाम का व्यक्ति हाथ में मोबाइल फोन लेकर हेलीकॉप्टर की ओर बढ़ा। सिंह ने बताया कि इससे पहले कि वह हेलिकॉप्टर तक पहुंच पाता या सेल्फी क्लिक कर पाता सुरक्षाकर्मियों ने उसे पकड़ लिया और वहां से दूर ले गए। उसे स्थानीय थाने ले जाया गया जहां उससे पूछताछ की गई। उसके परिजन भी वहां पहुंच गए और उसके पिता ने कहा कि उसकी दिमागी हालात ठीक नहीं है। युवक का मेडिकल परीक्षण कराया गया था। गहलोत शुक्रवार को भरतपुर में एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए थे।

### नंदीग्राम में सहकारी समिति के चुनाव के दौरान टीएमसी-भाजपा समर्थकों में झड़प

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर जिले में सहकारी समिति के चुनाव के दौरान शुक्रवार को टीएमसी और भाजपा के समर्थकों के बीच हुई झड़प में कई लोग घायल हो गए। झड़प तब हुई जब नंदीग्राम में भेकुटिया कृषि सहकारी समिति के शासी निकाय के लिए चुनाव हो रहा था। पुलिस ने दोनों पक्षों के समर्थकों को तितर-बितर करने के बाद स्थिति को नियंत्रण में कर लिया। इसके बाद मतदान सुचारू रूप से चला। इस संबंध में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। सभी 12 सीट पर टीएमसी समर्थित उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की। भाजपा ने आरोप लगाया कि चुनाव के लिए बनाए गए उसके शिविर कार्यालय में चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद तोड़फोड़ की गई।

## सीबीआई ने 4,037 करोड़ की बैंक धोखाधड़ी में कॉर्पोरेट पावर लि. के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने 4,000 करोड़ रुपए की कथित बैंक धोखाधड़ी के मामले में कॉर्पोरेट पावर लिमिटेड नामक कंपनी और उसके निदेशकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने नागपुर, मुंबई, रांची, कोलकाता, दुर्गापुर, गाजियाबाद और विशाखापत्तनम समेत अनेक शहरों में 16 स्थानों पर तलाशी ली थी। अधिकारियों ने बताया कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा दायर एक शिकायत के अनुसार कोलकाता से संचालित कंपनी ने कथित तौर पर 20 बैंकों के एक संघ के साथ 4037.87 करोड़ रुपए की कथित धोखाधड़ी की थी। यह शिकायत अब सीबीआई की प्राथमिकी का हिस्सा है। अभिजीत समूह की कई कंपनियां और इसके कुछ निदेशक कोयला घोटाले के मामलों में पहले से ही सीबीआई जांच का सामना कर रहे हैं और उनके खिलाफ आरोप पत्र भी दायर किया गया है। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने बयान में कहा, आरोप लगाया गया कि कथित कर्जदार कंपनी ने 2009 से 2013 के बीच हेरफेर करके परियोजना लागत संबंधी कागज जमा किए थे और बैंक से धन प्राप्त किया था। सीबीआई ने प्राथमिकी में कंपनी और उसके प्रवर्तकों एवं निदेशकों को नामजद किया है। एजेंसी ने प्राथमिकी में कंपनी और मनोज जायसवाल, अभिषेक जायसवाल, अभिजीत जायसवाल, राजीव कुमार, बिशाल जायसवाल, मुन्ना कुमार जायसवाल, पी.एन. कृष्णन, राजीव गोयल, अरुण कुमार श्रीवास्तव, एस एन गायकवाड़, प्रेम प्रकाश शर्मा और अरुण गुप्ता समेत उसके प्रवर्तकों तथा निदेशकों को आरोपियों के रूप में नामजद किया है। यूनियन बैंक ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि आरोपी व्यक्तियों ने अपने लिए गलत लाभ कमाने के वास्ते आपराधिक इरादे से बैंक के साथ धोखाधड़ी की।

### नए साल लाइसेंस नहीं तो म्युज़िक नहीं

**मुंबई।** व्यक्गित संस्थानों के खिलाफ़ आदेशों की सीरीज़ जारी करते हुए बॉम्बे उच्च न्यायालय ने बिना लाइसेंस के फोनाग्राफिक परफोर्मेन्स लिमिटेड के कॉपीराईट, सुरक्षित म्युज़िक बजाने पर रोक लगा दी थी, जिसके तहत लोकप्रिय कमर्शियल संस्थान जैसे होटल,रिज़ॉर्ट्स, लाउंज, पब, क्लब, बार आदि जैसे ज़ेको मीडिया एलएलपी, डिस्कवर रिज़ॉर्ट्स डिजि 1 इलेक्ट्रॉनिक्स द बार स्टॉक एक्सचेंज वर्ल्ड एंटरटेनमेन्ट, अदयर गेट होटल्स,बाईक हॉस्पिटेलिटी, सिद्धिविनायक हॉस्पिटेलिटीए एफ्एमएल हॉस्पिटेलिटी, साई सिल्क कलामंदिर, अम्बुजा नेओटिया होल्डिंग्सए जीआरटी होटल्स एण्ड रिज़ॉर्ट्स और देश भर में इनके आउटलेट्स बिना लाइसेंस के इस संगीत को नहीं बजा सकते। पीपीएल इंडिया के एमडी एवं सीईओ जीबी आयिर ने कहा कि म्युज़िक कॉपीराईट एक महंगी दुनिया है जहां म्युज़िक कंपनियां संगीत बनाने और इसके अधिग्रहण के लिए बिलियन और ट्रिलियन में निवेश करती हैं।

### आईआईटी में प्रवेश के लिए जेईई-एडवांस्ड चार जून, 2023 को

नई दिल्ली। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में प्रवेश के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई)- एडवांस्ड चार जून 2023 को आयोजित की जाएगी। आईआईटी, गुवाहाटी ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। वर्ष 2023 के लिए इस महत्वपूर्ण प्रवेश परीक्षा के आयोजन की जिम्मेदारी आईआईटी, गुवाहाटी के पास है। परीक्षा में तीन-तीन घंटे की अवधि के दो प्रश्नपत्र शामिल हैं। आईआईटी अधिकारियों के मुताबिक, उम्मीदवारों का दोनों प्रश्नपत्र में शामिल होना अनिवार्य है। आईआईटी, गुवाहाटी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, जेईई-एडवांस्ड 2023 का आयोजन सात क्षेत्रीय समन्वयक आईआईटी द्वारा संयुक्त प्रवेश बोर्ड-2023 (जेएबी-2023) के मार्गदर्शन में किया जाएगा। जेईई (एडवांस्ड) 2023 में प्रदर्शन के आधार पर एक उम्मीदवार को शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के लिए स्नातक, एकीकृत परास्नातक और दोहरी डिग्री कार्यक्रमों (1Q2 स्तर पर प्रवेश) में प्रवेश मिलेगा। उन्होंने कहा, जेईई (एडवांस्ड) 2023 और शैक्षणिक वर्ष 2023-24 में आईआईटी में प्रवेश से संबंधित सभी मामलों में जेएबी 2023 के निर्णय अंतिम होंगे। देशभर के इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली जेईई-मुख्य भी जेईई-एडवांस्ड के लिए अर्हता परीक्षा है।



बोध गया में तिब्बत गुरू दलाई लामा महाबोधि मन्दिर में लोगों को आशीर्वाद देते हुए।

## डीआईजी स्तर के अधिकारी ललन की मौत की सीआईडी जांच की निगरानी करेंगे

**भाषा।** कोलकाता

**कलकत्ता उच्च न्यायालय** ने शुक्रवार को निर्देश दिया कि सीआईडी के एक उप महानिरीक्षक (डीआईजी) स्तर के अधिकारी सीबीआई हिरासत में बीरभूम के बोगतुई में दस लोगों के नरसंहार के मुख्य आरोपी ललन शेख की अप्राकृतिक मौत की जांच की निगरानी करेंगे। मामले में पक्षकारों को सीबीआई द्वारा याचिका में अपनी-अपनी स्थिति बताते हुए हलफनामा दायर करने का निर्देश देते हुए अदालत ने कहा कि वह हलफनामे दाखिल करने के बाद ललन की अप्राकृतिक मौत की जांच को स्थानांतरित करने के लिए केंद्रीय एजेंसी की प्रार्थना पर विचार करेगी। न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता ने निर्देश दिया कि राज्य सीआईडी का एक डीआईजी स्तर का अधिकारी एजेंसी द्वारा की जा रही जांच की निगरानी करेगा। उन्होंने याचिका में पक्षकारों - सीआईडी, सीबीआई और ललन शेख की विधवा- को पांच जनवरी तक केंद्रीय एजेंसी की याचिका पर अपनी स्थिति पर हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया। पांच जनवरी को इस मामले में अगली सुनवाई होगी।

सीबीआई ने ललन की अप्राकृतिक मौत के मामले को राज्य सीआईडी से राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के महानिदेशक या खुद सीबीआई को स्थानांतरित करने की मांग करते हुए अदालत के समक्ष आवेदन किया था। ललन का शव 12 दिसंबर को रामपुरहाट में सीबीआई के कैंप कार्यालय के शौचालय में लटका मिला था। सीबीआई का यह कार्यालय बोगतुई हत्याकांड की जांच के लिए स्थापित किया गया था।

## धमकी देकर कश्मीर के शांतिपूर्ण माहौल को खराब करने की कोशिश कर रहे हैं आतंकवादी : डीजीपी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने शुक्रवार को कहा कि आतंकवादी लोगों को धमकियां देकर घाटी के सौहार्दपूर्ण माहौल को खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। इन लोगों को शर्म आनी चाहिए कि वे कश्मीर के शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल को खराब करने के उद्देश्य से धमकियां देने के लिए इतना नीचे गिर गए हैं। वह लश्कर-ए-तैयबा का एक हिस्सा माने जाने वाले उग्रवादी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के बारे में सवालों का जवाब दे रहे थे। बारामूला जिले के लिए हाल में नामित भाजपा पदाधिकारियों को टीआरएफ ने बृहस्पतिवार रात को धमकी दी थी। आतंकवादी और उनके आका घाटी में बढ़ रही शांति और विकास को पचा नहीं पा रहे हैं। मादक पदार्थ तस्करी में कथित रूप से शामिल पांच पुलिसकर्मियों की गिरफ्तारी से जुड़े सवाल के जवाब में सिंह ने कहा कि इस खतरे से सख्ती से निपटने की जरूरत है।

## तेलंगाना से बाहर पांव पसारने की तैयारी में जुटी बीआरएस

### हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र, कर्नाटक, ओडिशा आदि में जल्द चलेगा केसीआर की पार्टी का विस्तार कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/हैदराबाद

**तेलंगाना में प्रभावित** मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की पार्टी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) देशभर में पांव पसारने की तैयारी कर रही है। पार्टी की गतिविधियां दिसंबर के अंत में पूरे देश में रफ्तार पकड़ेंगी। हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र, कर्नाटक, ओडिशा समेत कई रा%यों में बीआरएस का जल्द विस्तार होगा। इन रा%यों में पार्टी के विस्तार संबंधी कार्यक्रम की घोषणा जल्द की जाएगी।

पार्टी का नाम बदलने की भारत निर्वाचन आयोग से आधिकारिक सूचना मिलने के बाद तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर ने पार्टी की राजनीतिक गतिविधियां तेज कर दी हैं। राष्ट्रीय राजनीति में अपनी भूमिका बढ़ाने के लिए राव ने दिल्ली में पार्टी का राष्ट्रीय कार्यालय इसी माह खोला है।

बीआरएस प्रमुख केसीआर की प्राथमिकता किसानों और कृषि क्षेत्र में परिवर्तन लाने की है। इसीलिए उन्होंने 'अबकी बार, किसान सरकार' का नारा दिया है। इसी नारे के साथ वह किसानों को पार्टी के साथ जोड़ने की दिशा में काम कर रहे हैं। दिसंबर के अंत में बीआरएस प्रमुख के चंद्रशेखर राव दिल्ली में बीआरएस की नीतियों और पार्टी की भविष्य की रणनीति का ऐलान करेंगे।

## चार्ल्स शोभराजः ऐसा अपराधी जिसके पीछे थी कई मुल्कों की पुलिस

**नई दिल्ली।** अपराधों को अंजाम देने के अपने तरीके से बड़े-बड़े अपराधियों को चकित कर देने वाले और जेल प्राधिकारियों को चकमा देकर कई बार फरार हुए कुख्यात, शातिर और निर्मम चार्ल्स शोभराज को वर्षों बाद नेपाल की जेल से शुक्रवार को रिहा कर दिया गया इस शातिर एवं अपराधी के जीवन का एक नया अध्याय शुरू हो गया। भारतीय-वियतनामी मूल का फ्रांसीसी नागिरक शोभराज (78) इस समय बीमारी से जूझ रहा है, एक दौर ऐसा था, जब कई देशों की कानून प्रवर्तन एजेंसियां उसे पकड़ने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही थीं। कई किताबों, फिल्मों एवं टीवी कार्यक्रमों के लिए शोभराज का जीवन दिलचस्पी का विषय रहा है और कई साल बाद वह एक बार फिर से सुर्खियों में छाया हुआ है। उसका शिकार हुई कई महिलाएं अपनी हत्या के समय बिकनी पहने मिली थीं, इसलिए उसे बिकनी किलर और कई बार जेल से भागने में सफल रहने के कारण सांप (सर्पेंट) उपनाम दिया गया।

ऐसा संदेह है कि उसने 1970 और 1980 के दशक में एशिया में पश्चिमी देशों के करीब 20 यात्रियों की हत्या की। शोभराज 1975 में नेपाल में अमेरिकी महिला कॉनी जो ब्रोंजिक की हत्या के सिलसिले में 2003 से काठमांडू की जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा था। उसे 2014 में कनाडाई पर्यटक लॉरेंट कैरियर की हत्या का दोषी ठहराया गया और दूसरी उम्रकैद की सजा सुनाई गई। नेपाल में उम्रकैद की सजा का मतलब 20 साल का कारावास होता है। रिचर्ड नेविले की पुस्तक द लाइफ एंड क्राइम्स ऑफ चार्ल्स शोभराज के अनुसार एक समय एशिया के सबसे बड़े अपराधी समझे जाने वाले शोभराज ने एक बार कहा था, मैं अपनी मर्जी से जेल से भाग सकता हूं। मैं अपनी मर्जी से लूट सकता हूं। मैं जैसे चाहता हूं, वैसे जी सकता हूं।

शोभराज का जन्म साइगोन (मौजूदा समय में वियतनाम के हो ची मिन्ह सिटी) में हुआ था। जब वह बच्चा था, तभी उसके पिता ने अपने परिवार को छोड़ दिया था और मां के प्रेमी एवं एक फ्रांसीसी लेफ्टिनेंट ने उसे गोद ले लिया था। अपने सौतेले भाई-बहनों के कारण माता-पिता की बेरुखी झेलने वाला शोभराज बचपन से ही छोटे-मोटे अपराधों को अंजाम देने लगा था। ऐसा बताया जाता है कि शोभराज अपने आकर्षक व्यक्तित्व से विशेष तौर पर महिलाओं को लुभाने में माहिर था। वह शुरुआत में 1960 के दशक में चोरी और लूट जैसे अपराधों के लिए पेरिस में जेल में बंद रहा। इसी दौरान उसने एक युवा एवं धनी पारसी लड़की सी. कोम्पैगनोन से पहला विवाह करने का फैसला किया। कई साल बाद उसने 2008 में नेपाल की जेल में अपने से 44 साल छोटी महिला एवं अपने नेपाली वकील की बेटी निहिता बिस्वास से शादी की। एक समय शोभराज के पीछे यूनान, फ्रांस, भारत, थाईलैंड, नेपाल और मलेशिया समेत कई देशों की कानून प्रवर्तन एजेंसियां थीं।

1970 के दशक में कई पश्चिमी पर्यटकों की हत्या करने के कारण इंटरपोल की वांछित अपराधियों की सूची में रहा। वह हथियारों की तस्करी में शामिल रहा। उसे 1976 में अपने एक साथी के साथ मिलकर नई दिल्ली के एक होटल में इंजीनियरिंग के 30 से अधिक छात्रों को जहर देने की कोशिश करते समय गिरफ्तार किया गया था। बाद में पता चला कि उसने एक फ्रांसीसी पर्यटक की भी हत्या की है। उसे विभिन्न अपराधों के लिए तिहाड़ जेल में 12 साल कैद की सजा सुनाई गई, लेकिन 1986 में वह कड़ी सुरक्षा वाली जेड़ तोड़कर भाग गया और सुर्खियों में आया। उसे जल्द ही गोवा के ओ कोकेरियो रेस्तरां से गिरफ्तार किया गया और फिर वह 1997 तक जेल में रहा। शोभराज थाईलैंड को प्रत्यर्पित किए जाने से बचने के लिए तिहाड़ जेल से भाग निकला था, जहां उसे पटाया में एक समुद्र तट पर छह महिलाओं को नशीला पदार्थ देने और उनकी हत्या के मामले में मौत की सजा दी गई थी। तिहाड़ जेल में रहते हुए थाईलैंड में उसके गिरफ्तारी वारंट की अवधि समाप्त हो गई थी। पिछले कई साल से नेपाल की जेल में बंद शोभराज को रिहा करके शुक्रवार को फ्रांस भेज दिया गया।

# पंत शतक से चूके, बढ़त से चूकी भारतीय टीम

● बांग्लादेश के पहली पारी के 227 रन के जवाब में भारत पहली पारी में 314 रन पर सिमटी

भाषा। मीरपुर

**भारतीय टीम को** शुरुआती संकट से निकालने वाले ऋषभ पंत शतक से सात रन से चूके और टीम पहली पारी में विशाल बढ़त लेने से चूक गई। बांग्लादेश ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को आखिरी सत्र में वापसी करते हुए भारत को पहली पारी में सिर्फ 87 रन की बढ़त लेने दी। बांग्लादेश के पहली पारी के 227 रन के जवाब में भारतीय टीम पहली पारी में 314 रन पर आउट हो गई। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर मेजबान ने बिना किसी नुकसान के सात रन बना लिए थे। नजमुल हुसैन शांतो पांच और जाकिर हुसैन दो रन बनाकर खेल रहे थे। इससे पहले पंत और श्रेयस अय्यर के आउट होने के बाद भारतीय टीम विशाल बढ़त नहीं ले सकी। भारत ने चाय के बाद 90 रन जोड़कर छह विकेट गंवाए और इनमें से चार शाकिब अल हसन ने लिए। बाएं हाथ के स्पिनर तैजुल इस्लाम ने 74 रन देकर चार विकेट चटकाए। पंत ने 104 गेंद में 93 रन बनाए जबकि श्रेयस अय्यर ने 105 गेंद में 87 रन की पारी खेली। दोनों ने पांचवें विकेट की साझेदारी में 159 रन बनाए। इसके बाद बांग्लादेश के कप्तान शाकिब ने 79 रन देकर चार विकेट लिए और भारत को बड़ी बढ़त नहीं लेने दी। अपने कल के स्कोर बिना किसी नुकसान के 19 रन से आगे खेलते हुए भारत ने आज 78 . 3 ओवर में 295 रन जोड़े। पंत ने अपनी पारी में पांच छक्के जड़े जिनमें से दो तैजुल इस्लाम को, दो मेहदी हसन मिराज को और एक शाकिब अल हसन को लगाया। उन्होंने पारी में सात चौके भी लगाए। वह आखिरी सत्र में आउट होने वाले पहले बल्लेबाज रहे और मिराज की गेंद पर विकेट के पीछे नुरुल हसन को कैच दे बैठे। शाकिब ने अक्षर पटेल (चार) को पहला शिकार बनाया और अय्यर के रूप में दूसरा विकेट लिया। अय्यर 73वें ओवर में पगबाधा आउट हुए और उन्होंने अपनी पारी में दस चौके तथा दो छक्के लगाए। शाकिब ने रविचंद्रन अश्विन (12) और मोहम्मद सिराज (सात) को पवेलियन भेजकर चार विकेट पूरे किए। इससे पहले भारत ने दूसरे सत्र में चौथा विकेट 94 रन पर गंवा दिया था जब कोहली को तसकीन अहमद ने पवेलियन भेजा। इसके बाद पंत ने पारी के सूत्रधार की भूमिका निभाई। अय्यर ने उनका बखूबी साथ निभाते हुए श्रृंखला में दूसरा अर्धशतक पूरा किया। पहले सत्र में कप्तान के एल राहुल का खराब फॉर्म बदस्तूर जारी रहा और बांग्लादेश केइस्लाम ने भारत के शुरूआती तीन विकेट 86 रन पर निकाल दिए। राहुल (10) और शुभमन गिल (20) को इस्लाम ने पगबाधा आउट किया। इस्लाम ने पहले सत्र में 13 ओवर में 24 रन देकर तीन विकेट लिए। चेतेश्वर पुजारा 24 रन बनाकर फॉरवर्ड शॉर्ट लेग पर मोमिनुल हक को कैच दे बैठे। पहले दिन पिच को भांपने में गलती करने वाले राहुल को बेहद रक्षात्मक खेलने का खामियाजा भुगतना पड़ा। क्रीज पर 45 गेंदें खेलने के दौरान वह एक बार भी सहज नहीं लगे। दूसरी ओर गिल अधिक सहज नजर आए हालांकि तैजुल ने अच्छी लैंग्थ की गेंद उन्हें डालना जारी रखा। राहुल रक्षात्मक खेलने के प्रयास में ही पगबाधा आउट हुए। डीआरएस का फैसला भी बांग्लादेश के पक्ष में रहा। गिल स्वीप शॉट खेलने के प्रयास में अपना विकेट गंवा बैठे। पुजारा आत्मविश्वास से भरे दिखे लेकिन टर्न लेती गेंद पर विकेट बचाकर खेलना मुश्किल था।



### स्कोरबोर्ड

**भारत पहली पारी :** राहुल पगबाधा बो इस्लाम 10, गिल पगबाधा बो इस्लाम 20, पुजारा का हक बो इस्लाम 24,कोहली का हसन बो अहमद 24,पंत का हसन बो मेहदी 93,अय्यर पगबाधा बो शाकिब 87,पटेल का नजमुल बो शाकिब 4, अश्विन पगबाधा बो शाकिब 12,उनादकट नाबाद 14, उमेश का दास बो इस्लाम 14, सिराज स्ट हसन बो शाकिब 7, अतिरिक्त : पांच रन, कुल योग : 86 . 3 ओवर में 314 रन, विकेट पतन : 1-27, 2 -38, 3- 72, 4- 94, 5-253, 6-264, 7-271, 8-286, 9-305, गेंदबाजी : अहमद 15- 2- 58- l, शाकिब 19.3- 3- 79 -4, खालिद 10- l- 41-0, मेहदी 17-2-61- l

**बांग्लादेश दूसरी पारी :** हुसैन शांतो नाबाद 5, हसन नाबाद 2, अतिरिक्त : 0, कुल योग : छह ओवर में बिना किसी नुकसान के सात रन, गेंदबाजी : उमेश 2-1- 4-0, अश्विन 3-1- 3- 0 उनादकट 1-1-0-0

# मैंने शॉट पर कमजोरी को लेकर होने वाली बातचीत पर ध्यान देना बंद कर दिया था : अय्यर

भाषा। मीरपुर



श्रेयस अय्यर को शॉर्ट पिच गेंद के खिलाफ उनकी कमजोरी के बारे में लगातार बात ने काफी प्रभावित किया था लेकिन इस भारतीय बल्लेबाज ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने बाहर की टिप्पणियों को अनसुना करते हुए अपने खेल में सुधार करने पर ध्यान दिया, जिससे काफी फायदा मिला। अय्यर ने दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन 105 गेंद में 87 रन की पारी खेल कर भारतीय टीम को मुश्किल स्थिति से बाहर निकाला। बांग्लादेश के गेंदबाजों ने इस दौरान अय्यर के खिलाफ शॉर्ट गेंदों का इस्तेमाल किया लेकिन उन्होंने इसका डटकर सामना किया। अय्यर ने दिन के खेल के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, जब मैं बल्लेबाजी के लिए क्रीज पर आया था तब बांग्लादेश के गेंदबाजों ने शॉर्ट गेंदों से मुझ निशाना बनाना शुरू कर दिया था। अय्यर से जब पूछा गया कि टीम के बाहर भी शॉर्ट पिच गेंद पर उनकी कमजोरी की चर्चा लगातार होती है तो उन्होंने कहा, वह (शॉर्ट बॉल मुद्दा) कुछ ऐसा है जिसके बारे में कमेंटेटर बात करते हैं। मैदान के बाहर लोग कहते रहते हैं कि मेरी बल्लेबाजी में वह समस्या है। यह बात मेरे दिमाग में बैठ गई थी। अगर मैं गेंद को छोड़ दू तो इसपर कोई समस्या नहीं थी लेकिन रन नहीं बन रहे थे। बाहर की ऐसी बातें बल्लेबाज के दिमाग में होती है। एक खिलाड़ी के रूप में उन्हें अनसुना करना महत्वपूर्ण होता है।

## एक हजार दफा सोचा था अपने पहले टेस्ट विकेट के बारे में : उनादकट



**मीरपुर।** बारह साल के इंतजार के बाद टेस्ट क्रिकेट में पहला विकेट लेने वाले जयदेव उनादकट ने 1000 से ज्यादा बार इसके बारे में सोचा था और आखिरकार जाकिर हसन के रूप में पहला विकेट लेकर वह काफी राहत और खुशी महसूस कर रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 16 दिसंबर 2010 में सेंचुरियन टेस्ट में पदार्पण करने वाले उनादकट को बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। बारह साल पहले अपने पहले टेस्ट में उनादकट ने 26 ओवर में 100 से अधिक रन दे डाले और एक भी विकेट नहीं ले सके थे। उन्होंने बीसीसीआई टीवी से कहा , मैने एक हजार से ज्यादा बार अपने पहले टेस्ट विकेट की कल्पना की थी। मुझे टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलने की कमी खल रही थी। विकेट लेने के बाद मुझे कुछ सूझ नहीं रहा था। पहले टेस्ट से अब तक इतनी बार पहले विकेट के बारे में सोचा था। टेस्ट क्रिकेट में वापसी के अलावा मुझे रणजी ट्रॉफी सत्र में फिर से खेलने का मौका मिला। मैने काफी मेहनत की थी और इसलिए आत्मविश्वास था।

### हरियाणा ने विरोध दर्ज कराया

**नई दिल्ली।** उप विजेता हरियाणा ने भुवनेश्वर में योनेक्स सनराइज 45वी जूनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन चैम्पियनशिप मे मिश्रित टीम फाइनल्स में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीडब्ल्यूएफ आईडी रखने वाले दो खिलाड़ियो को उतारने के लिए विजेता टीम तमिलनाडु के खिलाफ विरोध दर्ज कराया है।

### इंग्लैंड ने स्टुअर्ट ब्राड को शामिल किया

**लंदन।** अनुभवी गेंदबाज स्टुअर्ट ब्राड को न्यूजीलैड मे होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए इंग्लैंड टीम में शामिल किया गया है जबकि उभरते हुए स्टार रेहान अहमद दौरे के लिए जगह नही बना सके। बेटे के जन्म के लिए 36 वर्षीय ब्राड पाकिस्तान में हाल में हुई श्रृंखला का हिस्सा नही बन सके थे जिसमें टीम ने 3-0 से क्लीन स्वीप किया था। न्यूजीलैड के खिलाफ पहला टेस्ट माउंट मानगानुई मे 16 फरवरी से शुरू होगा। लेग स्पिनर अहमद (18 वर्ष) पिछले हफ्ते कराची में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट मैच में देश के सबसे युवा खिलाड़ी बने थे और इसमे उन्होंने पांच विकेट झटके थे।

### आस्ट्रेलिया की कप्तानी करने के लिए तरोताजा होकर लौंटी लैनिंग

**मेलबर्न।** विश्व कप विजेता कप्तान मेग लैनिंग ब्रेक के बाद अगले महीने पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली वनडे श्रृंखला में आस्ट्रेलियाई महिला टीम की अगुआई करेगी। अगस्त मे राष्ट्रमंडल खेलो मे आस्ट्रेलिया को स्वर्ण पदक दिलाने के बाद इस 30 साल की खिलाड़ी ने खुद पर ध्यान देने के लिए खेल से ब्रेक लिया था। लेकिन अब वह तरोताजा होकर खेलने के लिए तैयार है। वह ब्रेक के कारण महिलाओं की बिग बैश लीग और हाल मे भारत मे समाप्त हुए दौरे मे भी नही खेल पाई थी।

### बेंगलुरु एफसी को हराकर हैदराबाद एफसी फिर से शीर्ष स्थान पर

**बेंगलुरु।** मौजूदा चैम्पियन हैदराबाद एफसी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल टूर्नामेंट मे शुक्रवार को मेजबान बेंगलुरु एफसी को 3-0 से हराकर तालिका में शीर्ष पर वापसी की। मौजूदा सत्र में हैदराबाद की बेंगलुरु पर यह दूसरी जीत है। हैदराबाद के लिए नाइजीरिया के स्ट्राइकर बार्थोलोम्यू ओग्बेचे (26वें), बेंगलुरु के सेंटर-बैक संदेश झिंगन (44वें मिनट में आत्मघाती गोल) और स्थानापन्न ऑस्ट्रेलियाई स्ट्राइकर जोएल चेनिजी (90वें मिनट में) ने गोल दागे।


### नीलामी के बारे में सोचते हुए सो भी नहीं सका: करेन

**कोच्चि।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के नीलामी के इतिहास मे शुक्रवार को यहां सबसे महंगे बिकने वाले खिलाड़ी बने सैम करेन ने कहा कि वह इस मिनी नीलामी से पहले रात को सो भी नही सके। उन्हें पंजाब किंग्स ने 18.5 करोड़ रुपए की राशि में खरीदा। टी20 विश्व कप प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे करेन को लेने के लिए मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर, राजस्थान रॉयल्स, चेन्नई सुपर किंग्स, लखनऊ सुपर जायंट्स और पंजाब किंग्स ने बोलियां लगाई।

# विदर्भ ने त्रिपुरा को 220 रन से हराया, लगातार दूसरी जीत

भाषा। नागपुर

**स्पिनर अक्षय** वखारे और आदित्य सरवटे ने मिलकर सात विकेट चटकाए, जिससे विदर्भ ने शुक्रवार को रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मैच के चौथे दिन त्रिपुरा को 220 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। विदर्भ ने दिन की शुरुआत दूसरी पारी में छह विकेट पर 348 रन से करने के बाद आठ विकेट पर 379 रन पर पारी घोषित कर दी। इसके बाद त्रिपुरा को जीत के लिए 345 रन का काफी मुश्किल लक्ष्य मिला। विदर्भ के लिए दूसरी पारी में गणेश सतीश (151) ने सबसे ज्यादा रन बनाए जबकि विकेटकीपर अक्षय वाडकर ने 88 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए त्रिपुरा के बल्लेबाजों के पास ऑफ स्पिनर वाखरे (50 रन पर चार विकेट) और बाएं वामहस्त सरवटे (45 रन पर तीन विकेट) की फिरकी का कोई जवाब नहीं था। पूरी टीम 51.2 ओवर में 124 रन पर आउट हो गई। मध्यम तेज गेंदबाज रजनीश गुरबानी ने भी 14 रन देकर दो विकेट चटकाए। ग्रुप डी के अन्य मैचों में पंजाब और रेलवे का मुकाबला ड्रॉ रहा। पहली पारी में बढ़त के आधार पर पंजाब ने छह अंक हासिल किए।


अक्षय वखारे

## मंडल का हरफनमौला प्रदर्शन, छत्तीसगढ़ ग्रुप तालिका में शीर्ष पर

**नई दिल्ली।** अजय मंडल के शानदार हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत छत्तीसगढ़ ने शुक्रवार को यहां रणजी ट्राफी ग्रुप सी मैच मे सेना को 10 विकेट से रौंदकर तालिका मे शीर्ष पर तीन अंक की बढ़त बना ली। सुबह दूसरी पारी में चार विकेट पर 145 रन से आगे खेलते हुए रेलवे ने राहुल सिंह (71 रन) और कप्तान रजत पालीवाल (58 रन) की मदद से कुछ देर तक हार को टाले रखा। लेकिन बाएं हाथ के स्पिनर मंडल ने इन दोनो को आउट कर 14 ओवर मे दो मेडन से 38 रन देकर पांच विकेट झटके। मंडल ने मैच मे कुल आठ विकेट झटके। इस 26 साल के खिलाड़ी ने छत्तीसगढ़ की पहली पारी के 389 रन के स्कोर मे 114 रन से शतक जड़कर अहम योगदान किया था। वही पकंज राव ने 48 रन देकर तीन विकेट झटके जिससे छत्तीसगढ़ ने सेना को 61.2 ओवर मे 221 रन पर समेट दिया। इससे उन्हें जीत के लिए 46 रन का लक्ष्य मिला जिसे उन्होंने 12.1 ओवर मे बिना विकेट गंवाए हासिल कर लिया। इस तरह इस बोनस अंक की जीत से टीम ग्रुप तालिका मे शीर्ष पर पहुंच गई और कर्नाटक से तीन अंक आगे है। कर्नाटक के 10 अंक है। जयपुर मे राजस्थान और केरल के बीच मैच ड्रा रहा। पहली पारी की बढ़त के आधार पर राजस्थान को तीन अंक जबकि केरल को एक अंक मिला। राजस्थान ने पहली पारी मे 337 और केरल ने 306 रन बनाए थे।

### शोरे ने नाबाद अर्धशतक जड़ा, दिल्ली बनाम असम मैच ड्रॉ

**गुवाहाटी।** सलामी बल्लेबाज ध्रुव शोरे की मैच में लगातार दूसरी नाबाद शतकीय पारी से दिल्ली ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी के मैच में शुक्रवार को असम से ड्रॉ खेला। पहली पारी में नाबाद 252 रन बनाने वाले सलामी बल्लेबाज शोरे दूसरे पारी में 150 रन पर नाबाद रहे। उन्होंने अनुज रावत (109) के साथ पहले विकेट के लिए 226 रन की साझेदारी की जिससे दिल्ली ने एक विकेट पर 292 रन बनाए। इससे पहले दिल्ली की 439 रन के जवाब में असम ने नौ विकेट पर 443 रन पर पारी घोषित की। असम ने दिन की शुरुआत आठ विकेट पर 435 रन की की। टीम के लिए ऋषभ दास ने सबसे ज्यादा 160 जबकि गोकुल शर्मा ने 140 रन बनाए। इन दोनों की शतकीय पारियों से असम ने पहली पारी में चार रन की बढ़त हासिल की। मैच का आखिरी दिन हालांकि पूरी तरह से शोरे और रावत के नाम रहा। दोनों पूरे दिन असम के गेंदबाजों को खूब परेशान किया।

# चोपड़ा और कल्सी की बड़ी पारियों से हिमाचल ने बंगाल के खिलाफ मैच ड्रा कराया

भाषा। कोलकाता


प्रशांत चोपड़ा

**प्रशांत चोपड़ा** (109) और अंकित कल्सी (82) के बीच दूसरे विकेट के लिए 146 रन की साझेदारी के दम पर हिमाचल ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए के मैच शुक्रवार को यहां अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 384 रन बनाकर बंगाल को जीत दर्ज करने से रोक दिया। बंगाल की पहली पारी में 310 रन के जवाब में हिमाचल की पहली पारी 130 रन पर सिमट गई थी। बंगाल ने इसके बाद दूसरी पारी पांच विकेट पर 291 रन पर घोषित की जिससे हिमाचल को जीत के लिए 472 रन का लक्ष्य मिला। हिमाचल ने दिन की शुरुआत एक विकेट पर 79 रन पर की। चोपड़ा और कल्सी की जोड़ी ने इसके बाद दिन के शुरुआती सत्र में बंगाल के गेंदबाजों को ज्यादा मौके नहीं दिए। पारी के 50वें ओवर में कल्सी के आउट होने के बाद भी चोपड़ा ने एक छोर संभाले रखा। टीम के लिए अमित कुमार (38 रन रिटायर्ड हार्ट) और आकाश वशिष्ठ (नाबाद 28) कप्तान ऋषि धवन (31) ने अच्छा योगदान दिया। देहरादून में खेले गए ग्रुप के दूसरे मैच में उत्तराखंड ने ओडिशा को पारी और 99 रन से हराया। अनुराग सारंगी की 93 रन बनाए इसके बाद भी ओडिशा की दूसरी पारी महज 165 रन पर सिमट गई। ओडिया ने पहली पारी में 213 रन बनाए थे जबकि उत्तराखंड ने 477 रन बनाए थे। वडोदरा में खेले गए ग्रुप के अन्य मैच में बड़ौदा के खिलाफ फॉलोऑन खेलने के बाद भी हरियाणा मैच ड्रॉ करने में सफल रहा। टीम ने दूसरी पारी में युवराज सिंह (94), अंकित कुमार (55), शिवम चौहान (60) और जयंत यादव (61) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर नौ विकेट पर 404 रन बनाए।

### लवलीना महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के क्वार्टरफाइनल में

भाषा। भोपाल

**तोक्यो ओलंपिक** की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन ने शुक्रवार को यहां दबदबे भरा प्रदर्शन करते हुए महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। उम्मीदों के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए असम की मुक्केबाज ने 75 किग्रा वजन वर्ग के अंतिम 16 मैच में ओडिशा की पूजा सेठी को आरएससी (रैफरी द्वारा मुकाबला रोकना) से पराजित किया। मौजूदा एशियाई चैम्पियन लवलीना को पहले दौर में कुछ मिनट के बाद ही आरएससी से विजेता घोषित कर दिया गया। वहीं 2016 विश्व चैम्पियनशिप की रजत पदक विजेता और आरएसपीबी की सोनिया लाठेर ने कर्नाटक की दिव्यानी द्वारा वाकओवर दिए जाने के बाद 57 किग्रा क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। तमिलनाडु की एस कलाईवानी (48 किग्रा वजन वर्ग), राजस्थान की अर्शी खानम (54 किग्रा) और झलक तोमर (50 किग्रा) अंतिम आठ में स्थान सुनिश्चित किया।

# विश्व कप में भारत के कप्तान होंगे हरमनप्रीत




भाषा नई दिल्ली

**डिफेंडर हरमनप्रीत** सिंह को 13 जनवरी से ओडिशा में होने वाले एफआईएच पुरूष हॉकी विश्व कप में 18 सदस्यीय भारतीय टीम का कप्तान चुना गया है। डिफेंडर अमित रोहिदास टीम के उपकप्तान होंगे। हरमनप्रीत हाल ही में आस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में भी टीम के कप्तान थे जिसमें भारत को 1-4 से पराजय का सामना करना पड़ा था। तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के कप्तान रहे मनप्रीत सिंह बतौर खिलाड़ी टीम में होंगे। कोच ग्राहम रीड अलग अलग खिलाड़ियों को कप्तानी सौंपने के पक्ष में रहे हैं ताकि सीनियर स्तर पर नेतृत्व दल तैयार हो सके। विश्व कप टीम का चयन बेंगलुरू स्थित साइ केंद्र में दो दिवसीय ट्रायल के बाद हुआ है। टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों को चुना गया है जिनकी नजरें विश्व कप में भारत का लंबा इंतजार खत्म करने पर लगी होंगी। तोक्यो ओलंपिक टीम का हिस्सा रहे गुरजंत सिंह और दिलप्रीत सिंह मुख्य टीम में नहीं हैं लेकिन स्टैंडबाय के रूप में रहेंगे। हॉकी इंडिया के एक चयनकर्ता ने कहा, टीम का चयन मौजूदा फॉर्म और प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। कोई और मानदंड नहीं था। कृशन बी पाठक और पी आर श्रीजेश गोलकीपर होंगे। श्रीजेश का यह चौथा विश्व कप है और अपनी धरती पर तीसरी बार खेल रहे हैं। डिफेंस की कमान कप्तान हरमनप्रीत के हाथ में होगी जबकि उपकप्तान रोहिदास, सुरेंदर कुमार, वरूण कुमार, जरमनप्रीत सिंह और नीलम संजीप सेस उनके साथ होंगे। मिडफील्ड में विवेक सागर प्रसाद, मनप्रीत, हार्दिक सिंह, नीलाकांता शर्मा, शमशेर सिंह और आकाशदीप सिंह होंगे। वहीं फॉरवर्ड पंक्ति में मनदीप सिंह, ललित उपाध्याय, अभिषेक और सुखजीत सिंह होंगे। दो वैकल्पिक खिलाड़ी राजकुमार पाल और जुगराज सिंह होंगे। टीम चयन के बारे में रीड ने कहा , अपने देश में विश्व कप का अतिरिक्त महत्व है और अतिरिक्त दबाव भी होता है। हर देश अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम चुनता है और उसे सर्वश्रेष्ठ तैयारी का अवसर देता है। हमने भी यही किया है। भारतीय टीम पहला मैच 13 जनवरी को राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम पर स्पेन से खेलेगी।

### सभी मुख्यमंत्रियों को हॉकी विश्व कप के लिए आमंत्रित करेगा ओडिशा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने घोषणा की है कि सभी राज्यो के मुख्यमंत्रियों को पुरूष हॉकी विश्व कप के लिए आमंत्रित किया जाएगा। पटनायक ने यहां बृहस्पतिवार को हुई सर्वदलीय बैठक मे यह घोषणा की। इस बैठक मे सत्तारूढ बीजद, विपक्षी भाजपा और कांग्रेस, माकपा, भाकपा, समाजवादी पार्टी, राजद और आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधि मौजूद थे। उन्होने कहा , हमने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को आमंत्रित करने का फैसला किया है। पटनायक ने केंद्र सरकार खासकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 13 से 29 जनवरी तक प्रदेश मे होने वाले टूर्नामेंट की मेजबानी मे सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। टूर्नामेंट की सुचारू मेजबानी ओडिशा ही नही पूरे देश की प्रतिष्ठा का सवाल है।

### दिल्ली व चंडीगढ़ को मिली जीत

**लखनऊ।** नीरज नाबाद 115 के आतिशी शतक और रुपेश 3 विकेटद्ध की गेंदबाजी की बदौलत दिल्ली इलेवन ने ऑल इंडिया मीडिया प्रीमियर लीग 2022-23 के पहले दिन खेले गए उद्घाटन मैच में कानपुर इलेवन को 128 रन के भारी अंतर से हराया। दिन के दूसरे मैच में चंडीगढ़ ने प्रयागराज को 6 विकेट से पराजित किया। खराब मौसम के कारण दोनों लीग मैच 15.15 ओवर के खेले गए। गुरु गोबिंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के क्रिकेट मैदान पर खेले गए मैच में दिल्ली इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में तीन विकेट पर 186 रन बनाये। टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और चेतन-0 और अभिजीत-2 की सलामी जोड़ी नौ रन के कुल स्कोर पर पवेलियन लौट गयी। इसके बाद नीरज ने एक छोर पर खड़े रहकर 57 गेंदों पर 13 चौके व 6 छक्के से नाबाद 115 रन बनाये। उनके साथ वंशम तोमर ने 31 रन बनाये। कानपुर इलेवन से प्रशांत, आलोक अवस्थी व मनीष पाल को एक-एक विकेट की सफलता मिली। जवाब में कानपुर इलेवन 12.1 ओवर में 58 रन पर सिमट गया। सलामी बल्लेबाज वैभव ने सर्वाधिक 16 रन बनाये अन्य बल्लेबाज दहाई के आंकड़े में रन नहीं बना सके। दिल्ली इलेवन से रुपेश को तीन विकेट की सफलता मिली उन्होंने अपने स्पैल में 3 ओवर में एक मैडन के साथ 28 रन दिए थे।

# खेल मंत्री ने लांच किया खेलो इंडिया डैशबोर्ड



भाषा। नई दिल्ली

**खेल मंत्री अनुराग** ठाकुर ने शुक्रवार को खेलो इंडिया डैशबोर्ड लांच किया जहां लोगों को इस कार्यक्रम के अंतर्गत आने वाली विभिन्न योजनाओं के संबंध में सारी जानकारी एक ही मंच पर मिल जाएगी। इस डिजिटल मंच पर खेलो इंडिया कार्यक्रम से संबंधित खिलाड़ियों, कोचों, स्थलों और योजनाओं के आंकड़ों का डाटा होगा। भारतीय खेल प्राधिकरण के शुक्रवार को एक बयान के अनुसार, डैशबोर्ड रियल टाइम में अपडेट किया जाएगा जिसका उद्देश्य देश के प्रत्एक नागरिक को खेलो इंडिया की विभिन्न योजनाओं की सभी जानकारी प्रदान करना है। यह मंच प्रत्एक व्यक्ति को सारी सूचना प्रदान करेगा, भले ही वे खिलाड़ी हों या सामान्य व्यक्ति। अगले साल भारतीय क्रिकेट टीम के एशिया कप के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करने के बीसीसीआई के फैसले पर ठाकुर ने कहा, मैं इस पर फैसला करने के लिए सही व्यक्ति नहीं हूं। चीन में कोविड-19 मामले बढ़ने से थोड़ी चिंता बढ़ गई है कि हांगजोऊमें एशियाई खेल होंगे या नहीं। ठाकुर ने कहा कि वह बदलते हुए हालात से वाकिफ हैं लेकिन भारतीय टीम की तैयारियों पर इससे कोई रूकावट नहीं आएगी। उन्होंने कहा, मैं (चीन के) हालात से वाकिफ हूं लेकिन हमारे खिलाड़ियों की तैयारियां जारी रहेंगी।

### सरिता ने 59 किग्रा में स्वर्ण जीता, आरएसपीबी राष्ट्रीय कुश्ती का चैम्पियन

भाषा। विशाखापट्टनम

**विश्व चैंपियनशिप** की कांस्य पदक विजेता सरिता मोर (59 किग्रा) और संगीता फोगाट (62 किग्रा) ने शुक्रवार को यहां मजबूत पहलवानों की गैरमौजूदगी में सीनियर कुश्ती चैंपियनशिप में अपना-अपना खिताब बरकरार रखा। आरएसपीबी (रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड) की पहलवान सरिता ने 59 किग्रा फाइनल में दिल्ली की सिमरन को हराया जबकि तोक्यो ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पुनिया की पत्नी संगीता ने दिल्ली की पहलवान सुमित्रा को स्वर्ण पदक के मुकाबले में शिकस्त दी। टूर्नामेंट के आखिरी दिन दिल्ली की सुषमा ने 53 किग्रा वर्ग के फाइनल में मध्य प्रदेश की पूजा जाट को हराकर स्वर्ण जीता। 57 किग्रा वर्ग में अंशु मलिक की अनुपस्थिति में आरएसपीबी की मानसी ने हरियाणा की सीतो को हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। सेना खेल संवर्धन बोर्ड की भटेरी ने आरएसपीबी की मोनिया को हराकर 65 किग्रा में स्वर्ण जीता। हरियाणा की रितिका ने आरएसपीबी की निक्की को हराकर 72 किग्रा का स्वर्ण जीता। आरएसपीबी ने 192 अंकों के साथ समग्र टीम चैम्पियनशिप ने हरियाणा (153 अंक) और महाराष्ट्र (125 अंक) को पछाड़ कर ओवरऑल चैम्पियनशिप अपने नाम की।